राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 15
लखनऊ, बुधवार 23 सितंबर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



वर्धन दीक्षित ने सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स में किया गौरवान्वित 10

योग्यता और मेरिट के आधार पर चयन: ब्रजेश पाठक 03

## सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,53,330/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,40,550/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,000/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,50,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### 28 सितंबर से तीन दिन बैंक हड़ताल

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने 28 से 30 सितंबर तक राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का एलान किया है। मंगलवार को उप मुख्य श्रम आयुक्त के समक्ष हुई सुलह बैठक बेनतीजा रही। 26 सितंबर को चौथा शनिवार और 27 को रविवार होने के कारण बैंकिंग सेवाएं लगातार पांच दिन प्रभावित हो सकती हैं। यूएफबीयू की प्रमुख मांग पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था, पेंशन में सुधार और एनपीएस कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना में विकल्प देने की है।

### जमुई कांड पर सम्राट चौधरी सख्त

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जमुई की घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती। उन्होंने कहा कि सरकार जाति और धर्म से ऊपर उठकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए काम कर रही है। कानून को चुनौती देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और किसी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

### दिल्ली में घर-घर पहुंच रहे बीएलओ

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत नोटिस पाने वाले मतदाताओं को राहत मिली है। नई दिल्ली जिले के कई इलाकों में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर जरूरी दस्तावेज जुटा रहे हैं। बीएलओ मतदाताओं को आवश्यक कागजात की जानकारी देने के साथ कई मामलों में दस्तावेज स्वयं लेकर संबंधित चुनाव कार्यालय में जमा करा रहे हैं। नोटिस मिलने का मतलब नाम मतदाता सूची से हटना नहीं है।

### पेनकिलर व एंटीबायोटिक को लेकर चेतावनी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने दर्द निवारक दवाओं और एंटीबायोटिक के जिम्मेदार इस्तेमाल की सलाह दी है। सरकार ने बिना चिकित्सकीय सलाह इन दवाओं को बार-बार या लंबे समय तक लेने से बचने को कहा है। दवाओं की बिक्री और वितरण ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट और संबंधित नियमों के तहत नियंत्रित हैं।

### रिश्वत लेते ग्रामीण बैंक मैनेजर गिरफ्तार

**सुल्तानपुर।** जिले में ऋण देने के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में ग्रामीण बैंक बेलवारे के मैनेजर को सीबीआई ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। शिकायत मिलने के बाद लखनऊ से पहुंची सीबीआई टीम ने कार्रवाई की।

20वां एशियन गेम्स, नागोया

# स्वर्णिम मंगलवार: बेटियों ने श्रीलंका को 147 रन से रौंदा

## भारत के बैडमिंटन और वुशू में पदक पक्के, हॉकी-कबड्डी में बड़ी जीत से बढ़ा दबदबा

**एजेंसी, नागोया।**

एशियन गेम्स में मंगलवार भारत के लिए स्वर्णिम उपलब्धियों से भरा रहा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका को 147 रन से हराकर देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। भारत ने लगातार दूसरी बार महिला क्रिकेट का एशियन गेम्स स्वर्ण अपने नाम किया। दिन की अन्य बड़ी उपलब्धियों में पुरुष बैडमिंटन टीम का जापान को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचना और वुशू में रोशिबिना देवी का पदक पक्का करना शामिल रहा। भारत के खाते में दिन के अंत तक एक स्वर्ण समेत सात पदक हो गए।

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने पहले विकेट के लिए 99 रन जोड़कर भारत को मजबूत शुरुआत दी। मंधाना ने 45 गेंदों पर 79 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और सात छक्के शामिल रहे। शेफाली ने 29 गेंदों पर 48 रन बनाए। अंतिम ओवरों में ऋचा घोष ने 22 गेंदों पर 49 रन की तूफानी पारी खेली। भारत ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 216 रन बनाए। 217 रन के लक्ष्य के सामने श्रीलंकाई टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 15.4 ओवर में 69 रन पर ढेर हो गई। दीप्ति शर्मा ने चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि शेफाली ने दो विकेट झटके। भारत ने 147 रन की जीत के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। यह भारतीय महिला टीम की टी20 में सबसे बड़ी जीत भी बनी।



**हॉकी में श्रीलंका की धुनाई:** पुरुष हॉकी टीम ने पूल-ए के मुकाबले में श्रीलंका को 16-1 से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। जुगराज सिंह ने चार गोल किए, जबकि अभिषेक और दिलप्रीत सिंह ने हैट्रिक लगाई। हरमनप्रीत सिंह ने भी दो गोल किए। भारत ने इससे पहले इंडोनेशिया को 13-1 से हराया था। दो मुकाबलों में भारतीय टीम का गोल अंतर +27 हो गया है।

**कबड्डी में दक्षिण कोरिया को हराया:** गत चैंपियन भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने ग्रुप-ए में दक्षिण कोरिया को 63-31 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इससे पहले भारत ने अपने शुरुआती मुकाबले में भी जीत हासिल की थी। टीम ने मजबूत प्रदर्शन के साथ अगले चरण की ओर कदम बढ़ाया।

**मुक्केबाजी में साक्षी-जादुमणि की जीत:** मुक्केबाजी में साक्षी चौधरी ने फिलीपींस की आइरा विलागास को 5-0 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। जादुमणि सिंह ने नेपाल के चंद्र बहादुर थापा को 5-0 से शिकस्त दी। जिम्नास्टिक में प्रणति नायक ने वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया। महिला टेबल टेनिस टीम ने थाईलैंड को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### बैडमिंटन में पदक पक्का

पुरुष बैडमिंटन टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान जापान को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया। लक्ष्य सेन ने निर्णायक गेम में शानदार वापसी करते हुए अपना मुकाबला जीता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी तथा आयुष शेट्टी ने भी जीत दर्ज की। हालांकि महिला बैडमिंटन टीम को जापान के हाथों 1-3 से हार का सामना करना पड़ा और उसका अभियान समाप्त हो गया।

### रोशिबिना का तीसरा पदक तय

वुशू में रोशिबिना देवी ने महिलाओं के 60 किग्रा सांडा वर्ग में मकाऊ की चू मैन सिन को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके साथ उनका एशियन गेम्स में लगातार तीसरा पदक पक्का हो गया। वह 2018 जकार्ता में कांस्य और 2023 हांगझोउ में रजत पदक जीत चुकी हैं।

## प्रदेश में 18 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में मंगलवार को बड़ा फेरबदल किया गया। शासन ने 18 आईपीएस अधिकारियों का तबादला करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। डॉ. सतीश कुमार को 01 वाहिनी एसएसएफ, लखनऊ का सेनानायक बनाया गया है। संजीव सुमन को यूपीएसआईएसएफएस, लखनऊ में पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। समीर सौरभ को 27वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर का सेनानायक बनाया गया है। आशुतोष द्विवेदी को क्षेत्रीय अभिसूचना, अयोध्या में पुलिस अधीक्षक बनाया गया है, जबकि आनंद कुमार द्वितीय को सीआईडी, लखनऊ में पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी मिली है। संजय राय को ईओडब्ल्यू, लखनऊ में पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। शशि शेखर सिंह को 11वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर का सेनानायक और वंशराज सिंह यादव को 03 वाहिनी एसएसएफ, प्रयागराज का सेनानायक बनाया गया है।

# नौकरी दे रहे हैं, देते जाएंगे: योगी

## छह महीने में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा दोहराया

**मिशन रोजगार**

- 3567 प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटे
- बोले- भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता से समझौता नहीं
- चयनितों से पैसा मांगने वालों को चेतावनी, जेल भेजेंगे

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को युवाओं के लिए अगले छह महीने में एक लाख सरकारी नौकरियां देने के अपने वादे को फिर दोहराया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के 3567 नवचयनित शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार लगातार नियुक्तियां कर रही है और आगे भी करती जाएगी। घोषणा के बाद अब तक 5297 अभ्यर्थी सरकारी सेवा से जुड़ चुके हैं। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि नौकरी दे रहे हैं और देते जाएंगे। आप गिनते जाइए।



मंगलवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नवनियुक्त एक शिक्षिका को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अगर गिनती नहीं आती हो तो शिवपाल जी के सानिध्य में बैठ जाइए, बहुत अच्छी गिनती सीख जाएंगे। सरकारी सूचना के अनुसार पिछले दिनों मिशन रोजगार के तहत 19 सितंबर को 818 और 20 सितंबर को पुलिस विभाग के 912 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए थे।

मंगलवार को शिक्षा विभाग के 3567 चयनितों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इन तीन कार्यक्रमों में कुल 5297 अभ्यर्थी सरकारी सेवा से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा सेवा चयन आयोग में उनके नेतृत्व में भर्ती प्रक्रिया पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रशांत कुमार को आयोग का अध्यक्ष इसलिए बनाया गया, ताकि नकल माफिया पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके और प्रतिभावान युवाओं के साथ किसी तरह का अन्याय न हो।

योगी ने चयनित शिक्षकों को चेतावनी दी कि नियुक्ति के दौरान किसी भी तरह की परेशानी या लेनदेन की शिकायत सामने नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रबंधक की कोई समस्या है, तो वह सीधे शासन से संपर्क करे। किसी चयनित से पैसे मांगे गए तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

प्रयागराज में 31 अगस्त से प्रदर्शन कर रहे टीजीटी-पीजीटी अभ्यर्थियों के मामले का भी मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मंत्री को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद को पत्र लिखने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार चाहती है कि प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए कोई ऐसी व्यवस्था बने, जिससे उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अथवा निर्धारित अवधि के बाद परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिल सके।

# समझौता करो, वरना कर देंगे तबाह: ट्रंप

- संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोले अमेरिकी राष्ट्रपति
- ईरान को दोबारा लोगों को नुकसान पहुंचाने का मौका नहीं देंगे
- सदस्य देशों से आर्थिक दबाव बढ़ाने की अपील

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र में ईरान को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अमेरिका के सामने दो रास्ते हैं–ईरान के साथ समझौता करना या उसे खत्म करना। ट्रंप ने कहा कि उनका उद्देश्य ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है और वह तेहरान को दोबारा लोगों तथा देशों को नुकसान पहुंचाने का मौका नहीं देंगे। उनके भाषण में ईरान के साथ जारी संघर्ष, अमेरिकी शक्ति और संयुक्त राष्ट्र समेत अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका पर जोर रहा। ट्रंप ने कहा कि दूसरे नेता शांति की बातें करते रहे, जबकि उन्होंने कार्रवाई की। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने शांति कायम करने के लिए कदम उठाए और ईरान के खिलाफ अभियान का उद्देश्य उसे परमाणु हथियार बनाने से रोकना रहा है।



ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों से ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने और उसे आर्थिक रूप से अलग-थलग करने में अमेरिका का साथ देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि यह रणनीति सफल होती है तो तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट आ सकती है।

यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष के बीच कूटनीतिक गतिविधियां भी तेज हुई हैं।

# नितिन नवीन ने दलित के घर किया भोजन

- रविदास मंदिर में किया भाजपा अध्यक्ष ने पूजन-अर्चन
- बोले, सभी समाज को जोड़कर आगे बढ़ रही पार्टी

**समृद्धि न्यूज, सहारनपुर।**

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मंगलवार को सहारनपुर पहुंचे। उन्होंने दलित कार्यकर्ता अजब सिंह के घर पहुंचकर करीब 25 मिनट बिताए और परिवार के साथ बैठकर भोजन किया। उनके साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी भी मौजूद रहे। भोजन में अरहर की दाल, रोटी, पुलाव, आलू की सूखी सब्जी, रायता और आइसक्रीम परोसी गई। इससे पहले नितिन नवीन ने संत शिरोमणि रविदास मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। स्थानीय लोगों ने उन्हें संत रविदास की प्रतिमा और पुस्तक भेंट की। उनके इस कार्यक्रम को पार्टी के सामाजिक संपर्क अभियान के संदर्भ में देखा जा रहा है। हालांकि, दलित मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम किए जाने का दावा राजनीतिक विश्लेषण है, जिसे पार्टी ने अपने बयान में सामाजिक समरसता और सभी समाजों को जोड़ने की बात के रूप में प्रस्तुत किया।



भाजपा अध्यक्ष ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सांसदों, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जिलाध्यक्षों से विधानसभा चुनाव की तैयारियों का फीडबैक लिया और कार्यकर्ताओं से चुनाव पर पूरा ध्यान केंद्रित करने को कहा। बैठक में कुछ पदाधिकारियों ने संगठन में अपेक्षित सम्मान नहीं मिलने की शिकायत भी रखी। इस पर नितिन नवीन ने नाराजगी जताई और भरोसा दिलाया कि पार्टी में किसी की उपेक्षा नहीं होने दी जाएगी।

## शरजील इमाम को सात दिन की अंतरिम जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में आरोपित शरजील इमाम को कड़कड़डूमा अदालत ने सात दिन की अंतरिम जमानत दी है। अदालत ने उन्हें चार अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक राहत प्रदान की है। इस दौरान वह अपने दो चचेरे भाइयों की शादी में शामिल हो सकेंगे। शरजील की नियमित जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट में 30 सितंबर को सुनवाई प्रस्तावित है। शरजील के अधिवक्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि एक विवाह समारोह चार अक्टूबर को दिल्ली और दूसरा सात अक्टूबर को बिहार में होना है।

# वंदे मातरम् न गाने पर नहीं हो आपराधिक कार्रवाई: कोर्ट

- टीएम कृष्णा की याचिका पर केंद्र से दो सप्ताह में जवाब तलब

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

वंदे मातरम के गायन को लेकर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि किसी व्यक्ति के धार्मिक या अंतरात्मा संबंधी आधार पर राष्ट्रगीत न गाने पर उसे आपराधिक कार्रवाई का सामना नहीं करना चाहिए। हालांकि, यह अंतिम फैसला नहीं है। पीठ ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से दो सप्ताह में जवाब मांगा है।



मामला कर्नाटक संगीतकार टी.एम. कृष्णा की याचिका से जुड़ा है। उन्होंने 2026 में किए गए कानून संशोधन और केंद्र के उन निर्देशों को चुनौती दी है, जिनमें सरकारी कार्यक्रमों में वंदे मातरम के छह अंतरों के गायन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

## पूजा के बीच गोलीबारी: पत्नी और दो पंडितों की मौत

**समृद्धि न्यूज, आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के अहरौला थाना क्षेत्र के शंभूपुर गांव में मंगलवार शाम पूजा के दौरान हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि घर के मालिक अरविंद सिंह ने पंडितों से आधार कार्ड मांगने को लेकर हुए विवाद के बाद पिस्टल से फायरिंग कर दी। गोली लगने से उसकी पत्नी बबीता और पूजा कराने आए दो पंडितों की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और पूजा में शामिल अन्य पंडित वहां से भाग निकले। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अरविंद सिंह के घर में मंगलवार शाम पूजा चल रही थी। उस समय घर में चार पंडित, उसकी पत्नी बबीता, एक बेटा और एक बेटी मौजूद थे। शाम करीब छह बजे अरविंद बाजार से घर पहुंचा।

# बलरामपुर में कक्षा में बैठे-बैठे छात्रा की मौत

- तेज डीजे को लेकर उठे सवाल

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

जिले में सोमवार को डिवाइन पब्लिक स्कूल की कक्षा-दो की सात वर्षीय छात्रा वैष्णवी तिवारी की कक्षा में बैठे-बैठे अचानक मौत हो गई। घटना सुबह करीब 11 बजे की है। छात्रा पहले सामान्य थी और सहपाठियों से बातचीत कर रही थी। अचानक वह अपनी सीट से उठी और लड़खड़ाकर नीचे गिर गई। कुछ क्षण बाद संभलकर बैठी, लेकिन फिर बेहोश होकर गिर पड़ी। इस बार वह नहीं उठी। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें स्कूल के पास से गणेश विसर्जन का जुलूस गुजरता दिखाई दे रहा है। स्कूल प्रबंधन का दावा है कि जुलूस में तेज आवाज में डीजे बज रहा था। डीजे की आवाज सुनकर कक्षा में मौजूद कुछ बच्चे भी उठकर नाचने लगे थे। इसी दौरान वैष्णवी की तबीयत बिगड़ी। हालांकि, तेज आवाज और छात्रा की मौत के बीच संबंध की अभी चिकित्सकीय पुष्टि नहीं हुई है।

छात्रा के गिरने पर कक्षा शिक्षिका तुरंत उसके पास पहुंचीं और उसे उठाने का प्रयास किया। करीब दो मिनट तक होश में न आने पर स्कूल स्टाफ उसे जिला मेमोरियल अस्पताल ले गया।

**राष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड**

'चंदू चैंपियन' व 'ब्रह्मयुगम' के लिए साझा सम्मान, 'आर्टिकल 370' सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म, 'अमरन' के राजकुमार पेरियासामी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशन

# कार्तिक-ममूटी बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, यामी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

- अनंत नाग को मिला दादासाहेब फाल्के

**एजेंसी, एकता नगर (गुजरात)।**

भारतीय सिनेमा के प्रतिष्ठित 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में मंगलवार को सितारों और दिग्गज कलाकारों का सम्मान हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एकता नगर, केवड़िया में वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किए। हिंदी फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए कार्तिक आर्यन और मलयालम फिल्म 'ब्रह्मयुगम' के लिए ममूटी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता चुना गया। 'आर्टिकल 370' के लिए यामी गौतम को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। 'आर्टिकल 370' को ही सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का सम्मान दिया गया।

समारोह का सबसे खास क्षण दिग्गज अभिनेता अनंत नाग को वर्ष 2024 का दादासाहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया जाना रहा। पांच दशक से अधिक लंबे सिनेमाई सफर और भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए उन्हें यह सर्वोच्च सम्मान दिया गया। नाग ने कन्नड़ के साथ हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं की फिल्मों में भी काम किया है। उन्हें समारोह में मौजूद लोगों ने खड़े होकर सम्मान दिया।

पुरस्कार मिलने के बाद अनंत नाग ने इसे अपने साथ काम करने वाले निर्माताओं, निर्देशकों, लेखकों, तकनीशियनों और सिनेमा से जुड़े लाखों लोगों का सम्मान बताया। उन्होंने अपने लंबे अभिनय सफर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने शुरुआत आजीविका के लिए की थी और बाद में अभिनय ही उनका जीवन बन गया।



राष्ट्रपति से बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार लेती यामी गौतम और बेस्ट एक्टर का पुरस्कार लेते कार्तिक आर्यन व ममूटी।

तमिल फिल्म 'अमरन' के लिए राजकुमार पेरियासामी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का पुरस्कार मिला। रणदीप हुड्डा को 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' के लिए सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म ऑफ ए डायरेक्टर का सम्मान मिला। 'कल्कि 2898 एडी' को सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार दिया गया। 'कैप्टन मिलर' को राष्ट्रीय, सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म चुना गया। 'भक्षक' के लिए संजय मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला।

तमिल फिल्म 'महाराजा' की सचाना नामिदास और कन्नड़ फिल्म 'मिथ्या' की रूपश्री वारकडी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का सम्मान मिला।

### 'पुष्पा 2', 'स्त्री 2' और 'मैदान' भी सम्मानित

'पुष्पा 2: द रूल' के लिए सुकुमार को मूल पटकथा और दीपाली नूर व शीतल शर्मा को वेशभूषा डिजाइन का पुरस्कार मिला। 'स्त्री 2' के गीत 'आज की रात' के लिए विजय गांगुली को सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशन का सम्मान मिला। 'मैदान' के गीत 'जाने दो' के लिए मनोज मुंतशिर को सर्वश्रेष्ठ गीत का पुरस्कार मिला। धनुष को 'कैप्टन मिलर' में अभिनय के लिए विशेष उल्लेख मिला, जबकि उनकी निर्देशित फिल्म 'रायन' को सर्वश्रेष्ठ तमिल फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला।

# शिक्षक समस्याओं व नशामुक्ति को लेकर हुए कार्यक्रम

- एमएलके पीजी कॉलेज में करियर मार्गदर्शन

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



एमएलके पीजी कॉलेज में मंगलवार को विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन, नशामुक्ति जागरूकता और शिक्षकों की सेवा संबंधी समस्याओं को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपयोगी जानकारी दी गई, वहीं स्ववित्तपोषित शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। महाविद्यालय के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल तथा दृष्टि आईएएस, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी को लेकर करियर मार्गदर्शन गोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कुलानुशासन प्रोफेसर बीना सिंह, मुख्य वक्ता डीपीएन सिंह, करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. ऋषि रंजन पांडेय सहित उपस्थित सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता डीपीएन सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए निरंतर अध्ययन, अनुशासन और सही रणनीति जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को महाविद्यालय में पढ़ाई के साथ ही तैयारी शुरू करने की सलाह दी। प्रतिदिन कम से कम एक घंटे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की पुस्तकों का अध्ययन, समाचार पत्रों के संपादकीय अंश पढ़ने और पिछली परीक्षाओं के प्रश्नपत्र हल करने की आदत विकसित करने पर जोर दिया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय के स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ के सदस्यों ने अपनी सेवा संबंधी मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपर जिलाधिकारी संदीप केला को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। संघ अध्यक्ष डॉ. केपी मिश्र ने कहा कि अनुदानित महाविद्यालयों में वर्षों से संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षक सेवा सुरक्षा, सम्मानजनक मानदेय और सेवा विनियमन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों की व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत बदलाव कर शिक्षकों की सेवाओं को सुरक्षित करने की मांग उठाई। संघ महामंत्री डॉ. पंकज गुप्ता ने कहा कि शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के विरोध में नहीं हैं, बल्कि लंबे समय से लंबित सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग सरकार तक पहुंचाने के लिए अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। शिक्षकों ने संबंधित पाठ्यक्रमों को अनुदान पर लेने तथा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप कार्यरत शिक्षकों की सेवाओं को नियमानुसार सुरक्षित करने की मांग की। वहीं सेवा संकल्प अभियान के तहत महाविद्यालय में नवप्रवेशित स्नातक विद्यार्थियों के लिए नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन और प्रो. दिनेश मौर्य के संयोजकत्व में हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई। प्रो. दिनेश मौर्य ने कहा कि नशामुक्ति अभियान का उद्देश्य युवाओं को मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से बचाकर स्वस्थ और सुरक्षित समाज का निर्माण करना है। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रखर त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि नशा छोड़ें, जीवन जोड़ें और स्वस्थ युवा ही सशक्त भारत की पहचान बनें।

# अंतर्जनपदीय पांच चोर गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



थाना दरियाबाद पुलिस ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पांच अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सात हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर चोरी की घटनाओं के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दरियाबाद पुलिस टीम ने मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर थाना दरियाबाद में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 200/2026, धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपियों में राम नरेश पुत्र जगन्नाथ निवासी ग्राम ऊंचे पुरवा, थाना देवा, लाल जी यादव पुत्र राम विलास निवासी ग्राम जलुहामऊ, थाना मसौली, ओम प्रकाश पुत्र जवाहिर निवासी ग्राम व थाना बदोसराय तथा मो. शादाब पुत्र जलालुद्दीन और फुरकान पुत्र मो. शफीक निवासीगण ग्राम आलापुर, थाना कोतवाली नगर शामिल हैं।पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गिरोह बनाकर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के गांवों व कस्बों में रेकी करने के बाद चिन्हित स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 22/23 अगस्त 2026 की रात थाना दरियाबाद क्षेत्र के ग्राम जलपापुर में एक घर के बाहर से भैंस व पड़वा चोरी किया था।पुलिस के मुताबिक चोरी की गई भैंस को आरोपियों ने मो. शादाब व फुरकान को बेच दिया था। इन दोनों ने आगे किसी अज्ञात व्यक्ति को भैंस बेच दी। भैंस की बिक्री से प्राप्त रकम में से कुछ खर्च कर दी गई थी, जबकि शेष सात हजार रुपये पुलिस ने बरामद किए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## खबरें एक नजर में

### लोनीकटरा क्षेत्र से युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** थाना लोनीकटरा अंतर्गत सुल्तानपुर मजरे करमेमऊ से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने गुमशुदगी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार यहां के निवासी निवासी भारत लाल के सगे भाई रामविलास पुत्र बसंत लाल बीते सोमवार की भोर रीब 4 बजे बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चले गए। सुबह जब परिजन जागे तो रामविलास को घर पर न पाकर उनके होश उड़ गए।परिजनों ने रिश्तेदारों, पास-पड़ोस और संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी रामविलास का कोई सुराग नहीं मिल सका। युवक के अचानक इस तरह लापता होने से पूरा परिवार गहरे सदमे और चिंता में है।पीड़ित भाई भारत लाल ने मंगलवार को लोनीकटरा थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा है और भाई की बरामदगी के लिए उचित कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई हैं।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत, पत्नी घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ऑटो की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल दंपती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैदरगढ़ पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना लोनीकटरा क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी राम अवध (65) अपनी पत्नी राजकला (62) के साथ मंगलवार को बाइक से रिश्तेदारी में अपनी बेटी के यहां गए थे। रिश्तेदारी से वापस दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर दतौली गांव के समीप सामने से तेज गति से आ रहे ऑटो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

### कोटेदार पर सरकारी खाद्यान्न ब्लैक करने का आरोप

**बहराइच।** तहसील मिहींपुरवा मोतीपुर के ग्राम पंचायत आम्बा के सरकारी राशन विक्रेता (कोटेदार) जमील अहमद के खिलाफ सरकारी खाद्यान्न को कथित रूप से ब्लैक करने के मामले में थाना सुजौली में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि कोटेदार द्वारा बड़ी मात्रा में सरकारी राशन का वितरण न कर उसे ब्लैक कर दिया गया। बताया गया कि जांच के दौरान करीब 100 कुंतल चावल, 70 कुंतल गेहूं और एक कुंतल चीनी का मामला सामने आया। सरकारी खाद्यान्न की इतनी बड़ी मात्रा में अनियमितता सामने आने के बाद संबंधित विभाग की ओर से कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी गई। मामले में थाना सुजौली पुलिस ने 21 सितंबर 2026 को कोटेदार जमील अहमद के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कर ली है। सरकारी राशन में गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद मामले में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत दिलाया शपथ

**बहराइच।** मंगलवार को गायत्री विद्यापीठ पी जी कॉलेज रिसिया में नशा मुक्ति अभियान के तहत छात्रों को जागरूक करते हुए नशा न करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रो डॉ दिव्य दर्शन तिवारी ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को खुद , परिवार और समाज को नशा से होने वाले कुप्रभावों पर प्रकाश डालते हुए सभी को जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो डॉ दिव्य दर्शन तिवारी, डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव,प्रो डॉ दया राम यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुकेश चन्द्र श्रीवास्तव और आशुतोष त्रिपाठी,सत्यम सिंह ,नंदन श्रीवास्तव,राजेश्वर प्रसाद , रविन्द्र श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### ई रिक्शा नहर में गिरा, चालक की अज्ञात वाहन से कुचलकर मौत

**मसौली बाराबंकी।** सोमवार की देर रात बड़ागांव क्रासिंग के निकट नहर मे ई-रिक्शा पलटने के बाद घबराकर भागे चालक की अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी 25 वर्षीय सचिन यादव पुत्र रामसजीवन यादव ई-रिक्शा चालक था।सोमवार रात करीब 10 बजे सचिन खाली ई-रिक्शा लेकर घर लौट रहा था।

### यूटा ने बीईओ कार्यालय पर लगाए गंभीर आरोप, धरने की चेतावनी

**रामसनेहीघाट।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) ब्लॉक बनीकोडर ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सात बिंदुओं का शिकायती पत्र सौंपा है। संगठन ने शिकायतों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि दो सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बीआरसी कोटवा में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। संगठन के ब्लॉक महामंत्री सच्चिदानंद सिंह, सर्वेश दीक्षित दिवाकर, पुरुषोत्तम समेत पदाधिकारियों ने अधिकारियों को दिए पत्र में कार्यालय स्तर पर शिक्षकों के उत्पीड़न और निरीक्षण के नाम पर कथित वसूली का आरोप लगाया है। यूटा का दावा है कि ब्लॉक कार्यालय का एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बीईओ के निजी वाहन चालक के रूप में निरीक्षण में जाता है और शिक्षकों से पैसे की मांग करता है। संगठन ने संबंधित कर्मचारी को तत्काल हटाने की मांग की है। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि निरीक्षण के दौरान प्रेरणा पोर्टल और शासन को भेजी जाने वाली गोपनीय सूचनाओं से जुड़े काम के लिए भी बीईओ के मोबाइल का संचालन उक्त कर्मचारी से कराया जाता है।

# छह पारिवारिक विवाद सुलझे, चोरी की आरोपित महिला व दुष्कर्म के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



जिले में पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के तहत पारिवारिक विवादों के निस्तारण के साथ अपराधों में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। परिवार परामर्श केंद्र में छह पारिवारिक विवादों का समाधान कराया गया, वहीं श्रीदत्तगंज पुलिस ने आभूषण की दुकान से चोरी के मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया। कोतवाली देहात पुलिस ने अपहरण और दुष्कर्म के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन और मोबाइल फोन बरामद किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवादों के निस्तारण के लिए बैठक आयोजित की गई। विभिन्न थानों से प्राप्त छह पारिवारिक एवं दांपत्य विवादों में दोनों पक्षों की मौजूदगी में परामर्श कर मामलों का समाधान कराया गया। परामर्शदाताओं ने दोनों पक्षों को अलग-अलग और संयुक्त रूप से सुनकर मनमुटाव और गलतफहमियों को दूर कराया। इस दौरान महिला संबंधी कानून, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण और बच्चों के भविष्य से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी गई।

सभी मामलों में दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद समाप्त कर भविष्य में सौहार्द के साथ रहने पर सहमति जताई। मॉडर्न थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने आभूषण की दुकान से चोरी के मामले में वांछित शकीना निशा निवासी रघुनन्दन जोत बघनी, थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया।

# कॉस्मेटिक एंड सिलाई सेंटर का हुआ उद्घाटन



**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़ बाराबंकी।**

ककरी गांव निवासी रंजीत वर्मा गुड्डू द्वारा जेबीएस कॉम्प्लेक्स, मंगलपुर चौराहा ककरी में स्थापित व्यावसायिक प्रतिष्ठान शगुन कॉस्मेटिक एंड शगुन सिलाई सेंटर का उद्घाटन पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने प्रतिष्ठान के संचालक को व्यवसाय की उत्तरोत्तर प्रगति एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन अवसर पर ककरी प्रधान सचिन सिंह, मोहम्मदपुर प्रधान अभय प्रताप सिंह गुड्डू, पूर्व प्रधान गौरी नीरज सिंह, सनत कुमार मिश्रा, रमेश चंद्र वर्मा, मनोज सिंह चिलूला, राम प्रसाद यादव, महेंद्र प्रताप सिंह, बलराम सिंह बैस रामू, प्रेम चंद्र वर्मा सहित अन्य साथी एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# विजयादशमी शोभायात्रा की तैयारी तेज

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।** सनातन धर्म सभा की तैयारी बैठक चौक बाजार स्थित राधेश्याम एंड संस के प्रतिष्ठान पर हुई। बैठक में लगातार 77वीं बार आयोजित होने वाली विजयादशमी शोभायात्रा और रावण पुतला दहन कार्यक्रम को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में सभा के अध्यक्ष रहे दिवंगत केवल कृष्ण शर्मा के निधन से रिक्त पद पर पूर्व महामंत्री संजय शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। वरिष्ठ महामंत्री पद की जिम्मेदारी जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल रमेश पाहवा को तथा महामंत्री पद पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार शुक्ल को चुना गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता गोमती प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि ऊपरगामी रेलवे सेतु बनने के कारण इस वर्ष शोभायात्रा के मार्ग में बदलाव करना आवश्यक होगा। इस संबंध में वैकल्पिक मार्ग पर विचार-विमर्श किया गया, ताकि शोभायात्रा सुचारु रूप से निकाली जा सके। बैठक में रावण के पुतले की ऊंचाई बढ़ाकर 60 फीट करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और शोभायात्रा की व्यवस्था को बेहतर बनाने पर पदाधिकारियों ने सुझाव दिए। बैठक में सभा के मुख्य संरक्षक महाराजा जयेन्द्र प्रताप सिंह, संरक्षक डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू', नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं संरक्षक अधिवक्ता राजकुमार लाल श्रीवास्तव के सुझावों पर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा कि 77 वर्षों से चली आ रही विजयादशमी की परंपरा बलरामपुर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है। इसे आगे भी भव्य स्वरूप देने के लिए समय से तैयारियां पूरी की जाएंगी।

बैठक में उपाध्यक्ष रघुनाथ अग्रवाल, अजय मिश्रा, मंगल प्रसाद, कोषाध्यक्ष सुनील कसेरा, संगठन मंत्री राकेश शर्मा, संयुक्त मंत्री संतोष गुप्ता, लेखाकार सत्य प्रकाश शुक्ल, कृष्ण गोपाल गुप्ता, राम प्यारे कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# बरियावन बुलडोजर कांडः कोतवाल समेत चार पुलिसकर्मी व लेखपाल निलंबित

- अब दबंगों पर कार्रवाई की बारी

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**





अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बरियावन बाजार में रात के अंधेरे में तीन जेसीबी लगाकर मकान और दुकानों को ढहाए जाने के मामले ने पुलिस-प्रशासनिक व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है। मामले में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अकबरपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। वहीं, संबंधित हल्का लेखपाल रोहित लाल को भी निलंबित किया गया है। देर रात तीन जेसीबी के साथ बड़ी संख्या में लोग बरियावन बाजार पहुंचे और सड़क किनारे स्थित मकान-दुकानों को ध्वस्त कर दिया। रात के अंधेरे में हुई इस कार्रवाई से बाजार में अफरातफरी मच गई। वर्षों से वहां कारोबार कर रहे दुकानदारों और मकान मालिकों ने घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए। मामला सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मच गया।

घटना का सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब तीन-तीन जेसीबी और बड़ी संख्या में लोग रात में एक साथ पहुंचे और काफी देर तक मकान-दुकान गिराने की कार्रवाई चलती रही, तो स्थानीय पुलिस और राजस्व तंत्र को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई?

यदि संबंधित भवन अथवा भूमि को लेकर कोई विवाद या अतिक्रमण था तो उसकी कार्रवाई के लिए निर्धारित कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया क्या थी? किसके आदेश पर ध्वस्तीकरण हुआ? मौके पर कौन-कौन लोग मौजूद थे? इन सवालों के जवाब जांच के बाद ही सामने आएंगे। मामले में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से की गई कार्रवाई ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि घटना के दौरान पुलिस की भूमिका और कर्तव्य निर्वहन को गंभीरता से लिया गया है। कोतवाल के साथ संबंधित पुलिसकर्मियों और हल्का लेखपाल का निलंबन इस पूरे प्रकरण की गंभीरता को दर्शाता है।

अब विभागीय जांच में यह महत्वपूर्ण होगा कि संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को घटना की जानकारी थी या नहीं, उनकी जिम्मेदारी क्या थी और उनके स्तर से कोई लापरवाही हुई अथवा नहीं। यदि जांच में किसी प्रकार की मिलीभगत या जानबूझकर लापरवाही के प्रमाण मिलते हैं तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई का रास्ता साफ होगा।

दूसरी ओर, रात में तीन जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे लोगों की पहचान और उनकी भूमिका भी जांच का अहम हिस्सा है। आखिर किसके निर्देश पर जेसीबी पहुंची? किसके आदेश या अधिकार के आधार पर मकान-दुकान ढहाए गए? क्या संबंधित भूमि को लेकर कोई वैध आदेश था? इन सभी बिंदुओं की जांच जरूरी है। अगर किसी भूमि पर वास्तव में अतिक्रमण था तो भी कार्रवाई कानून और निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही होनी चाहिए। किसी निजी समूह को अपने स्तर पर बुलडोजर चलाकर संपत्ति गिराने का अधिकार नहीं हो सकता। इसलिए घटना में शामिल लोगों की पहचान कर उनकी भूमिका के अनुसार कानूनी कार्रवाई होना भी उतना ही जरूरी है।

बरियावन की घटना ने कानून-व्यवस्था, पुलिस की स्थानीय सूचना व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। एसपी की कार्रवाई के बाद अब लोगों की निगाह विभागीय जांच के साथ उन लोगों पर भी है, जो जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे थे।

सवाल सिर्फ यह नहीं है कि मकान-दुकान क्यों गिराए गए, बल्कि यह भी है कि कानून को हाथ में लेने की इजाजत आखिर किसने दी?

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न

- सेवा संकल्प अभियान में प्रत्येक पात्र परिवार को योजनाओं से जोड़ें
- निर्धारित पोर्टल पर करें रिपोर्टिंग : मंडलायुक्त

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**




आयुक्त अयोध्या मंडल राजेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडलायुक्त ने विभिन्न विभागों की योजनाओं, विकास परियोजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि शासन द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत समाज के प्रत्येक पात्र परिवार को उसकी पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं से लाभान्वित किए गए पात्र परिवारों की कार्यवाही एवं प्रगति की निर्धारित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से रिपोर्टिंग की जाए। अभियान की नियमित समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र परिवार योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। मंडलायुक्त ने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों एवं संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समयावधि तक नियमित रूप से जनता दर्शन करें तथा जनता से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं।

# नुक्कड़ नाटक से जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश

- सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



सेवा संकल्प अभियान के तहत जनजागरूकता और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए 20 सितंबर को लालपुर चौराहा और मणिपुर साप्ताहिक बाजार में नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कलाकारों ने सरल और स्थानीय संवाद शैली में प्रस्तुतियां देकर लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक जिम्मेदारी और जनभागीदारी के प्रति जागरूक किया। लोगों से पात्रता के अनुसार संबंधित विभाग से संपर्क कर योजनाओं का लाभ लेने तथा आसपास के पात्र लोगों को भी इसकी जानकारी देने की अपील की गई। भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से योजनाओं से जुड़े संदेश सीधे आमजन तक पहुंचे।

अभियान के तहत विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक कर यह प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

# उम्रकैद की सजा काट रही महिला की मौत

- जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गई जान
- बहू की हत्या का था आरोप

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

मटेरा थाना क्षेत्र की रहने वाली बहू की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रही महिला की सोमवार सुबह तबीयत बिगड़ गई। जेल प्रशासन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सोमवार दोपहर 2 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मटेरा थाना क्षेत्र के लालपुर शिवपुर गांव निवासी अनिल वर्मा की शादी करीब 17 साल पहले देहात कोतवाली क्षेत्र के चमरिया गांव की किरण वर्मा से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद किरण को दहेज के लिए परेशान किए जाने का आरोप लगा था। इसके बाद किरण की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग पहुंचे और पति अनिल, सास लाजवंती और ससुर पर हत्या का आरोप लगाया।

**2011 में तीनों को हुई थी उम्रकैद**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पति, सास और ससुर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के बाद वर्ष 2011 में सेशन कोर्ट ने तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। बाद में हाईकोर्ट ने भी सजा बरकरार रखी। दोषसिद्ध होने के बाद तीनों अलग-अलग जेलों में बंद थे। मृतका की सास लाजवंती और ससुर को 26 मार्च को बहराइच जिला कारागार में शिफ्ट किया गया था।

जेल अधीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह लाजवंती की तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल भेजा गया था।

# डॉ. अभिषेक सिंह के पीडीए संवाद से जलालपुर की सियासत में हलचल

- करमैनी में सर्वसमाज की मौजूदगी
- 2027 के लिए सामाजिक न्याय और राजनीतिक भागीदारी पर जोर

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**




2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच जलालपुर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। ग्राम करमैनी में आयोजित पीडीए जनसंवाद सम्मेलन में सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अभिषेक सिंह की मौजूदगी और मौर्य समाज समेत सर्वसमाज की भागीदारी ने क्षेत्र में सियासी चर्चा को हवा दे दी है। सम्मेलन में सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। सम्मेलन का आयोजन सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला महासचिव सुभाष मौर्य ने किया। कार्यक्रम में सामाजिक मुद्दों के साथ 2027 की राजनीतिक दिशा पर भी चर्चा हुई। आयोजकों के अनुसार, सम्मेलन में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने तथा जलालपुर से डॉ. अभिषेक सिंह के समर्थन का संकल्प लिया गया। इससे कार्यक्रम का सामाजिक संवाद के साथ राजनीतिक स्वरूप भी स्पष्ट नजर आया। मुख्य अतिथि डॉ. अभिषेक सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान, अधिकार और बराबरी का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने शिक्षा और रोजगार को सामाजिक परिवर्तन का आधार बताते हुए युवाओं से जागरूक होकर अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पीडीए समाज की सामाजिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए संवाद जरूरी है। उनके अनुसार, सामाजिक न्याय केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व का विषय नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, सम्मान और अवसरों से भी जुड़ा हुआ है। करमैनी सम्मेलन में मौर्य समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं के साथ विभिन्न वर्गों के लोगों की मौजूदगी रही। जलालपुर की राजनीति में अलग-अलग सामाजिक समूहों की भूमिका को देखते हुए इस तरह के संवाद कार्यक्रमों को 2027 से पहले जनसंपर्क और संगठनात्मक सक्रियता के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण पर अखिलेश का बीजेपी पर हमला

- बोले, सच्चाई अब जगजाहिर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या स्थित राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी प्रकरण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके संगी-साथियों की संलिप्तता अब जगजाहिर हो चुकी है और अगला चुनाव भाजपा के खिलाफधर्म को बचाने की किसी जंग से कम नहीं होगा। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की पहली सतही जांच में ही आँकडा 70 से 50 प्रतिशत आगे बढ़कर 105 प्रतिशत हो गया है। ये बेहद निंदनीय है कि सरकारी देखरेख में श्धर्म धन की चोरी का इतना अधर्मी कुकृत्य किया गया है। उन्होंने इसी पोस्ट में आगे कहा, भाजपाई और उनके संगी-साथियों की संलिप्तता पूरे अयोध्या में चर्चा का विषय है। जनता का भाजपा पर अब रत्ती भर भी विश्वास नहीं रह गया है। अयोध्या ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश, देश व दुनिया में भाजपा की थू-थू हो रही है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, संपूर्ण विश्व के सनातनियों को इस बात से गहरा आघात पहुंचा है कि उन्होंने जो दान-पुण्य का पैसा धर्म के विकास के लिए दिया था उस धन को भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों ने चुराकर अपना-अपना खजाना भर लिया है। उन्होंने कहा कि यह अपराध भी है और पाप भी, इसीलिए सबने संकल्प लिया है कि अब भाजपा को सदैव के लिए हराना और हटाना है। यादव ने कहा, भाजपा के खिलाफ अगला चुनाव धर्म को बचाने की किसी जंग से कम नहीं होगा, इसीलिए धर्म-प्रधान लोग कह रहे हैं कि अब भाजपा के विरुध्द होगा धर्म युद्ध! राम मंदिर के चढ़ावे में कथित चोरी का मामला जून के पहले सप्ताह में सामने आया था, जिसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने आरोपों की जांच के लिए 13 जून को एक विशेष अन्वेषण दल (एसआईटी) का गठन किया था। 23 जून को मिली उसकी प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर 25 जून को एक प्राथमिकी दर्ज करके आठ आरोपियों अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडेय, रामशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और रमाशंकर यादव उर्फ टीनू यादव को गिरफ्तार किया गया था।

## लोहिया में साथी सफाई कर्मियों से मारपीट के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में मंगलवार सुबह सफाई कर्मियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासनिक भवन का घेराव कर नारेबाजी की। सफाई कर्मियों का आरोप है कि सोमवार को उनके दो साथी रामचंद्र और मोहन नवजात का शव मिलने की सूचना देने के बाद प्रशासनिक भवन पहुंचे थे। वहां उनके साथ मारपीट की गई। दोनों को जातिसूचक गालियां दी गई और करीब 5 घंटे तक कमरे में बंधक बनाकर रखा गया। सफाई कर्मियों के मुताबिक, सोमवार सुबह इमरजेंसी के ट्राएज एरिया में सफाई के दौरान वॉशरूम में नवजात का शव मिला था। कर्मचारियों ने इसकी जानकारी संस्थान के अधिकारियों को दी। सूचना के बाद पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की और नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसी मामले में सफाई कर्मी रामचंद्र और मोहन का आरोप है कि नवजात मिलने की सूचना देने के बाद उन्हें प्रशासनिक भवन ले जाया गया। वहां सुरजीत सिंह और राजेश यादव समेत कुछ सुरक्षा कर्मियों ने उनके साथ मारपीट की। दोनों का आरोप है कि उन्हें करीब पांच घंटे तक कमरे में बंद रखा गया। सफाई कर्मियों ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। इसी मांग को लेकर उन्होंने मंगलवार सुबह प्रशासनिक भवन का घेराव किया। घटना के बाद सोमवार देर शाम दोनों सफाई कर्मियों ने वीडियो बनाकर अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि नवजात मिलने की सूचना देने के बाद उनके साथ मारपीट की गई और उन्हें कमरे में बंद कर दिया गया। इसके बाद मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में सफाई कर्मी संस्थान के प्रशासनिक भवन पहुंच गए। सफाई कर्मियों ने प्रशासनिक भवन का घेराव किया और नारेबाजी करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में महिला और पुरुष सफाई कर्मी मौके पर मौजूद रहे। मामले में सफाई कर्मी रामचंद्र और मोहन ने विभूतिखंड थाना प्रभारी को तहरीर दी है। इसमें उन्होंने सुरजीत सिंह, राजेश यादव समेत अज्ञात सुरक्षा कर्मियों पर मारपीट, अभद्रता और जबरन कमरे में बंद रखने का आरोप लगाया है।

## योग्यता और मेरिट के आधार पर चयन: ब्रजेश पाठक

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक केवल बच्चों को पढ़ाने का कार्य नहीं करते, बल्कि समाज को दिशा देने की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हैं। भारत में गुरु-शिष्य परंपरा का गौरवशाली इतिहास रहा है और शिक्षकों ने हमेशा ज्ञान के साथ जीवन-मूल्यों की शिक्षा देने का काम किया है। नवनियुक्त शिक्षकों पर समाज और राष्ट्र के भविष्य के निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी है।

शिक्षक प्रदेश की वर्तमान स्थिति और पूर्व की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए समाज को सही दिशा देने का कार्य करें। 2017 से पहले प्रदेश में कानून-व्यवस्था, सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनेक चुनौतियां थीं, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में इन क्षेत्रों में व्यापक बदलाव हुए हैं।

प्रदेश में सड़कों का विस्तार हुआ है, बिजली की उपलब्धता में सुधार हुआ है और मेडिकल कॉलेजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में गरीब कल्याण की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। वर्तमान सरकार में नियुक्तियां पारदर्शी और मेरिट के आधार पर हो रही हैं और आज का कार्यक्रम इसका उदाहरण है।

## चरित्र निर्माण की भी है शिक्षकों की जिम्मेदारी: गुलाब देवी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि आज योग्यता, परिश्रम और लगन के बल पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिल रही है। अब उनकी वास्तविक जिम्मेदारी शुरू हो रही है। शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध भावनात्मक होता है और अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षकों को इस विश्वास के साथ सौंपते हैं कि वे उन्हें ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन, चरित्र निर्माण, देशभक्ति और अच्छे व्यक्तित्व का विकास प्रदान करेंगे। शिक्षक स्वयं बच्चों के लिए आदर्श बनें, क्योंकि विद्यार्थी शिक्षक के व्यवहार, आचरण और कार्यशैली से सीखते हैं। नई शिक्षा नीति-2020 की भावना भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की है। सरकार शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता, पारदर्शिता और तकनीक के उपयोग पर विशेष ध्यान दे रही है तथा शिक्षकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए भी अनेक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने चयनित शिक्षकों से निष्ठा, सजगता, उमंग और उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध हालत में फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

**लखनऊ।** मंगलवार सुबह एक युवक का शव उसके कमरे में संदिग्ध हालत में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान उन्नाव जिले के बारा सगवर थाना क्षेत्र के धानी खेड़ा निवासी 19 वर्षीय रवि धीमान के रूप में हुई है। रवि पिछले करीब 4 सालों से सरोजनीनगर के अमौसी गांव में शिवांशु सिंह के तीन मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर किराए के कमरे में अकेला रहता था। वह टाइल्स लगाने का काम करता था। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे मकान की तीसरी मंजिल पर परिवार के साथ किराए पर रहने वाले कुलदीप अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए नीचे उतरे। उन्होंने देखा कि रवि का कमरा खुला था और अंदर रवि पंखे से चुन्नी के सहारे लटका हुआ था। कुलदीप ने तुरंत इसकी सूचना मकान मालिक शिवांशु को दी। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रवि के परिवार वालों को सूचना दी और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### छत के कुंडे से फंदा विवाहिता ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र के सालेहनगर गांव में मंगलवार सुबह एक विवाहिता ने घर के कमरे में छत के कुंडे से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सालेहनगर निवासी सतनाम की 21 वर्षीय पत्नी सुभाषिनी मंगलवार सुबह कमरे में थी। करीब सात बजे उसकी सास निर्मला बहू को जगाने पहुंची तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। इस पर निर्मला ने ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया तो सुभाषिनी का शव छत के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटकता मिला।

### बेटी पद्मजा के जन्मदिन पर अपर्णा ने गोद लिया जिराफ

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अपर्णा यादव अपनी छोटी बेटी पद्मजा के आठवें जन्मदिन पर चिड़ियाघर पहुंचीं। इस मौके पर बेटी ने लखनऊ जू की जिराफसुजाता को गोद लिया। पद्मजा ने बताया कि वह सोमवार को जू आई थी। उसे सुजाता सबसे अच्छी लगी, इसलिए उसने उसे गोद लेने का फैसला किया। दिवंगत प्रतीक यादव की पशु-प्रेम और सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए परिवार ने यह पहल की। अपर्णा यादव ने बताया कि दोनों बच्चों की इच्छा थी कि पिता की स्मृति में किसी पशु को गोद लिया जाए। उन्होंने लोगों से भी पशुओं की देखभाल और संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की। अपर्णा यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पशुओं की मदद के लिए भी समाज को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानवता केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि पशुओं को भी इसकी जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपनी क्षमता के अनुसार पशुओं के लिए योगदान करने का आग्रह किया। उन्होंने भगवान श्रीराम का उदाहरण देते हुए कहा कि रामायण में वानरों की सेना की मदद से लंका पर विजय प्राप्त करने की बात आती है।

### रोडवेज बस का स्टेयरिंग फेल, चालक-परिचालक समेत 5 घायल

**लखनऊ।** आलमबाग बस अड्डे से फतेहपुर जा रही रोडवेज बस मंगलवार को मोहनलालगंज में हादसे का शिकार हो गई। यूपीएल फैक्ट्री के पास अचानक बस का स्टेयरिंग फेल हो गया। इससे चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में चालक, परिचालक समेत पांच लोग घायल हो गए। बस में कुल 18 यात्री सवार थे। चालक हरिओम (34) ने बताया कि बस सुबह करीब 10.20 बजे आलमबाग से फतेहपुर के लिए निकली थी। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में यूपीएल फैक्ट्री के पास पहुंचते ही अचानक स्टेयरिंग फेल हो गया। इसी दौरान बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में चालक हरिओम, परिचालक मुकेश कुमार (46) निवासी कानपुर देहात, वासुदेव निर्मल (68) निवासी साकेत नगर, लालगंज, रायबरेली, अतुल सिंह (28) और अशोक कुमार (35) घायल हुए। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## जनसमस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता: केशव

- शिथिलता पर अधिकारियों पर होगा एक्शन: केशव
- जनता दर्शन में सुनीं सैकड़ों फरियादियों की समस्याएं

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना।

एसजीपीजीआई में उपचार करा रहे मुकुन्द पाण्डेय तथा जौनपुर निवासी हृदय रोग से पीड़ित विकास तिवारी के उपचार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

उपमुख्यमंत्री ने ऐसे प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही करते हुए जरूरतमंदों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के अधिकारीयों को निर्देश दिए। संतकबीर नगर निवासी धर्मेन्द्र कुमार गौड़ द्वारा बारात घर निर्माण कराये जाने, प्रतापगढ़ निवासी इन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा ग्रामीण मार्ग का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कलावली, गुड्डी एवं सरिता कुमारी, लखीमपुर खीरी के प्रकरण तथा पीलीभीत निवासी रिंकी एवं शकुन्तला देवी और बाराबंकी निवासी शीला देवी द्वारा आवास एवं शौचालय से संबंधित अनुरोध प्रस्तुत किए गए। चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज, प्रतापगढ़ के अध्यक्ष महाबली सिंह ने कॉलेज परिसर में हाईमास्ट लाइट लगाए जाने का अनुरोध किया ।उन्होंने जिलाधिकारी कौशाम्बी, लखनऊ एवं अमरोहा, पुलिस अधीक्षक उन्नाव, मंडलायुक्त झांसी सहित अधिकारियों से बात कर प्रकरणों में शीघ्र कार्यवाही करने को कहा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की सेवा, उनकी समस्याओं का समाधान और जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर सहायता उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। जनता दर्शन के माध्यम से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है तथा प्राप्त प्रत्येक शिकायत और अनुरोध का नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में आए युवा, महिला, किसानों ने समस्याएं, अनुरोध पत्र प्रस्तुत किए।

## यूपी की 10 राज्यसभा सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 16 अक्टूबर को: रिणवा

- 29 सितंबर को जारी होगी अधिसूचना
- 6 अक्टूबर तक नामांकन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के सदस्यों के लिए द्विवार्षिक निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के सदस्यों का कार्यकाल 25 नवंबर को समाप्त हो रहा है। आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन के लिए 29 सितंबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। 6 अक्टूबर नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि होगी। 7 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी तथा 9 अक्टूबर तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। 16 अक्टूबर को मतदान होगा। मतदान का समय प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतगणना उसी दिन शाम 5 बजे से प्रारंभ होगी। निर्वाचन प्रक्रिया 19 अक्टूबर तक पूर्ण कर ली जायेगी।उत्तर प्रदेश की राज्यसभा सीटों के लिए सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों में अरुण सिंह, गीता उर्फ चंद्रप्रभा, नीरज शेखर, बृजलाल, प्रो. राम गोपाल यादव, रामजी, बीएल वर्मा, सीमा, डॉ. दिनेश शर्मा 11 सितंबर से रिक्त तथा हरदीप सिंह पुरी शामिल हैं।

### नशा मुक्ति अभियान पर छात्राओं ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी के राजाजीपुरम स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय सेवा संकल्प अभियान-नशा मुक्ति अभियान फॉर विकसित भारत था। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। इस मौके पर छात्राओं को तंबाकू सेवन से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शिवानी श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया।

## दायित्व का निर्वहन न करने पर भूवैज्ञानिक को परिनिंदा शास्ति

- अधिकारियों को अवैध खनन रोकने के निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** पदीय दायित्वों का नियमानुसार निर्वहन नहीं करने, दायित्व लोप, लापरवाही और उदासीनता बरतने के मामले में प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी अधिकारी एवं भूवैज्ञानिक डॉ. गौतम कुमार दिनकर को परिनिंदा शास्ति प्रदान की गई है।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक श्रीमती माला श्रीवास्तव ने मंगलवार, 22 सितंबर को महत्वपूर्ण खनिज जनपदों की समीक्षा की। उन्होंने जनपदीय और क्षेत्रीय अधिकारियों को खनन क्षेत्र में प्रवर्तन कार्रवाई लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा गया कि खनिजों के स्रोत स्थल (सोर्स प्वाइंट) पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए, ताकि अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग किसी भी स्थिति में न हो सके।

निदेशक ने अन्य प्रदेशों से उत्तर प्रदेश में आने वाले खनिज वाहनों की भी सघन जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे वाहनों में आईएसटीपी (इलेक्ट्रॉनिक प्रपत्र) की अनिवार्यता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। नियमों का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

समीक्षा के दौरान मानसून सत्र के बाद खनन पट्टों का संचालन भी नियमानुसार सुनिश्चित कराने को कहा गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि खनन गतिविधियों की निगरानी में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और निर्धारित नियमों का पालन कराया जाए। विभाग के अनुसार बालू, मौरम आदि खनिजों के खनन पट्टों की किश्त जमा करने की निर्धारित तिथि प्रत्येक माह 21 तारीख है। निर्धारित तिथि के बाद किश्त जमा करने पर नियमानुसार ब्याज देय होगा। निदेशक ने अधिकारियों को राजस्व वसूली के साथ-साथ अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए नियमित प्रवर्तन कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए।

## अंजुमन के सचिव अतहर नबी के भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

**समाज के प्रतिष्ठित लोगों की अपील पर आत्मदाह न करने का फैसला**

राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के संयोजक मोहम्मद आफाक ने समाज के प्रतिष्ठित एवं सम्मानित लोगों की अपील पर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन के सचिव अतहर नबी के घर के सामने अत्मदाह न करने का फैसला लिया। लोगों ने उन्हे समझाया कि आत्मदाह समस्या का समाधान नहीं है अंजुमन के सचिव अतहर नबी व आफिस इंचार्ज बिलाल नूरानी के भ्रष्टाचार के खिलाफ सभी लोग मिलकर उनके संघर्ष में शामिल होंगे और उनके भ्रष्टाचार को हर स्तर पर रोका जायेगा। कुरैशी ब्रादर के अध्यक्ष शहजाद कुरैशी ने बताया कि जब से उन्हें पता चला था कि मोहम्मद आफाक ने अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन के सचिव अतहर नबी के घर के बाहर आत्मदाह का ऐलान किया है तब से उन पर नजर बनाये हुए थे आज दोपहर लगभग 12:30 बजे उन्हे सूचना मिली कि मोहम्मद आफाक ऐशबाग के रास्ते से अतहर नबी के घर की तरफ रवाना हुए है तो उन्होने तुरन्त इसकी सूचना जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष हाजी फहीम सिददीकी व अवध वेल्फेयर फाउण्डेशन की अध्यक्ष सबीहा सुल्ताना व अन्य लागों को दी तो तुरन्त सभी लोग ऐशबाग तिराहे के पास मो0 सलमान, अमीर अहमद, सौरभ श्रीवास्तव, उस्मान अन्सारी व सलीम राईनी सहित उन्हें रोकने के लिए एकत्र होकर मोहम्मद आफाक का इन्तिजार करने लगे।

### व्यापारियों ने यातायात समस्याएं टीआई के सामने रखीं

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

राजधानी के निशातगंज व्यापार मंडल के तत्वावधान में टीआई प्रमेश कुमार पाठक ने मंगलवार दोपहर निशातगंज का मौका मुआयना किया। सभी व्यापारियों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने ई-रिक्शा के लिए बैरी कटिंग लगाने की बात कही और यह भी कहा कि अगर व्यापार मंडल के सदस्यों और सभी व्यापारियों को वहां से निकलते वक्त ई-रिक्शा बेतरतीब खड़े दिखाई दें, तो उसका वीडियो तुरंत बनाकर व्यापार मंडल के समूह पर भेजें, जिससे ई-रिक्शा वालों का चालान किया जा सके।


## लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ, ई-मेल: nnlko@up.nic.in

संख्याः 441/पी०/उ०वि०    दिनांक : 21.09.2026

### अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 29.09.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.09.2026 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस की अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा नगर निगम की वेबसाइट **lmc.up.nic.in** से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 29.09.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अपर नगर आयुक्त महोदय कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती हैं। प्राप्त निविदाओं को दिनांक : 29.09.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू०में | जमानत धनराशि रू०में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-04 में चिनहट प्रथम वार्ड के अन्तर्गत गोमती नगर विनीत खण्ड में म०सं० बी-1/203 के सामने स्थित तिकोना पार्क के औद्यानिक सौन्दर्गीकरण का कार्य। | 368107.00 | 36811.00 | 01 माह | 369.00 | 66.00 | 435.00 |

**शर्ते :-1-** निविदा में प्रतिभाग करने हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।(आवेदक निविदादाता को शासनादेश सं०-3890/नौ-5-19-149 सा10/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा) **2-** शासनादेश सं०-6738/23-7-06-176 (सा०)/06 दिनांक 31.012007 का पालन करते हुए रू० 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। **3-** शासनादेश सं०-692/23-7-2024 दिनांक 09.08.2024 का पालन करते हुए 10 प्रतिशत निम्न तक कोई अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी नहीं ली जायेगी। यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृत (बी०ओ०क्यू०) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर०टी०जी०एस०/एन०ई०एफ०टी०/ड्यूली प्लेज्ड एफ०डी०आर०/ बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। **4-** कार्य पूर्ण होने के 06 माह की डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड के उपरान्त कार्य संतोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। **5-** 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। **6-** किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। **7-** 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा की स्वीकृति/अस्वीकृति पर निर्णय लिया जायेगा। **8-** उपरोक्त शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में नगर आयुक्त को यह अधिकार होगा कि उक्त कार्य को निरस्त कर दें तथा जनहित में निर्णय ले। **9-** किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**अधीक्षक उद्यान**


## तैयारी | 3 करोड़ 55 लाख रुपये की कीमत से 5.56 एमएम एसएलआर राइफल के लिए कारतूस खरीदे जाएंगे

# होमगार्ड अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के लिए सरकार खरीदेगी 10 लाख कारतूस

- सितंबर के अंत तक जारी होगा 41,424 हजार होमगार्ड भर्ती का रिजल्ट
- नवंबर से ट्रेनिंग

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



योगी सरकार 41,424 होमगार्ड अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के दौरान हथियार संचालन और फायरिंग अभ्यास के लिए 5.56 एमएम राइफल के 10 लाख से अधिक कारतूस खरीदने जा रही है। यह खरीदारी एसटीएफ के माध्यम से होमगार्ड विभाग करेगा। इसके लिए 3 करोड़ 55 लाख रुपये खर्च किये जाएंगे। यह उत्तर प्रदेश में पहली बार है, जब होमगार्ड अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के लिए 10 लाख से अधिक कारतूस खरीदे जा रहे हैं। वर्तमान में होमगार्ड के 41,424 रिक्त पदों पर एनरोलमेंट की प्रक्रिया चल रही है। इन सभी की शारीरिक दक्षता परीक्षा अंतिम चरण में है। वहीं होमगार्ड के 41,424 रिक्त पदों का रिजल्ट जारी होने के बाद 7,600 रिक्त पदों पर एनरोलमेंट की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। डीजी होमगार्ड ध्रुवकांत ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसके तहत पुलिस और सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ विभिन्न स्तरों पर मानव संसाधन और प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार के मिशन रोजगार के तहत होमगार्ड विभाग में 41,424 होमगार्ड अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। वर्तमान में अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा पीईटी चल रही है, जो अंतिम दौर में है। सितंबर के अंत तक भर्ती का परिणाम जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद सफल अभ्यर्थियों की मेडिकल और पुलिस वेरिफिकेशन की प्रक्रिया अक्टूबर में पूरी करने का लक्ष्य है। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद चयनित अभ्यर्थियों को नवंबर में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा।

नवचयनित 41,424 होमगार्ड अभ्यर्थियों की ट्रेनिंग नवंबर से शुरू किए जाने की तैयारी है।

प्रशिक्षण के दौरान उन्हें होमगार्ड की जिम्मेदारियों, अनुशासन, कानून-व्यवस्था में सहयोग, आपदा एवं आपात परिस्थितियों में भूमिका के साथ-साथ हथियार संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नवचयनित होमगार्ड अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था भी शुरू कर दी है। प्रशिक्षण के दौरान हथियार संचालन और फायरिंग अभ्यास के लिए 10 लाख से अधिक कारतूस खरीदे जाएंगे।

इसके लिए करीब 3 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत से एसटीएफके माध्यम से 5.56 एमएम एसएलआर राइफल के कारतूस खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि विभाग एसटीएफ के माध्यम से कारतूस के साथ करीब 1 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से 155 एसएलआर राइफल भी खरीदेगा।

# एसडीएम ने किया नेट परीक्षा का निरीक्षण

- बेसिक शिक्षा परिषद के विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्रों से किया संवाद

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।**



बेसिक शिक्षा परिषद के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित नेट परीक्षा का उप जिलाधिकारी मधुसूदन गुप्ता ने निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी तैयारियों और परीक्षा के संबंध में जानकारी प्राप्त की।।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्नपत्र एवं परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बातचीत की और परीक्षा को लेकर उनके अनुभव भी जाने। उप जिलाधिकारी ने विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों से भी संवाद करते हुए विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा शैक्षिक प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को और बेहतर बनाने तथा प्रत्येक बच्चे पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।।उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नियमित मूल्यांकन और परीक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति का सही आकलन किया जा सकता है। उप जिलाधिकारी ने परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी के निरीक्षण से विद्यालयों में परीक्षा व्यवस्था को लेकर सक्रियता देखने को मिली और उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जनता क्लीनिक में चिकित्सा विभाग की छापेमारी

- मरीजों को ड्रिप चढ़ती मिली
- डिग्री-पंजीकरण के कागजात नहीं दिखा सका मौजूद व्यक्ति, नोटिस जारी

**समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।**



नगर के तिकुनियां-कुसुमा मार्ग पर संचालित जनता क्लीनिक में मंगलवार को चिकित्सा विभाग की टीम के पहुंचते ही हड़कंप मच गया। चिकित्सा प्रभारी गौरव सक्सेना ने क्लीनिक का निरीक्षण कर वहां मरीजों के उपचार की स्थिति और जरूरी अभिलेखों की जांच की। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक में मरीजों को ड्रिप चढ़ती मिली। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति उपचार करता हुआ पाया गया। चिकित्सा प्रभारी ने उससे मरीजों का उपचार करने से संबंधित चिकित्सकीय डिग्री, पंजीकरण प्रमाणपत्र समेत अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा। हालांकि जांच के समय वह संबंधित अभिलेख अधिकारियों के समक्ष उपलब्ध नहीं करा सका।मामले को गंभीरता से लेते हुए चिकित्सा विभाग ने क्लीनिक संचालक को नोटिस जारी किया है। नोटिस में बुधवार सुबह 10 बजे तक वैध चिकित्सकीय डिग्री, पंजीकरण प्रमाणपत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी की सूचना के बाद क्षेत्र के अन्य निजी क्लीनिक संचालकों में भी खलबली मच गई। अब निगाहें नोटिस के जवाब और विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

## ट्रक से टकराने के बाद कार में लगी भीषण आग

**रोजा,शाहजहांपुर।** क्षेत्र में मंगलवार की तड़के सुबह अटसलिया हथौड़ा मार्ग के पास एक कार को ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार से धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में उसमें आग धूं धूकर जल कर राख हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। गनीमत ये रही कार में सवार पिता पुत्र बाल बाल बच गए। घटना की



सूचना मिलते ही पुलिस व फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। थाना रोजा क्षेत्र के हथौड़ा निवासी धीरेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव अपने 13 वर्षीय पुत्र उज्ज्वल के साथ कार में सवार होकर हथौड़ाबुजुर्ग की ओर जा रहे थे। जब वह जी सर्जिवियर के पास पहुंचे तो उसकी कार की ट्रक से भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई, आग लग गई। आग लगते ही पिता पुत्र कार से बाहर निकल कर भाग गये। देखते ही देखते आग बेकाबू हो गई और कार धूं धूंकर जलने लगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को भी सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने कार को बीच रास्ते से हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। पुलिस मामले की जांच कर ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

# परशुराम जन्मस्थली पहुंचे भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, दर्शन-पूजन कर मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।**



भीजपा बृज क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता ने मंगलवार को भगवान परशुराम की जन्मस्थली परशुरामपुरी पहुंचकर विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। उन्होंने मंदिर में माथा टेककर भगवान परशुराम का आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की।

इस अवसर पर अरुण गुप्ता ने कहा कि भगवान परशुराम की जन्मस्थली आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है। यहां दर्शन-पूजन करने से मन को आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्श समाज को सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। दर्शन-पूजन के दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, सभासद गौरव प्रताप राघव, सभासद मनोज अग्निहोत्री, अभय परमार, आकाश गुप्ता, मनोज दिवाकर, प्रवीण गुप्ता, रजनीश सिंह सहित भाजपा एवं पार्टी से जुड़े कई लोग मौजूद रहे।

# दिवंगत शिक्षामित्र के परिवार की मदद को आगे आया संगठन

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।**




आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन ब्लॉक इकाई सिंधौली की अति आवश्यक बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र सिधौली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रभारी राजेश कुमार गौतम ने की, जबकि संचालन जिला संगठन मंत्री सर्वेश कुमार गौतम ने किया। बैठक में शिक्षामित्रों की विभिन्न समस्याओं के साथ ही दिवंगत शिक्षामित्र के परिवार की आर्थिक सहायता को लेकर चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव सिंह यादव ने कहा कि जैतीपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय कुबेरपुर गोटिया में जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण के दौरान अचानक बीम गिरने से शिक्षामित्र सुखपाल कश्यप की मृत्यु हो गई थी। उन्होंने कहा कि संगठन अपने स्तर से उनके परिवार की आर्थिक मदद के लिए प्रयास कर रहा है। उन्होंने सभी शिक्षामित्र साथियों से अपनी सुविधानुसार दिवंगत के परिवार को आर्थिक सहयोग करने की अपील की। ब्लॉक अध्यक्ष राजेश कुमार गौतम ने बताया कि जिन शिक्षामित्रों के भारतीय स्टेट बैंक में खाते खुल चुके हैं और खाते सैलरी पैकेज के तहत परिवर्तित हो गए हैं, वे संबंधित दस्तावेज उनके पास जमा कर दें, ताकि मानदेय एसबीआई खाते में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा सके और उत्तर प्रदेश शासन एवं एसबीआई के बीच हुए समझौते के तहत मिलने वाले लाभ शिक्षामित्रों को प्राप्त हो सकें। बैठक में एसबीआई शाखा सिधौली के शाखा प्रबंधक राजेश कुमार शुक्ला ने सैलरी पैकेज खाते के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जिन शिक्षामित्रों के एसबीआई में खाते नहीं हैं, उनसे जल्द खाते खुलवाने की अपील की, जिससे उन्हें सैलरी पैकेज के तहत मिलने वाले लाभ प्राप्त हो सकें। इस दौरान शैलेंद्र त्रिपाठी, राजपाल श्रीवास्तव, रईस अहमद, गिरीश चंद्र, नंदराम, नरसिंह, दिनेश चंद्र, उषा वर्मा, विनोद निराला, बबीता सक्सेना, अर्पण मिश्रा, सीमा कुमारी, नीरज सिंह, उमाकांत, लक्ष्मी देवी, राकेश कुमार, अजय सक्सेना, तोताराम, अनीता, हरिश्चंद्र, राम भजन, प्रतिपाल सिंह, शोभा सक्सेना, अवनीश कुमार मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, रागिनी सिंह, भुवनेश्वर सिंह, सुमन वर्मा, आशाराम, मीना कुमारी और फिरासत खान समेत अन्य शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### संत सुखदेव सिंह की 43वीं बरसी पर गुरुद्वारे में उमड़ी संगत

**खुटार, शाहजहांपुर।** नगर के तिकुनिया स्थित गुरुद्वारा साहिब में मंगलवार को संत सुखदेव सिंह की 43वीं बरसी श्रद्धा और सेवा भावना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर धार्मिक समागम के साथ भव्य मेले का आयोजन किया गया। सुबह से ही गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। संगत ने गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर अरदास की और संत सुखदेव सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा परिसर में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा। आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंचे। श्रद्धालुओं के लिए सुबह से शाम तक जलपान और अटूट लंगर की व्यवस्था रही। बड़ी संख्या में सेवादारों ने लंगर तैयार कराने और संगत को भोजन कराने की जिम्मेदारी संभाली। मेले में लोगों की भीड़ से पूरे दिन परिसर में चहल-पहल रही। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति और सेवादारों की देखरेख में कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान सेवा, श्रद्धा और भाईचारे का माहौल बना रहा।

### संभव में आई चार शिकायतें निस्तारण शून्य

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में सम्भव के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 4 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण के लिए कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, मुख्य अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कुमार मिश्रा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी व अन्य अधिकारी कर्मचारी, जन-प्रतिनिधि तथा नगर के जनसामान्य द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### बंद घर से नकदी समेत लाखों के जेवरात ले उड़े चोर



**तिलहर - शाहजहांपुर।** रेलवे से रिटायर महिला कर्मी के तालाबंद घर के दरवाजे तोड़कर चोरों ने नगदी समेत लाखों रुपए के सोने चांदी के जेबरात पर हाथ साफ कर दिया। गृह स्वामिनी की बेटी के घर पहुंचने पर घटना का खुलासा हुआ। घटना की तहरीर दे दी गई है। पुलिस ने घटना स्थल का अवलोकन किया। समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। नगर के स्टेशन रोड निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के समीप स्थित सेवा निवृत्त रेलवे महिला कर्मी नीलम कथूरिया पत्नी स्व लालता प्रसाद का घर है। वह नोयडा में इलाज कराने गई थीं। 19 सितम्बर की रात उनकी बेटी रीमा घर में ताला डालकर अपनी मां को देखने गई थीं। सोमवार को सुबह करीब साढ़े चार बजे रीमा घर लौटीं तो नजारा देखकर सन्न रह गईं। घर के दरवाजों के लॉक व कुंडे टूटे थे। और अलमारी से नगदी व जेबरात गायब थे। सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची। बाद में बिरियागंज चौकी इंचार्ज रमेश कुमार वर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। रीमा ने घटना की दी तहरीर में 90 हजार रुपए नगदी , सोने की तीन लेडीज अंगूठी , एक जेंट्स अंगूठी , दो जोड़ी टॉप्स , चांदी के पचास पचास ग्राम के दो , बीस ग्राम का एक क्वाइन व कीमती कपड़े आदि चोरी जाने का जिक्र किया है। कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि घटना की पड़ताल की जा रही है।

# ट्रक से टकराकर साइकिल सवार युवक गंभीर घायल

- कुइयां गांव के पास हादसा, हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर



**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव कुइयां के पास मंगलवार को ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल युवक अपनी पहचान और पता नहीं बता पा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक खुटार की ओर से साइकिल पर सवार होकर क्षेत्र में ही किसी निजी काम से जा रहा था। कुइयां गांव के पास अचानक उसकी साइकिल का हैंडल मुड़ गया, जिससे वह पीछे से आ रहे ट्रक से टकरा गया। युवक को बचाने के प्रयास में ट्रक चालक भी अपना संतुलन खो बैठा। हादसे में युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# चालान की कार्रवाई से नाराज ई-रिक्शा चालकों ने किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



ट्रैफिक पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चालकों के सत्यापन और वाहन संचालन के दौरान चालान किए जाने की प्रक्रिया के विरोध में मंगलवार को चालकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। न्यू जनता ऑटो ई-रिक्शा ऑनर्स चालक वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले चालकों ने जिलाधिकारी को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। यूनियन के पदाधिकारियों का आरोप है कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी वेरिफिकेशन के दौरान और सड़क पर चलते ई-रिक्शा की फोटो खींचकर चालान कर रहे हैं। कई मामलों में चालकों को मौके पर कार्रवाई की वजह या नियमों की जानकारी भी नहीं दी जाती। चालकों ने चालान प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने और कार्रवाई से पहले नियमों की जानकारी देने की मांग की। यूनियन अध्यक्ष महफूज अली खान ने कहा कि महंगाई के दौर में ई-रिक्शा चालक दिनभर में 200 से 300 रुपये कमाता है। ऐसे में पांच हजार रुपये तक का चालान भरना उसके लिए मुश्किल है। उन्होंने शहर की खराब सड़कों का मुद्दा भी उठाया। कहा कि सड़कें जर्जर होने के कारण आए दिन ई-रिक्शा पलटने की घटनाएं होती हैं और यात्रियों को भी चोट लगती है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में करीब 200 ई-रिक्शा बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे हैं, लेकिन इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही। ऐसे वाहनों को जब्त करने की मांग की गई। साथ ही ई-रिक्शा चालकों के लिए नए स्टैंड बनाए जाने की मांग रखी गई, ताकि सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़े न हों। यूनियन अध्यक्ष ने स्कूलों में संचालित ई-रिक्शा को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि दो दर्जन से अधिक ई-रिक्शा में बदलाव कर क्षमता से अधिक 18 से 20 बच्चों को बैठाया जा रहा है। इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में चालान प्रक्रिया में पारदर्शिता, अनधिकृत ई-रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई, नए ई-रिक्शा स्टैंड बनाए जाने और स्कूली बच्चों को ले जाने वाले क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने वाले वाहनों पर कार्रवाई समेत छह मांगें उठाई गईं।

# महिला एवं किशोरी स्वास्थ्य को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



सेवा संकल्प अभियान के तहत संचालित सेवा मेरा योगदान थीम-8 के अंतर्गत मंगलवार को गुरु नानक हाई स्कूल में महिला एवं किशोरी स्वास्थ्य, स्वच्छता और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में हब फॉर एंपावरमेंट से जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने छात्राओं एवं महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा स्वच्छता संबंधी आदतों को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और आपातकालीन सेवा 112 समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। छात्राओं को योजनाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभ के बारे में भी बताया गया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले की प्रत्येक बेटी और महिला तक पहुंचाना विभाग का संकल्प है।।इस दौरान प्रधानाचार्या हरमीत कौर, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, शिक्षिकाएं और छात्राएं मौजूद रहीं।

# एआई की उपयोगिता-भविष्य की संभावनाओं पर कार्यशाला

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



जीएफ कॉलेज में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत विज्ञान एवं तकनीकी के बदलते परिवेश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई की उपयोगिता और भविष्य की संभावनाओं पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'एआई एंड फ्यूचर जॉब्स = रिप्लेसमेंट या रिइंवेंशन' रहा।कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है। इसके रचनात्मक एवं जिम्मेदार उपयोग से शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, सरल और आधुनिक बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीकी बदलावों को समझने और उनके अनुरूप अपने कौशल को विकसित करने का आह्वान किया। जीएनओआईटी जिम्स से आए विशेषज्ञ अनुराग सक्सेना ने विद्यार्थियों को एआई के विभिन्न अनुप्रयोगों और रोजगार के बदलते स्वरूप की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह धारणा सही नहीं है कि एआई सभी लोगों की नौकरियां समाप्त कर देगा। उन्होंने कंप्यूटर के आविष्कार के समय भी रोजगार समाप्त होने की ऐसी आशंकाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीक ने अनेक क्षेत्रों में कार्य को आसान बनाने के साथ नए अवसर भी पैदा किए हैं।एआई के दौर में भी नए कौशल,नई भूमिकाओं और रोजगार के नए क्षेत्रों का विकास होगा। इस दौरान कमलेश कुमार वर्मा ने भी सहयोग प्रदान किया।कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन सेवा संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी डॉ रईस अहमद ने किया।इस अवसर पर डॉ खलील अहमद, डॉ मसीउल्लाह खान, डॉ रिफाकत हुसैन,डॉ मिनहाज डॉ रश्मि रस्तोगी एवं डॉ शमशुल हसन खान आदि महाविद्यालय के अधिकांश शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जन-जन तक आयुर्वेद पहुंचाने का चिकित्सकों ने लिया संकल्प

- भगवान धन्वंतरि व महर्षि चरक को साक्षी मानकर लिया प्रण औषधीय पौधों के संरक्षण पर जोर

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



23 सितंबर को मनाए जाने वाले 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह के दिशा-निर्देशन में आयुर्वेद चिकित्सकों की बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय में हुई बैठक में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने और औषधीय वनस्पतियों के संरक्षण को लेकर चर्चा की गई। बैठक में भगवान धन्वंतरि एवं महर्षि चरक के चित्रों पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर चिकित्सकों ने आयुर्वेद के ज्ञान, स्वस्थ जीवनशैली और प्राकृतिक स्वास्थ्य संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। साथ ही औषधीय वनस्पतियों और पर्यावरण संरक्षण को जनजागरूकता अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया।

इस दौरान तुलसी, गिलोय, आंवला, नीम और एलोवेरा समेत विभिन्न औषधीय एवं फलदार पौधों का वितरण किया गया। लोगों को घर-आंगन में औषधीय पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल के लिए प्रेरित किया गया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव एवं अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि जिस प्रकार परिवार अपने बच्चों के भविष्य की चिंता करता है, उसी तरह समाज को स्वास्थ्य और जीवन के लिए उपयोगी वनस्पतियों के भविष्य की भी चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज लगाया और संरक्षित किया गया पौधा आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण की पूंजी है। उन्होंने बताया कि 'मां के नाम एक पौधा' जैसे संदेश के साथ प्रत्येक परिवार को कम से कम एक औषधीय पौधा लगाने और उसकी देखभाल के लिए प्रेरित किया जाएगा। तुलसी, गिलोय, आंवला और नीम जैसी उपयोगी वनस्पतियों का संरक्षण पर्यावरण के साथ पारंपरिक स्वास्थ्य जागरूकता को भी मजबूत करेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि आयुष मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार, आयुर्वेद विभाग, वन विभाग, आयुर्वेद शिक्षण संस्थानों, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन और सामाजिक संगठनों के सहयोग से जिले में स्वास्थ्य शिविर, जनजागरूकता कार्यक्रम और पौध वितरण अभियान चलाए जाएंगे। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों, शिक्षण संस्थानों तथा विभिन्न वर्गों तक आयुर्वेद का संदेश पहुंचाया जाएगा।इस अवसर पर अतुल कुमार सक्सेना, अजय शर्मा, नवजोत सिंह, बृजेश गुप्ता, डॉ. रजत सक्सेना, डॉ. पल्लवी सक्सेना, डॉ. हितेश गुप्ता, डॉ. रविश सक्सेना, डॉ. रोहित वर्मा, डॉ. डीपी सिंह समेत अन्य आयुर्वेद चिकित्सक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में सभी ने 'जन-जन तक आयुर्वेद और घर-घर औषधीय वनस्पतियों का संरक्षण' का संकल्प लिया।

### एआई को कौशल सृजक के रूप में देखें: अनुराग

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग एवं व्यावसायिक प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एआई और नौकरियों के प्रतिस्थापन या पुनर्सृजन का भविष्य विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एआई के बढ़ते प्रभाव, रोजगार के बदलते स्वरूप तथा युवाओं के लिए उभरते अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की विषय स्थापना डॉ. राजेश कुमार सक्सेना ने की। मुख्य वक्ता एवं आईआईएम अहमदाबाद के पूर्व छात्र श्री अनुराग सक्सेना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तेजी से विकसित होते क्षेत्र और इसके कारण रोजगार की दुनिया में आ रहे परिवर्तनों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों से एआई को केवल नौकरी समाप्त करने वाली तकनीक के रूप में न देखकर नई भूमिकाओं, कौशलों और रोजगार के अवसरों को जन्म देने वाली शक्ति के रूप में समझने का आह्वान किया। उन्होंने बदलती तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप निरंतर सीखने और नई क्षमताएँ विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव, भविष्य के रोजगार परिदृश्य तथा बदलती औद्योगिक आवश्यकताओं के प्रति जागरूक रहने एवं भविष्य हेतु आवश्यक कौशल विकसित करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अंकित अवस्थी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मंच संचालन कम्प्यूटर साइंस विभाग के डॉ. उमेश सिंह विसेन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आदित्य कुमार सिंह, प्रोफेसर अजीत सिंह चारग, डा सुमित कुमार त्रिवेदी, डा अभिजीत मिश्रा, डा सुमित सक्सेना, विपुल दीक्षित एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# ईवीएम की एफएलसी के बाद आज से होगी मॉकपोल प्रक्रिया

- बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र को 14 मतदेय स्थल निर्धारित
- आज तक सुझाव आपत्तियां जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराएं

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

जिला निर्वाचन-डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए मतदेय स्थलों के निर्धारण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश तथा आयुक्त, बरेली मंडल के निर्देशों के क्रम में सितंबर 2025 में राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों के निर्धारण के संबंध में सुझाव एवं प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों के निस्तारण के बाद जनपद में पूर्व से निर्धारित 10 मतदेय स्थलों के स्थान पर अब 14 मतदेय स्थल निर्धारित किए गए हैं। 21 सितंबर 2026 तक जनपद में कुल 4794 मतदाता पंजीकृत हैं। डीएम ने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि निर्धारित 14 मतदेय स्थलों के संबंध में यदि कोई सुझाव अथवा आपत्ति अभी भी शेष हो तो उसे 23 सितंबर 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे तक जिला निर्वाचन कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें, ताकि आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए निर्धारित तिथि 24 सितंबर 2026 को प्रस्ताव आयुक्त, बरेली मंडल को भेजा जा सके। बैठक में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 तथा ईवीएम की एफएलसी के पश्चात होने वाली मॉकपोल प्रक्रिया के संबंध में भी राजनीतिक दलों को जानकारी दी गई। डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ईवीएम की एफएलसी का कार्य चल रहा है, जो 22 सितंबर 2026 को पूर्ण हो जाएगा। एफएलसी कार्य पूर्ण होने के उपरांत आयोग की गाइडलाइन के अनुसार एफएलसी-ओके कंट्रोल यूनिट की पांच प्रतिशत मशीनों में मॉकपोल कराया जाएगा।



जनपद में 3644 कंट्रोल यूनिट को एफएलसी-ओके के रूप में चिह्नित किया जा रहा है। इनमें से पांच प्रतिशत यानी 182 मशीनों पर मॉकपोल की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। मॉकपोल के लिए मशीनों का चयन राजनीतिक दलों द्वारा रैंडम आधार पर किया जा सकता है तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि स्वयं भी मॉकपोल प्रक्रिया में उपस्थित रहकर उसका अवलोकन कर सकते हैं। निर्धारित प्रक्रिया के तहत एक प्रतिशत अर्थात 36 मशीनों में 1,200 वोट, दो प्रतिशत अर्थात 73 मशीनों में 1,000 वोट तथा शेष दो प्रतिशत अर्थात 73 मशीनों में 500 वोट का मॉकपोल कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक प्रतिशत के अंतर्गत चयनित 36 मशीनों में 4 बीयू, 1 सीयू एवं 1 वीवीपैट को जोड़कर 64 वोट का लोड टेस्ट किया जाएगा तथा वीवीपैट स्लिप की गणना का सीयू काउंट से मिलान किया जाएगा। डीएम ने बताया कि मॉकपोल की प्रक्रिया 23 सितंबर को सुबह 9 बजे से डीएम कंपाउंड स्थित ईवीएम वेयरहाउस में प्रारंभ होगी। राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे मॉकपोल की संपूर्ण प्रक्रिया में स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर प्रक्रिया का अवलोकन करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नशे में ई-रिक्शा चलाकर सवारियों की जान जोखिम में डालना पड़ा भारी

- यातायात पुलिस ने ई-रिक्शा किया सीज



**शाहजहांपुर।** दोपहर जीआईसी तिराहा पर यातायात ड्यूटी में तैनात महिला हेड कांस्टेबल मोनी देवी द्वारा सवारियों से भरे एक ई-रिक्शा चालक को नशे की हालत में सवारियों से अभद्रता करते हुए देखा गया। महिला हेड कांस्टेबल द्वारा तत्काल प्रभारी यातायात को सूचना दी गई। सूचना पर प्रभारी यातायात द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर ई-रिक्शा चालक का ब्रेथ एनालाइजर से परीक्षण कराया गया, जिसमें चालक के शरीर में एल्कोहल की मात्रा पायी गयी। नशे की हालत में ई-रिक्शा चलाते पाए जाने पर यातायात पुलिस द्वारा ई-रिक्शा को सीज कर पुलिस लाइन में खड़ा कराया गया। प्रभारी यातायात द्वारा कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना स्वयं चालक के साथ-साथ सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा है। ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के वाहनों में यात्रा न करें तथा ऐसे मामलों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। यातायात नियमों का पालन करें, स्वयं सुरक्षित रहें एवं दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

## खबरें एक नजर में

### हनुमान अंश की टीम से जितिन प्रसाद ने की मुलाकात



**शाहजहांपुर।** बाबा नीब करौरी महाराज जी के जीवन पर आधारित हनुमान अंश फ़िल्म की टीम से केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने वाणिज्य भवन स्थित कार्यालय में मुलाकात की। यह जानकारी श्री प्रसाद के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान श्री प्रसाद ने अपनी बुआ जया प्रसाद जी द्वारा लिखित श्री सिद्धि माँ पुस्तक को टीम को भेंट किया एवं महाराज जी की आध्यात्मिक यात्रा पर काफी देर तक चर्चा की। श्री प्रसाद का भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़े विषयों पर भी टीम के साथ सार्थक संवाद हुआ। मुलाकात में फ़िल्म के निर्देशक डॉ. विशाल चतुर्वेदी,मुख्य कलाकार शोभिनव सत्या, गायक साधु तिवारी मौजूद थे।

### गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा नाहिल



**पुवायां, शाहजहांपुर।** विकासखंड पुवायां की ग्रामसभा नाहिल में गणेश मूर्ति विसर्जन समारोह श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान गणेश के जयकारे लगाए। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में पुवायां भाजपा विधायक के पुत्र नीरज कुमार ने गणेश स्थापना के आयोजक बालेन्द्र मिश्रा एवं विनय शुक्ला के साथ विधिवत पूजन–अर्चन किया और विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। इस अवसर पर आयोजकों एवं ग्रामवासियों ने भगवान गणेश से क्षेत्र में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर सहभागिता की।

### महिला कल्याण समिति ने आयोजित किया नेत्र परीक्षण शिविर



**लखीमपुर।** सामाजिक संस्था महिला कल्याण समिति ने स्थानीय गांधी बालोद्यान स्कूल में बच्चों के लिए नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया। शहर के प्रमुख नेत्र डॉक्टर रूपक टंडन अपनी धर्मपत्नी श्रीमती शिखा के साथ स्कूल में बच्चों की सेवा के लिए पधारे, उन्होंने बच्चों के आँखों की जांच कर उन्हें आवश्यक जानकारी भी दी तथा बच्चों को आँखों की स्वच्छता और नियमित देखभाल के लिए उन्हें जागरूक भी किया। कार्यक्रम का प्रारंभ समिति की अध्यक्ष श्रीमती पूनम आगा नेत्र चिकित्सक डॉक्टर रूपक टंडन उपाध्यक्ष रत्ना मिश्रा सचिव मधु ढींढा और कोषाध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया । इस शिविर में 120 बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया । इस अवसर पर सम्मान स्वरूप डॉ रूपक टंडन तथा विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती हेमलता को स्मृति चिह्न भेंट किया गया । समिति की उपाध्यक्ष रत्ना मिश्रा ने सभी अतिथियों, विद्यालय परिवार एवं समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मधु ढींढा ने किया ।

### हनी मेहरोत्रा की हृदय गति रुकने से मौत

**मोहम्मदी।** नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया के भतीजे हनी मेहरोत्रा (28) अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गई जिससे शोक की लहर दौड़ गई है। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह,ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई,अमित भसीन,पूर्व ब्लाक प्रमुख जयकरन बाजपेई उर्फ नंगू, संजीव मेहरोत्रा,नरेंद्र रस्तोगी, आशीष रस्तोगी,गोपाल रस्तोगी,तमाम गणमान्य लोगों ने आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### फुटेज ने खोली वारदात से पहले की परत



**लखीमपुर खीरी।** चिल्ड्रंस एकेडमी में कंप्यूटर शिक्षिका निशात फातिमा की हत्या के मामले में सामने आई सीसी कैमरे की फुटेज ने घटना से पहले की कई अहम तस्वीरें सामने ला दी हैं। फुटेज में सऊद शिक्षिका का हाथ पकड़े हुए उसे अपने साथ पहली मंजिल की ओर ले जाता नजर आ रहा है। जिस समय यह घटनाक्रम हुआ, उस दौरान विद्यालय परिसर में बच्चे और कर्मचारी मौजूद थे। इसके बावजूद युवक को रोकने या उसकी गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस अथवा विद्यालय प्रबंधन तक पहुंचाने का प्रयास नहीं हुआ। फुटेज में दिखाई दे रहे घटनाक्रम से यह बात सामने आती है कि सऊद शिक्षिका को लेकर सीधे ऊपर की ओर गया था। दोनों के बीच पहले से परिचय और प्रेम संबंध होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से दोनों के रिश्ते में तनाव था। निशात द्वारा दूरी बनाए जाने से सऊद नाराज चल रहा था। परिजन के अनुसार, निशात के परिवार की ओर से सऊद के घर शादी के रिश्ते को लेकर बातचीत भी की गई थी। वहां से अपेक्षित जवाब नहीं मिलने के बाद निशात ने उससे दूरी बनानी शुरू कर दी थी। हालांकि इन परिस्थितियों का हत्या से सीधा संबंध क्या था, यह पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। दूसरे दिन सऊद के परिजनों ने भी पुलिस को एक प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया है जिसमें शिक्षिका और उसके परिजनों के द्वारा आर्थिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

## सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रमों को लेकर सीडीओ ने की बैठक



**शाहजहांपुर।** सेवा संकल्प अभियान–2026 से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के अंतर्गत 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले विभिन्न सेवा, जनकल्याण, जनजागरूकता एवं जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की गई। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत निर्धारित सभी कार्यक्रमों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए। उन्होंने 'मेरे सपनों का भारत', 'विकसित भारत', 'सेवा की कहानी', 'सेवा मेरा योगदान', 'सेवा हेतु अभियान' एवं 'सरकार आपके द्वार' सहित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। विद्यालयों में प्रतियोगिताएं, लाभार्थियों की सफलता की कहानियों का प्रचार–प्रसार, आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, दीप प्रज्वलन, रक्तदान शिविर, रंगोली, सोशल मीडिया पर रील प्रतियोगिता, चौपाल एवं अन्य जनभागीदारी वाले कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से आयोजित कराने के निर्देश दिए गए।सीडीओ ने कहा कि अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की गतिविधियों को निर्धारित पोर्टल पर समय से अपलोड किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और सभी तैयारियां समय से पूर्ण कराते हुए अभियान को सफल बनाया जाए।इस दौरान एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, डीडीओ सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल, नगरायुक्त ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत राज्य सेक्टर योजनान्तर्गत निर्माणाधीन विभिन्न सड़कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय आशीष त्रिवेदी, मुख्य अभियन्ता साथ में रहे। महमंद जलालनगर में मुर्सली मस्जिद से लिबास टेलर्स के के मकान के पीछे से होते हुए मुमताज मेम्बर के मकान के पास तक नाली एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण में उक्त सीसी ढलाई का कार्य प्रगति पर पाया गया। सीसी एवं बेस की थिकनेस मानक के अनुरूप पायी गयी। मौके पर उपस्थित मुख्य अभियन्ता को उक्त कार्य त्वरित गति से शीघ्र पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। खिरनीबाग गोकुल धाम कालोनी की गलियों में नाली एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण में 50 प्रतिशत सीसी कार्य पूर्ण पाया गया तथा शेष कार्यान्तर्गत नाली चिनाई का कार्य प्रगति पर पाया गया जिसमें से औचक 3 ईंट निकालकर स्ट्रेन्थ की जांच हेतु लैब भेजे जाने हेतु मुख्य अभियन्ता को निर्देशित।



सुभाष नगर में मुख्य मार्ग पर हेल्थ केयर हास्पिटल से केजीएन हाउस के पास तक नाली एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य के निरीक्षण में सीसी सड़क के मध्य पुलिया की सतह सीसी रोड से नीचे पायी गयी जिस कारण वहॉ पर जल भराव हो जाता है। जलभराव की समस्या के समाधान हेतु सीसी रोड को पुलिया की सतह से मिलाने हेतु मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया। कुछ जगहों पर नाली में पानी का बहाव सही नही पाया गया जिस पर नाली का बेड लेवल सही कराने हेतु मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया। उक्त स्थल पर प्रथम दृष्टया ग्रूफ कटिंग सही नही पाये जाने पर मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि ग्रूफ कटिंग की गहराई (एक निश्चित अंतराल पर) तथा सीसी रोड की थिकनेस के अनुपात में मानक के अनुरूप करायी जाये।ककराखुर्द में नाजों के खोखे से नहीम के मकान होते हुए खेड़े वाली मस्जिद के पास तक नाली एवं सीसी सड़क निर्माण कार्यान्तर्गत सीसी थिकनेस की जॉच प्रथम दृष्टया सही पायी गयी। कार्य प्रगति पर पाया गया जिसमें क्योरिंग का कार्य होता पाया गया। मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया कि जिन स्थलों पर सीसी रोड निर्माण के कारण सड़क ऊँची हो गयी है और सम्पर्क मार्ग नीचे हो गये है, ऐसे समस्त स्थलों पर सीसी सड़क से रैम्प बनवाकर सम्पर्क मार्गो से मिलवाकर आवागमन योग्य किया जाये तथा समस्त निर्माणाधीन सड़कों को शीघ्र गति से कार्य कराकर पूर्ण कराया जाये।

# 322 दिव्यांगजनों को मिले कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**

सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत मंगलवार को राजा कॉलेज मैदान, लालबाग में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वृहद कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 322 दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए गए। वितरण में 211 ट्राईसाइकिल, 36 बैसाखी, 12 कान की मशीन, 10 मानसिक मंदित किट, 10 लेप्रोसी किट, 13 स्मार्ट केन, 15 व्हीलचेयर और 15 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल शामिल रहीं। इसके अलावा ओ-लेवल एवं सीसीसी प्रमाण पत्र तथा शादी अनुदान योजना के लाभार्थियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।




कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने कहा कि दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण एवं सशक्तीकरण के लिए कार्य कर रही है। वहीं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान सेवा, सहयोग और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. ने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से दिलाया जाए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, लाभार्थी एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## महोली में 206 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह संपन्न



**महोली।** कृषक इंटर कॉलेज मैदान महोली में मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मौजूदगी में 206 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, ब्लॉक प्रमुख महोली एवं पिसावां, उपजिलाधिकारी महोली, जिला समाज कल्याण अधिकारी, खंड विकास अधिकारी ऐलिया व महोली, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका महोली समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विवाह समारोह में ऐलिया के 66, महोली के 54, पिसावां के 70, हरगांव के 9 तथा महोली नगर पालिका के 7 जोड़े शामिल हुए। इनमें 194 हिंदू और 12 मुस्लिम जोड़े रहे। सभी जोड़ों का विवाह संबंधित रीति–रिवाजों के अनुसार कराया गया। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 21 हजार रुपये की सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि 64 हजार रुपये कन्या के खाते में हस्तांतरित किए जाएंगे। इसके अलावा आयोजन पर प्रति जोड़ा 15 हजार रुपये की दर से व्यय किया जाएगा। इस प्रकार योजना के तहत प्रति जोड़े कुल एक लाख रुपये की धनराशि का प्रावधान है।

# दुधवा पर्यटन रेंज में धूमधाम से मनाया गया विश्व गैण्डा दिवस

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर।**

सुनील चौधरी प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष चीफ गैस्ट थे।विशिष्ट अतिथि के रुप में अनुराधा वेमुरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश, लखनऊ उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में आयोजित हुआ तकनीकि सत्र। इस सत्र में सेवानिर्वत प्रधान मुख्य वन संरक्षक हेमंत कुमार द्वारा भी अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किया गया। ''विष्व गैण्डा दिवस'' के अवसर पर श्री सुनील चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेष, लखनऊ की अध्यक्षता में दुधवा पर्यटन परिसर में विष्व गैण्डा दिवस का आयोजन बड़ी धूम-धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दुधवा पर्यटन परिसर में जागरूकता कार्यक्रमों के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगी कार्यक्रमों का आयोजन स्कूली छात्र/छात्राओं के मध्य किया गया, जिसमें छात्र/छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में आयोजित प्रथम प्रतियोगिता मिट्टी से वन्य जीव मूर्ति निर्माण प्रतियोगिता में दि नेचर सोसाइटी की कक्षा-12 की छात्रा सिमरन प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय के छात्र प्रखर गुप्ता कक्षा-7 द्वितीय एवं विवेकानंद एकेडमी पलिया की छात्रा नन्दिनी षर्मा कक्षा-11 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। भारतीय गैण्डा संरक्षण पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में दून इण्टरनेषनल स्कूल की छात्रा षीतल मौर्या कक्षा-11 को प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रा ओमी षाह कक्षा-11 को द्वितीय एवं जिला पंचायत इण्टर



कालेज की छात्रा आलिया कक्षा-10 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। गैण्डा संरक्षण पर आधारित पजल प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र षौर्य षुक्ला एवं इसान यादव कक्षा-10 को प्रथम स्थान, दि इण्डियन एकेडमी स्कूल पलिया के छात्र जसमनदीप कौर कक्षा-12, सोषन प्रिंस कक्षा-10 को द्वितीय स्थान एवं दून इण्टरनेषन स्कूल पलिया की छात्रा कृतिका सिंह एवं अंषिका कक्षा-11 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नुक्कड नाटक प्रतियोगिता में वल्देव वैदिक इण्टर कालेज विद्यार्थी एकनूर, कपिल अहमद, विवके, अरुन, निहाल, आस्था को प्रथम स्थान, दि इण्डियन एकेडमी स्कूल पलिया के विद्यार्थी आन्या लोधी, पलक जहान, अहाना श्रीवास्तव, सोनम गौतम, षाहिया गुप्ता, सुखमनी कौर, राघव अवस्थी, जहीन खॉ, अग्रिम गुप्ता को द्वितीय स्थान एवं दून इण्टरनेषनल स्कूल पलिया के विद्यार्थी अमाया मिश्रा, ओजस षर्मा, विवान अवस्थी, कृति गुप्ता, एंजिला, वीर प्रताप सिंह एवं हार्दिक गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उपरोक्त समस्त छात्र/छात्राओं को पार्क प्रषासन द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया तथा सभी बच्चों के उज्जवल भविश्य की कामना की गयी। इस अवसर पर स्थानीय थारू समुदाय के लोगों द्वारा अपनी पारम्परिक संस्कृति संबंधी प्रस्तुति का आयोजन किया गया तथा उन्हे भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी को गैण्डों के पर्यावरण में महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुयें गैण्डों के संरक्षण व सम्वर्धन के बारे में आगृह किया गया। स्थानीय लोगो से गैण्डा संरक्षण में अपनी योगदान हेतु अपील की गयी। कार्यक्रम के दौरान फोटों प्रर्दशनी का भी उच्चाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया तथा फोटोंग्राफी की सराहना की गयी।

**सूचना**

आजाद सिंह के स्थान पर आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश आजाद यादव लिख गया है, अभिलेखों में आजाद सिंह (AZAD SINGH) पुत्र भगवान शरण दर्ज है जोकि सही है। इसी नाम से मुझे जाना पहचाना जाए। **निवासी मानगढ़, म. रावतपुर, तहसील जलालाबाद शाहजहांपुर।**

# मौके पर पहुंचे पत्रकार तो सामने आई विवाद की असली कहानी

- ग्रामीण बोले- मारपीट नहीं हुई उल्टा लड़के ने ही की विधायक से अभद्रता

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

न्यूरिया थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में भाजपा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद और उनके सुरक्षा कर्मी पर गाली-गलौज, धमकी तथा मारपीट के आरोपों को लेकर सामने आए विवाद ने अब नया मोड़ ले लिया है। मानपुर निवासी प्रेमशंकर की ओर से लगाए गए आरोपों और सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर की गई शिकायत के बाद जहां मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया, वहीं घटनास्थल पंच प्रयाग आश्रम एवं मंदिर पर पत्रकारों द्वारा पहुंचकर की गई स्थानीय पड़ताल में मौजूद लोगों ने घटना का अलग पक्ष सामने रखा। प्रेमशंकर की ओर से विधायक स्वामी प्रवक्तानंद और उनके सुरक्षा कर्मी पर अभद्रता, धमकी और मारपीट के आरोप लगाए गए हैं तथा मामले में कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की गई है। लेकिन शुरू से ही विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने पूरे प्रकरण को अपने खिलाफ सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा है कि यदि मौके पर निष्पक्ष जांच कराई जाए तो वास्तविकता स्वयं सामने आ जाएगी।

**मंदिर की बैठक में पहुंचे थे विधायक, विकास के लिए ढाई लाख की घोषणा:** विधायक स्वामी प्रवक्तानंद के अनुसार ग्रामीणों की ओर से उन्हें पंच प्रयाग मंदिर में सहयोग और दर्शन के लिए आमंत्रित किया गया था। मंदिर परिसर के विकास को लेकर वहां बातचीत चल रही थी। उन्होंने मंदिर के विकास के लिए ढाई लाख रुपये देने की घोषणा की थी, जिसमें से एक लाख 25 हजार रुपये दिए जाने की बात भी



विधायक की ओर से निर्माण के लिए दिए गए। वहीं विधायक का कहना है कि मंदिर निर्माण, भागवत कथा और अन्य धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों के साथ बातचीत चल रही थी। इसी दौरान मानपुर निवासी प्रेमशंकर अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचे और गांव के तालाब की समस्या को लेकर तत्काल तालाब खुदवाने की मांग करने लगे। विधायक ने कहा उन्होंने मामले को टालने के बजाय तत्काल मौके पर ही एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह से फोन पर बात की और समस्या को देखने के लिए टीम भेजने को कहा। उनका आरोप है कि इसके बावजूद प्रेमशंकर और उनके साथ मौजूद लोग जल्दबाजी करते हुए उग्र हो गए और उनकी तरफ बढ़ने लगे। विधायक का कहना है कि स्थिति को गंभीर होते देख उनके सुरक्षा कर्मी राजकुमार ने बीच-बचाव करते हुए प्रेमशंकर को पीछे किया और दूर हटकर बात करने को कहा। विधायक ने साफ किया कि अभद्रता उनकी ओर से अथवा उनके सुरक्षा कर्मी की ओर से नहीं, बल्कि प्रेमशंकर और उनके साथ मौजूद लोगों की ओर से की गई थी।

**विधायक बोले- राजनीतिक कारणों से बदनाम करने की कोशिश:** स्वामी प्रवक्तानंद ने आरोप लगाया कि उन्हें राजनीतिक रूप से बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उनका कहना है कि प्रेमशंकर एक पूर्व जनप्रतिनिधि के करीबी रिश्तेदार हैं और राजनीतिक कारणों से उनके खिलाफ लगातार माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि यदि किसी निष्पक्ष अधिकारी अथवा जांच टीम को मौके पर भेजकर पूरे घटनाक्रम की जांच कराई जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी। इस पूरे प्रकरण का एक पहलू शिकायत और आरोपों से जुड़ा है, जबकि दूसरा पहलू घटनास्थल पर मौजूद लोगों द्वारा बताए जा रहे घटनाक्रम से सामने आ रहा है। सोमवार को प्रेमशंकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी करते हुए शिकायत देकर कार्रवाई की मांग कर चुके हैं। अब घटनाक्रम में राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि विवाद के बाद पूर्व में भाजपा के एक बड़े नेता और पूर्व जनप्रतिनिधि से जुड़े लोगों की सक्रियता बढ़ी।

## खूनी संघर्ष, घर में घुसकर धारदार हथियारों से हमला, चार घायल

**पीलीभीत।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के खमरिया पुल गांव में भतीजी की शादी को लेकर शुरू हुई कथित रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि शादी से नाराज पड़ोसी युवक और उसके परिजन घर में घुस आए और लाठी–डंडों के साथ बांका व दराती से हमला कर दिया। घटना में दो महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित अजय पाल के मुताबिक, गांव का रवि उसकी भतीजी से शादी करना चाहता था। परिवार ने उसकी शादी 20 सितंबर को मंदिर में करा दी। आरोप है कि शादी की जानकारी के बाद से ही दूसरे पक्ष के लोग नाराज थे।

**अदालती सूचना**

**ता. पेशी 24.09.2026 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर**

मूलवाद संख्या 426 वर्ष 2025 श्रीमती रूचि चैहान पुत्री अहिवरन सिंह पत्नी प्रमोद चैहान नि.ग्रा. मुर्चा हरिपालपुर थाना हरबल जिला हरदोई हाल निवासी मो. अजीजगंज थाना कोतवाली शाहजहांपुर ...प्रार्थिनी/वादिनी

बनाम

प्रमोद चैहान पुत्र यदुराज सिंह नि.ग्रा. रूनी थाना जहांनगंज पोस्ट व जिला फरूखाबाद ...प्रतिवादी

हरगाह श्रीमती रूचि चैहान वादिनी उक्त ने आपके नाम एकनालिश वावत विवाह विच्छेद के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 24.09.2026 ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील मुकदमें की कार्यवाही से वाकिफ किया गया हाजिर हो जबाव दाखिल करे उसी रोज दस्तावेज पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वैगर हाजिरी मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत मोहर अदालत से तारीख 18.09.2026 में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/रीडर अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर।

## भारत के सामने चुनौती

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार और आर्थिक नीतियां भारत के लिए लगातार नई चुनौतियां पैदा कर रही हैं। अमेरिका के साथ भारत के रिश्ते केवल रणनीतिक और कूटनीतिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं भी व्यापक व्यापारिक संबंधों से जुड़ी हैं। ऐसे में अमेरिकी संरक्षणवादी नीतियों का सीधा असर भारतीय निर्यात, सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि उद्योग और ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ सकता है। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत रखते हुए अपने आर्थिक हितों की रक्षा कैसे करे। रूस और ईरान से तेल खरीदने वाले देशों पर अमेरिकी शुल्क का प्रावधान इसी चुनौती को गंभीर बनाता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करता है और रूस उसके प्रमुख कच्चे तेल आपूर्तिकर्ताओं में शामिल है। यदि रूसी तेल खरीदने के कारण भारतीय उत्पादों पर भारी अमेरिकी शुल्क लगाया जाता है तो इसका प्रभाव केवल तेल व्यापार तक सीमित नहीं रहेगा। भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता प्रभावित होगी और अमेरिका में भारतीय उत्पाद महंगे हो सकते हैं। इससे वस्त्र, इंजीनियरिंग उत्पाद, रत्न एवं आभूषण सहित कई क्षेत्रों पर दबाव बढ़ सकता है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका भारतीय वस्तुओं के प्रमुख निर्यात बाजारों में है। भारत के लिए रूस से सस्ती ऊर्जा प्राप्त करना आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, वहीं अमेरिका का बाजार भारतीय उद्योग और निर्यातकों के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है। इस दोहरी निर्भरता के बीच भारत को अत्यंत संतुलित नीति अपनानी होगी। ऊर्जा सुरक्षा और निर्यात हितों में किसी एक को दूसरे की कीमत पर कमजोर करना दीर्घकालिक रूप से उचित नहीं होगा। ट्रंप प्रशासन की वीजा नीति भी भारत के लिए कम महत्वपूर्ण चुनौती नहीं है। अमेरिका में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी पेशेवरों की बड़ी संख्या काम करती है। एच-1बी वीजा व्यवस्था में शुल्क, वेतन मानदंड और चयन प्रक्रिया से जुड़े प्रस्तावों में सख्ती का असर भारतीय पेशेवरों और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों पर पड़ सकता है। नौकरी समाप्त होने के बाद विदेशी कर्मचारियों को मिलने वाली अवधि में बदलाव जैसे प्रस्ताव भी अनिश्चितता बढ़ाते हैं। इसका प्रभाव केवल अमेरिका में कार्यरत भारतीयों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भारत की सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों की वैश्विक कार्यप्रणाली पर भी पड़ सकता है। दवा उद्योग के लिए अमेरिकी बाजार का महत्व इससे भी अधिक है। भारतीय औषधि कंपनियां बड़ी मात्रा में जेनेरिक दवाओं का निर्यात करती हैं और अमेरिका उनका महत्वपूर्ण बाजार है। यदि भारतीय जेनेरिक दवाओं पर ऊंचा शुल्क लागू होता है तो कंपनियों की लागत बढ़ सकती है और अमेरिकी बाजार में उनकी प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति प्रभावित हो सकती है। इसका व्यापक असर दवा उद्योग में निवेश और रोजगार पर भी पड़ सकता है। हालांकि अमेरिकी दवा नीति में प्रस्तावित प्रावधानों के अंतिम स्वरूप और उनके वास्तविक प्रभाव का आकलन लागू होने के बाद ही अधिक स्पष्ट होगा। व्यापार के मोर्चे पर एक और चिंता अमेरिकी प्रशासन के उन आरोपों से जुड़ी है जिनमें भारत समेत कई देशों पर चीन के माध्यम से अमेरिकी शुल्क से बचने वाले व्यापारिक नेटवर्क का हिस्सा होने की बात कही गई है। भारत ने इन आरोपों को खारिज किया है। ऐसे मामलों में भारत को भावनात्मक प्रतिक्रिया के बजाय दस्तावेजी तथ्यों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों के आधार पर अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए। व्यापारिक विवादों का समाधान संवाद और संस्थागत तंत्र के माध्यम से करना दोनों देशों के हित में होगा। इसी संदर्भ में प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता महत्वपूर्ण हो जाता है। भारत को किसी भी समझौते में केवल अमेरिकी बाजार तक पहुंच बढ़ाने पर ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि अपने संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की भी रक्षा करनी होगी। औषधि, कृषि, वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, मसाले, हस्तशिल्प और छोटे उद्योगों से जुड़े निर्यातकों की चिंताओं को समझौते में पर्याप्त महत्व मिलना चाहिए। शुल्क में कमी और बाजार पहुंच के साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि समझौते की शर्तें भारतीय उद्योग के लिए असंतुलित न बनें। सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता भारत की व्यापारिक निर्भरता को विविध बनाने की है। किसी एक देश या क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता हमेशा जोखिम पैदा करती है। भारत को लैटिन अमेरिका, अफ्रीका, पश्चिम एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया में अपने निर्यात बाजारों का विस्तार करना चाहिए। यूरोपीय संघ और अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ व्यापार समझौतों को आगे बढ़ाने से भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर पैदा हो सकते हैं। भारत को अमेरिका से संबंधों में टकराव का रास्ता नहीं अपनाना चाहिए, लेकिन आर्थिक हितों से समझौता भी नहीं किया जा सकता। अमेरिका भारत का महत्वपूर्ण रणनीतिक और व्यापारिक साझेदार है, किंतु साझेदारी का अर्थ एकतरफा निर्भरता नहीं होना चाहिए। बदलती अमेरिकी नीतियों के बीच भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों, निर्यात, रोजगार, उद्योग और तकनीकी क्षेत्र के हितों को केंद्र में रखकर नीति बनानी होगी।

### दो टूक




# युद्ध की राख से शांति का नया संसार कैसे बने?


ललित गर्ग

इन युद्धों की सबसे बड़ी कीमत सैनिकों से कहीं अधिक आम नागरिक चुका रहे हैं। घर उजड़ते हैं, बच्चे शिक्षा से वंचित होते हैं, अस्पताल और ऊर्जा व्यवस्था प्रभावित होती है, रोजगार समाप्त होते हैं और लाखों लोग विस्थापित होते हैं। युद्ध केवल वर्तमान को नहीं जलाता, वह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी कमजोर करता है।

21 सितम्बर का अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस इस वर्ष ऐसे समय में आया है, जब दुनिया को शांति की सबसे अधिक जरूरत है। रूस-यूक्रेन युद्ध लंबा खिंच चुका है, पश्चिम एशिया में इजराइल-गाजा संघर्ष की मानवीय त्रासदी समाप्त नहीं हुई है और 2026 में अमेरिका-इजराइल तथा ईरान के बीच भीषण सैन्य संघर्ष ने पूरे क्षेत्र की सुरक्षा एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। ऐसे वातावरण में शांति केवल एक आदर्श या कूटनीतिक शब्द नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व की अनिवार्य शर्त बन गई है। संयुक्त राष्ट्र ने 2026 के अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस की थीम रखी है- 'शांति में निवेश करें-सभी के लिए, हर जगह, हर दिन।' संयुक्त राष्ट्र के अनुसार शांति का अर्थ केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि सुरक्षा, गरिमा, अवसर और सहयोग का ऐसा वातावरण है जिसमें मनुष्य भयमुक्त होकर जीवन जी सके। इस वर्ष विशेष रूप से उन 'रोजमर्रा के शांति-निर्माताओं' को रेखांकित किया जा रहा है, जो अपने परिवार, समुदाय, विद्यालय और समाज में संवाद तथा विश्वास की नींव मजबूत करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भी शांति की खोज एवं शांति की स्थापना में होना चाहिए। ब्रिक्स 2026 की अध्यक्षता करते हुए भारत ने शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के महत्व को ही रेखांकित किया है।
दक्षिण-एशियाईऔर प्रवासी

दुनिया की वर्तमान स्थिति इस संदेश को और महत्वपूर्ण बनाती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के साढ़े चार वर्ष से अधिक समय बाद भी हिंसा समाप्त नहीं हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जुलाई 2026 में यूक्रेन में कम-से-कम 437 नागरिक मारे गए और 2,610 घायल हुए-मार्च 2022 के बाद किसी एक महीने में दर्ज सबसे अधिक नागरिक क्षति में से एक है। मिसाइलों, ड्रोन और हवाई हमलों ने शहरों, ऊर्जा ढांचे और सामान्य नागरिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। सितंबर में अमेरिका, रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता फिर शुरू करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई है, लेकिन क्षेत्रीय नियंत्रण सहित कई महत्वपूर्ण प्रश्न अभी भी विवादित हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति भी विश्व-शांति के लिए गंभीर चुनौती है। गाजा में संघर्ष और मानवीय संकट पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार सितंबर 2026 में भी वहां हवाई हमलों और सैन्य कार्रवाइयों के कारण नागरिकों की मौतें जारी थीं और बड़ी संख्या में लोग विस्थापित जीवन जी रहे थे। दूसरी ओर, फरवरी 2026 से अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच शुरू हुआ संघर्ष क्षेत्रीय तनाव को व्यापक बना चुका है। ईरान के हमलों और अमेरिकी तथा इजराइली सैन्य कार्रवाइयों ने केवल संबंधित देशों को ही नहीं, बल्कि खाड़ी क्षेत्र, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों को भी प्रभावित किया है। सितंबर में भी इस युद्ध के समाप्त होने की स्पष्ट स्थिति नहीं बनी थी।




इन युद्धों की सबसे बड़ी कीमत सैनिकों से कहीं अधिक आम नागरिक चुका रहे हैं। घर उजड़ते हैं, बच्चे शिक्षा से वंचित होते हैं, अस्पताल और ऊर्जा व्यवस्था प्रभावित होती है, रोजगार समाप्त होते हैं और लाखों लोग विस्थापित होते हैं। युद्ध केवल वर्तमान को नहीं जलाता, वह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी कमजोर करता है। इसलिए शांति की चर्चा केवल सीमाओं और सेनाओं के संदर्भ में नहीं, बल्कि मानवाधिकार, विकास, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा के संदर्भ में भी करनी होगी। शांति स्थापित करने का पहला रास्ता संवाद है। युद्धरत देशों के बीच प्रत्यक्ष संवाद कठिन हो सकता है, लेकिन असंभव नहीं। युद्ध के बीच भी मानवीय गलियारे, युद्धविराम, कैदियों की अदला-बदली, नागरिकों की सुरक्षा और मानवीय सहायता के रास्ते खुले रखने चाहिए। स्थायी शांति के लिए बातचीत में केवल शक्तिशाली देशों की भूमिका पर्याप्त नहीं है; क्षेत्रीय देशों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, नागरिक समाज और प्रभावित समुदायों की आवाज भी शामिल होनी चाहिए।

दूसरा रास्ता है हथियारों की दौड़ के बजाय शांति में निवेश। दुनिया सैन्य क्षमता पर जितना खर्च करती है, उसका एक हिस्सा यदि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जलवायु संरक्षण और संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण पर लगाया जाए तो हिंसा की जड़ों को कमजोर किया जा सकता है। शांति केवल युद्ध समाप्त करने से नहीं आती; गरीबी, असमानता, बेरोजगारी, भेदभाव और अवसरों की कमी जैसे कारणों पर काम करना भी शांति-निर्माण का हिस्सा है। तीसरा महत्वपूर्ण उपाय है विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को मजबूत करना। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना ही अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुई थी। आज आवश्यकता इस बात की है कि बहुपक्षीय संस्थाएं अधिक प्रभावी, प्रतिनिधित्वपूर्ण और जवाबदेह बनें। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने 2026 के संदेश में कूटनीति, संवाद, बातचीत, शांति स्थापना, मानवाधिकार और सतत विकास में निवेश को स्थायी शांति के महत्वपूर्ण साधन बताया है।

भारत की शांति-दृष्टि भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। पंचशील के सिद्धांत-एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान, आक्रामकता से परहेज, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना, समानता एवं पारस्परिक लाभ तथा शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व-अंतरराष्ट्रीय संबंधों में संवाद और सह-अस्तित्व की अवधारणा को मजबूत करते हैं। महावीर का अहिंसा संदेश, बुद्ध की करुणा, गांधी का सत्य-अहिंसा दर्शन और आधुनिक भारत की शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की परंपरा दुनिया को यह स्मरण कराती है कि शक्ति का सर्वोच्च रूप विनाश नहीं, संयम और मानवीयता है। शांति केवल सरकारों की जिम्मेदारी भी नहीं है। घर में संवाद, विद्यालय में सहिष्णुता, समाज में भाईचारा और डिजिटल माध्यमों पर जिम्मेदार भाषा-ये सब विश्वशांति की ही छोटी इकाइयां हैं। आज सोशल मीडिया पर नफरत, झूठी सूचनाएं और उकसाने वाली भाषा सामाजिक तनाव को बढ़ाती हैं। इसलिए डिजिटल शांति भी 21वीं सदी की एक बड़ी आवश्यकता है। बच्चों और युवाओं को विवाद का उत्तर हिंसा से नहीं, तर्क, संवाद और सहानुभूति से देना सिखाना होगा।सफेद कबूतर शांति का प्रतीक जरूर है, लेकिन अब प्रतीकों से आगे बढ़कर शांति की ठोस संरचना बनाने का समय है। युद्ध रोकने के लिए कूटनीति, नागरिकों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून, पीड़ितों के लिए मानवीय सहायता, विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता और युद्ध के बाद पुनर्निर्माण के लिए वैश्विक सहयोग-इन सभी को समान महत्व देना होगा। आज दुनिया को यह स्वीकार करना होगा कि किसी देश की सुरक्षा दूसरे देश की असुरक्षा पर स्थायी रूप से आधारित नहीं हो सकती। किसी एक क्षेत्र का युद्ध धीरे-धीरे ऊर्जा, व्यापार, पर्यावरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। इसलिए शांति अब किसी एक राष्ट्र का विषय नहीं, पूरी मानवता का साझा हित है। अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम केवल युद्ध समाप्त होने की प्रतीक्षा न करें, बल्कि अपने-अपने स्तर पर शांति की संस्कृति विकसित करें।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता पर उठते सवाल

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

अमेरिका-ईरान युद्ध हो, रुस-यूक्रेन युद्ध या इसी तरह दुनिया के देशों के सामने आ रही गंभीर समस्याओं के चलते संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रासंगिकता पर सवाल उठने लगे हैं। अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते आज दुनिया के देश ईंधन की समस्या से दो-चार हो रहे हैं। शक्तिशाली देशों के दादागिरी चरम पर पहुंचती जा रही है। आज हार्मुज का रास्ता बंद है तो अन्य वैकल्पिक रास्तों पर भी अवरोध आ रहे हैं। दुनिया के अन्य देशों की समस्याओं के प्रति कोई गंभीर नहीं है। पेट्रोल पदार्थों और एलपीजी की आवाजाही प्रभावित होने से ईंधन के भावों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। उर्जा संकट हो रहा है। आवागमन के साधनों का प्रमुख माध्यम पेट्रोल-डीजल आदि है और उनकी उपलब्धता पर पड़ रहे असर के कारण सभी देशों में सीधे आमजन प्रभावित हो रहे हैं। आखिर ऐसे समय में ही संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। पर जो तस्वीर सामने आ रही हैं। वह साफ है कि युद्ध करने वाले देशों पर दबाव डालने की स्थिति में ना तो कोई वैश्विक संस्था रह गई है और ना ही कोई सर्वमान्य वैश्विक नेता। आखिर यह कोई एक दिन का पराभव तो नहीं हैं बल्कि देखा जाए तो संयुक्त राष्ट्र को तो योजनाबद्ध तरीके से शक्तिहीन किया गया है। अमेरिका जैसे देशों द्वारा बिना वजह फण्डिंग बाधित या कम की जाती है तो वीटो पॉवर स्वयं में नकारात्मक भूमिका में है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में नए सदस्यों के प्रवेश को टाला जा रहा है तो इसे पंगु बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि कोविड के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ ने सकारात्मक भूमिका निभाई।

देशों के बीच परस्पर सहयोग व समन्वय का परिणाम यह रहा कि दुनिया के देश कोविड वैश्विक संकट से मुकाबला करने में सफल रहे।

खैर पर दुनिया के देशों के बीच युद्ध, युद्ध के हालात और तनाव की स्थिति को कम करने में संयुक्त राष्ट्र संघ पूरी तरह विफल रहा है। इस विफलता के कारणों का अलग से विश्लेषण किया जा सकता है। पर एक बात साफ है कि आज संयुक्त राष्ट्र संघ पर समग्र रुप से देखा जाएं तो भरोसा



57 प्रतिशत ही रह गया है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रति नकारात्मक विचार रखने वालों का प्रतिशत 37 प्रतिशत ही है। भरोसे के यह आंकड़े अगस्त 26 के ही हैं और यह प्यू रिसर्च की हालिया रिपोर्ट में सामने आये हैं। दुनिया के देशों में संयुक्त राष्ट्र संघ पर सबसे कम भरोसा करने वाला देश इजराइल है। इजरायल के 79 प्रतिशत लोग संयुक्त राष्ट्र संघ पर भरोसा नहीं रखते।

हालांकि कनाडा, अमेरिका, नाइजीरिया, अधिकांश योरोपीय देश, घाना, केन्या व अधिकांश एशिया प्रशांत के देशों का भरोसा अधिक है। यह देश संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रति सोच सकारात्मक रखते हैं।

नाइजीरिया, फ्रांस यहां तक कि अमेरिका आदि में संयुक्त राष्ट् के प्रति सकारात्मकता में अच्छी खासी गिरावट देखने को मिली है। दुनिया के देशों में एकमात्र श्रीलका ऐसा देश है जहां संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रति भरोसे में बढ़ोतरी देखी गई है।

सवाल यह है कि आज यूएन दुनिया के देशों के बीच संघर्ष या तनाव कम करने में निर्णायक भूमिका नहीं निभा पा रहा है। अमेरिका-ईरान या रुस-यूक्रेन युद्ध सबके सामने है। यह कोई दो देशों के बीच युद्ध नहीं है अपितु इन युद्धों की आंच दुनिया के अधिकांश देशों पर किसी ना किसी रुप में पहुंच रही है। आज वर्चस्व सिद्ध करने या दादागिरी ही एकमात्र ध्येय रह गया है।

पर रुस और अमेरिका अभी भी यह नहीं समझ पा रहे कि युद्धारंभ से पहले चंद घंटों या चंद दिनों का युद्ध समझ कर जोश में आ गए थे आज स्थिति उनके लिए ना निगलते बन रही है और ना उगलते बन रही है। इन युद्धों ने यह भी सिद्ध कर दिया है कि सामने वाला देश कितना भी छोटा क्यों ना हो पर युद्ध को लंबा खींचने की क्षमता उसमें हैं। अमेरिका-इजराइल ने जब ईरान पर आक्रमण किया तब उन्होंने बहुत गाल बजाए थे पर आज जो हालात है वह सबके सामने हैं। यही, रुस यूक्रेन की बात है, चंद दिनों का युद्ध कब सालों लंबा युद्ध होता जा रहा है यह सबके सामने हैं। आज संयुक्त राष्ट्र संघ प्रभावी या कारगर होता तो हालात इतने खराब नहीं होते। आज संयुक्त राष्ट्र संघ नख-दंत विहीन संस्था रह गया है।

अमेरिका सहित विकसित देश फण्डिंग में कमी कर देते हैं या रोक देते हें तो यूएन अपने आप में इतना सक्षम नहीं है कि देशों पर दबाव बना सके। सुरक्षा परिषद का वीटो का अधिकार भी एक प्रमुख बाधा है। सुरक्षा परिषद में भारत के प्रवेश को लंबे समय से रोका जा रहा है। नए सदस्य किसी को स्वीकार ही नहीं हो रहे।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन एक सकारात्मक संदेश के साथ हुआ था। समय आ गया है जब दुनिया के देशों को संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका नए सीरे से तय करनी होगी।

यूएन को दिखावटी संस्था के स्थान पर अधिकारपूर्ण और निर्णय क्षमता युक्त संस्था बनानी होगी। लोगों में विश्वास बनाना होगा कि यूएन केवल संस्था नहीं अपितु वह अपने दायित्वों को पूरा करने और दादागिरी करने वाले देशों पर लगाम लगाने की स्थिति में हो या ना हो पर एक ऐसा भ्रम तो पैदा करने की स्थिति में हो ताकि शक्तिशाली देशों की मोनोपोली को सीमित किया जा सके।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस

## संजा-मिट्टी की खुशबू का पर्व


संजय एम. तराणेकर

हाँ, कच्ची दीवारों पर जब, संजा मुस्कुराती थी,
मिट्टी-गोबर-फूलों से बेटियाँ दुनिया सजाती थीं।
नन्ही-सी उँगलियों में पूरा 'गाँव' उतर आता था,
हर दिन आकृति में मन का सपना मुस्काता था।
सहेलियाँ गीत सुनातीं, हँसी आँगन में गूँजती थी,
नानी-दादी 'लोककथाओं' से शाम महकाती थी।
संजा केवल चित्र नहीं, यह रिश्तों की पहचान थी,
बेटियों के कोमल मन में लोक संस्कृति जान थी।
सोलह दिन तक हर संध्या एक नया उत्सव होता,
मिट्टी के अदने आँगन में बड़ा-सा संसार संजोता।
फिर आती अमावस बेला, संजा 'विदा' हो जाती,
जाते-2 घर-आँगन में यादों की खुशबू छोड़ जाती।



# छात्रों के कार्यक्रम में नकारात्मक राजनीति क्यों?

सुरेश हिंदुस्तानी

लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति संवाद है। सरकार और विपक्ष के बीच वैचारिक विरोध होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। लेकिन जब राजनीतिक संवाद का केंद्र नीतियों और जनसमस्याओं से हटकर व्यक्तियों पर टिप्पणियों, आरोपों, कटाक्षों और उपहास तक सीमित होने लगे तो लोकतांत्रिक विमर्श की गंभीरता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। वर्तमान में भारत की राजनीति में सबसे बड़ा सवाल यह है कि राजनीतिक दल रचनात्मक विरोध की जगह अनुचित आरोप-प्रत्यारोप की परिधि में लगातार सक्रिय हैं। इस प्रकार की राजनीति देश के लोकतंत्र के उत्थान का मार्ग बिलकुल भी तैयार नहीं कर सकती।

अभी कुछ दिनों पूर्व इंदौर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम से जुड़ा मिमिक्री विवाद इसका ताजा उदाहरण है। कार्यक्रम का मूल विषय विद्यार्थियों की समस्याओं, शिक्षा, परीक्षाओं, रोजगार और छात्रावास जैसी चिंताओं से जुड़ा था। लेकिन ऐसा लगा कि कार्यक्रम अपने मूल उद्देश्य से भटक कर आरोपों और व्यक्तिगत खिल्ली उड़ाने पर ही केंद्रित होकर रह गया।

आज चिंता इस बात की है कि छात्रों के सामने समस्या नहीं समाधान की चर्चा होना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने छात्रों के सामने इस अंदाज में अपनी बात रखने का प्रयास किया कि छात्र सरकार के विरोध में खड़े हो जाएं। जिन बातों का उल्लेख छात्रों के समक्ष होना चाहिए, वे मुद्दे भी कार्यक्रम में पूरी तरह गायब दिखाई दिए। ऐसे में सवाल उठता है कि हमारे राजनीतिक दल छात्रों को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं।

हालांकि कार्यक्रम में कुछ मुद्दों पर सरकार पर सवाल भी उठाए। लेकिन ऐसे सवाल छात्रों के बीच नहीं आना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते-ही-देखते राजनीतिक बहस का प्रमुख विषय बन गया। विपक्ष की ओर से इसे राजनीतिक व्यंग्य और अभिव्यक्ति के अधिकार के संदर्भ में देखा गया। क्या अभिव्यक्ति इस प्रकार की होना चाहिए, कदापि नहीं।

यहां प्रश्न केवल मिमिक्री का नहीं है। प्रश्न यह है कि क्या राजनीतिक कार्यक्रमों में गंभीर मुद्दों को केंद्र में रखने के बजाय व्यक्तिगत कटाक्ष और उपहास को अधिक स्थान मिलना चाहिए?




राजनीति में व्यंग्य कोई नई बात नहीं है। लोकतंत्र में व्यंग्य सत्ता से सवाल पूछने का माध्यम भी रहा है। नेता, सरकारें और नीतियां आलोचना के विषय बनती रही हैं। लेकिन व्यंग्य और व्यक्तिगत अवमानना के बीच एक महीन रेखा होती है। राजनीतिक विरोध कितना तीखा हो, यह राजनीतिक परिस्थितियां तय कर सकती हैं लेकिन सार्वजनिक जीवन में भाषा और व्यवहार की मर्यादा का प्रश्न हमेशा बना रहता है।

इस पूरे प्रसंग से एक बड़ा सवाल जरूर निकलता है कि क्या विद्यार्थियों के मंच पर विद्यार्थियों के मूल प्रश्न पीछे छूट जाने चाहिए?

यदि किसी छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल रही, यदि परीक्षा व्यवस्था को लेकर उसके मन में चिंता है, यदि रोजगार उसके भविष्य का सबसे बड़ा प्रश्न है या किसी छात्रा के सामने सुरक्षित और किफायती आवास की समस्या है तो राजनीति का दायित्व है कि वह इन प्रश्नों को मजबूती से उठाए। इन सवालों के उत्तर भी उसी गंभीरता से मांगे जाने चाहिए। विपक्ष यदि सरकार की शिक्षा नीति से असहमत है तो उसे आंकड़ों के साथ अपना पक्ष रखना चाहिए। सरकार यदि विपक्ष के आरोपों को गलत मानती है तो उसे आंकड़ों और तथ्यों के साथ जवाब देना चाहिए। यही स्वस्थ लोकतांत्रिक बहस का रास्ता है।

दुर्भाग्य यह है कि आज आरोप लगाना आसान हो गया है और आरोप का जवाब भी एक नए आरोप से देने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। एक नेता किसी नीति पर सवाल उठाता है तो जवाब में नीति की चर्चा करने के बजाय उसके पुराने बयान खोजे जाते हैं। किसी सरकार के निर्णय पर सवाल उठता है तो विपक्ष के पुराने कार्यकाल की कमियां गिनाई जाती हैं। किसी नेता की आलोचना होती है तो उसके जवाब में दूसरे नेता की आलोचना सामने आ जाती है।

इस प्रकार राजनीतिक संवाद एक ऐसी प्रतिस्पर्धा में बदल जाता है जिसमें यह साबित करने की कोशिश होती है कि सामने वाला अधिक गलत है। लेकिन जनता का सवाल इससे अलग है कि आप क्या करेंगे? राजनीतिक दलों की ठोस योजनाएं क्या हैं। इन सवालों का उत्तर किसी आरोप से नहीं दिया जा सकता।

राजनीति में व्यक्तिगत आक्षेप इसलिए भी चिंता का विषय हैं क्योंकि वे धीरे-धीरे राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बन जाते हैं। नेता जिस भाषा का इस्तेमाल करते हैं, उसका प्रभाव समाज पर भी पड़ता है। समर्थक उसी भाषा को दोहराते हैं और फिर राजनीतिक मतभेद सामाजिक कटुता में बदलने लगते हैं। लोकतंत्र में विरोध होना चाहिए, लेकिन विरोध का अर्थ वैमनस्य नहीं है। आज विपक्ष की ओर से सरकार के प्रति पूरी तरह कटुता का व्यवहार किया जा रहा है। इंदौर के कार्यक्रम में भी कटुता का खेल खेला गया। क्या छात्र ऐसी कटुता को अपने उत्थान और विकास के लिए जरूरी मानते हैं।

यह सवाल राजनीतिक दलों से पूछने का साहस भी छात्रों को करना चाहिए।

यहां यह भी आवश्यक है कि इस प्रश्न को केवल एक दल या एक नेता तक सीमित न किया जाए। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, राजनीतिक मर्यादा की कसौटी सबके लिए समान होनी चाहिए। यदि विपक्ष किसी नेता की मिमिक्री करता है तो उसकी समीक्षा होनी चाहिए; यदि सत्ता पक्ष विपक्षी नेताओं पर व्यक्तिगत कटाक्ष करता है तो उस पर भी उतनी ही गंभीरता से सवाल उठना चाहिए। लोकतांत्रिक मर्यादा किसी एक दल की संपत्ति नहीं है। विपक्ष को भी लोकतान्त्रिक मर्यादा के तहत कार्यक्रम करना चाहिए। इंदौर का कार्यक्रम राजनीतिक सभा या रैली नहीं था, वह छात्रों का कार्यक्रम था इसलिए इस कार्यक्रम में प्रथम दृष्टया राजनीतिक आरोप लगना ही नहीं चाहिए। राजनीतिक दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह नहीं है कि वे अपने विरोधी को कितनी तीखी भाषा में जवाब दे सकते हैं। चुनौती यह है कि वे जनता के सामने अपनी नीतियों और योजनाओं को कितनी स्पष्टता से रख सकते हैं।

आरोप-प्रत्यारोप से तालियां मिल सकती हैं, सोशल मीडिया पर चर्चा हो सकती है और समर्थकों का उत्साह भी बढ़ सकता है, लेकिन इससे समस्याओं का समाधान नहीं होता। बेरोजगार युवा को रोजगार चाहिए, उसे यह जानने में रुचि है कि सरकार और विपक्ष उसके लिए क्या करेंगे। विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा चाहिए, उसे यह जानना है कि परीक्षा व्यवस्था कैसे विश्वसनीय बनेगी। इसलिए आज राजनीति को फिर से मुद्दों की ओर लौटने की जरूरत है। विरोध कीजिए, लेकिन नीतियों का विरोध कीजिए। सरकार से सवाल पूछिए, लेकिन तथ्यों के साथ पूछिए। विपक्ष के आरोपों का उत्तर दीजिए, लेकिन वैकल्पिक नीति के साथ दीजिए। व्यंग्य कीजिए, लेकिन ऐसी सीमा का ध्यान रखिए जहां राजनीतिक आलोचना व्यक्तिगत अपमान में न बदल जाए।

लोकतंत्र में असहमति आवश्यक है, किंतु असहमति को संवाद में बदलना उससे भी अधिक आवश्यक है। राजनीति का उद्देश्य केवल यह सिद्ध करना नहीं होना चाहिए कि दूसरा पक्ष गलत है, राजनीति का बड़ा उद्देश्य यह बताना होना चाहिए कि जनता के लिए सही रास्ता क्या है और उस रास्ते पर चलने की योजना क्या है। आज जनता राजनीतिक दलों से यही अपेक्षा कर रही है कि वे आरोपों की राजनीति से आगे बढ़ें और समाधान की राजनीति को केंद्र में लाएं। यदि राजनीति लगातार व्यक्तियों के इर्द-गिर्द घूमती रही तो मुद्दे पीछे छूट जाएंगे। और जब मुद्दे पीछे छूटते हैं, तब लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष जनता की वास्तविक समस्याएं भी राजनीतिक विमर्श से बाहर होने लगती हैं। इसलिए समय की मांग स्पष्ट है कि कटाक्ष कम हों, संवाद बढ़े, आरोप कम हों, तथ्य बढ़ें और व्यक्तियों से अधिक मुद्दों पर राजनीति हो।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### हॉकी ट्रायल में छह खिलाड़ियों का मंडल स्तर के लिए चयन



**हमीरपुर।** राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को जिला स्तरीय सीनियर बालक हॉकी चयन ट्रायल आयोजित हुआ। इसमें नौ खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शन के आधार पर छह खिलाड़ियों का मंडल स्तरीय चयन ट्रायल के लिए चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में कृष्ण निषाद, फरमान, आरुष, फैजान, आमिर खान और आदित्य वर्मा शामिल हैं। मंडल स्तरीय ट्रायल 23 सितंबर को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम, चित्रकूट में सुबह 11 बजे होगा। चयनित खिलाड़ी यहां प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता 28 सितंबर से तीन अक्टूबर तक वाराणसी में प्रस्तावित है।

### नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म में अभियुक्त को आजीवन कारावास

**हमीरपुर।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के बाद विशेष पॉक्सो न्यायालय ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। कोतवाली नगर में 29 नवंबर 2023 को सागर उर्फ सुरेंद्र धुरिया पुत्र रामदीन कहार निवासी कदौरा, जालौन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। अभियुक्त पर करीब नौ वर्षीय बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने, दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप था। मामले में पुलिस ने विवेचना पूरी कर न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत किए। अभियोजन विभाग से समन्वय कर समयबद्ध तरीके से साक्षियों के बयान कराए गए और प्रभावी पैरवी की गई। 22 सितंबर 2026 को विशेष पॉक्सो कोर्ट ने धारा 363/506 भादंसं व पॉक्सो एक्ट की धारा 4 में अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। विवेचक निरीक्षक गुलाब चंद्र सोनकर, अभियोजक एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह व पैरोकार कांस्टेबल रजनीश कुमार रहे।

### बारातशाला में भरा भूसा, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ



**सुमेरपुर।** बिरखेरा गांव में वित्तीय वर्ष 2017–18 में सांसद निधि से बनाई गई बारातशाला में लंबे समय तक भूसा भरे रहने से ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल सका। भवन की दीवारें खराब होने के साथ परिसर में गंदगी का अंबार लगा रहा। गांव में आने वाली बारातों को निजी भवनों में ठहराने के लिए मजबूर होना पड़ा। वित्तीय वर्ष 2017–18 में तत्कालीन सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने ग्राम पंचायत बिरखेरा में सांसद निधि से बारातशाला का निर्माण कराया था। उस समय ग्राम प्रधान सरोज कुशवाहा थीं। बाद में अशोक कुमार यादव प्रधान बने। ग्रामीणों का आरोप है कि बारातशाला में भूसा भरवा दिया गया, जिससे उसका उपयोग नहीं हो सका। ग्राम प्रधान अशोक कुमार यादव ने बताया कि अस्थायी गौशाला में भूसा रखने की व्यवस्था नहीं थी, इसलिए बारातशाला में भूसा रखा जाता था। इस वर्ष ग्रामीण दूसरी पंचायत में समायोजित हो गई है। बारातशाला को खाली करा दिया गया है। साफ–सफाई का कार्य शेष है, जिसे जल्द पूरा कर भवन को उपयोग के लिए तैयार कराया जाएगा।

### गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजा नगर



**समथर ( झांसी)।** गणेश उत्सव के समापन अवसर पर सोमवार को नगर में भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का भव्य नगर भ्रमण कराया गया। विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु गणेश प्रतिमाओं के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। ढोल–नगाड़ों और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो गया।शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि की कामना की। मंगलवार सुबह नगर भ्रमण के बाद गणेश प्रतिमाओं को मोठ रोड स्थित पहाड़पुरा नहर एवं बेतवा नदी के बुडेरा घाट ले जाया गया, जहां विधि–विधान से पूजा–अर्चना के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।इस दौरान श्रद्धालुओं ने 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारे लगाए। विसर्जन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह रहा और नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### रक्सा की दुकानों का पुनः ऑक्शन होगाः डीएम



**झांसी।** जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति एवं पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने ग्राम रक्सा में ओएसआर के तहत बनी दुकानों का पारदर्शी ढंग से पुनः ऑक्शन कर आवंटन करने के निर्देश दिए।उन्होंने ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्र पंचायतों में आय के स्रोत बढ़ाने, ग्रामीण हाट बाजार विकसित करने तथा बड़े बाजारों में प्रभावी कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया। स्कूल, सीएचसी-पीएचसी, आंगनबाड़ी केंद्रों आदि के लिए अप्रोच रोड एवं आवश्यक सुविधाओं के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीडीओ श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गौशाला में चारे-पानी का संकट गोवंशों की मौत, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, राठ, हमीरपुर।**



गोहांड विकासखंड के जिगनी गांव की गौशाला में अव्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि गौशाला में एक सैकड़ा से अधिक गोवंशों के लिए पर्याप्त भूसा, चारा और पानी की व्यवस्था नहीं है। इसके चलते गोवंशों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण रोमित सिंह, नमन सिंह, शिवम प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, पंकज द्विवेदी और अरविंद समेत अन्य ने आरोप लगाया कि भूसा-चारा और पानी की कमी के चलते दो गोवंशों की मौत हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला की बदहाल व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से दी गई, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों ने गौशाला का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल किया है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कराने के साथ गोवंशों के लिए पर्याप्त भूसा, चारा और पानी की व्यवस्था कराने की मांग की। अधिकारियों ने जांच कराने का आश्वासन दिया है।

### बारिश थमते ही बालू खनन तेज, एसडीएम की छापेमारी में ट्रक-ट्रैक्टर सीज

**सुमेरपुर।** बारिश थमते ही क्षेत्र में चोरी-छिपे बालू खनन का खेल फिर शुरू होने का आरोप है। बीती रात अतिरिक्त एसडीएम केडी शर्मा ने पुलिस और खनिज विभाग की टीम के साथ कार्रवाई करते हुए बालू लदे एक ट्रक और ट्रैक्टर को पकड़ लिया। दोनों वाहनों को थाने में खड़ा कराने के बाद खनिज विभाग को सूचना दी गई, जिस पर विभाग ने दोनों वाहनों को सीज कर दिया। बताया जाता है कि ललपुरा थाना क्षेत्र में बहने वाली बेतवा नदी से कथित रूप से अवैध तरीके से बालू निकालकर ट्रैक्टरों के माध्यम से सुमेरपुर कस्बे के अलावा छानी, कल्ला, धनपुरा, मवईजार, विदोखर और इंगोहटा आदि गांवों में पहुंचाई जा रही है। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने कार्रवाई की पुष्टि की है।

### बुढ़वा मंगल पर इटरा हनुमान मन्दिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**सुमेरपुर।** इटरा के बजरंगबली मंदिर में बुढ़वा मंगल को श्रद्धा का सैलाब उमड पड़ा मंदिर में पूरे दिन मेले में जैसा नजारा रहा। इस मौके पर मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन कराया गया था। भक्तों की भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराए गए थे। बजरंगबली मंदिर में पूजन अर्चन के लिए भोर होते ही भक्तों की भीड़ उमडी थी। लोगों ने बजरंगबली की पताली मूर्ति का विधि विधान से पूजन अर्चन करके सुख समृद्धि की कामना की। यहां पूरे दिन मेला जैसा नजारा रहा। इटरा आश्रम के महंत स्वामी बलराम दास महाराज ने भंडारे का आयोजन कराकर भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया। सुरक्षा के लिए मंदिर प्रांगण में पुलिस बल तैनात रहा।

### बुढ़वा मंगल पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**कुरारा (हमीरपुर)।** बुढ़वा मंगल के अवसर पर कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया और सुख–समृद्धि की कामना की। कुरारा की हनुमान गढ़ी, पतारा, झलोखर और डामर गांव स्थित बजरंगबली मंदिरों में भक्तों ने लड्डू का प्रसाद चढ़ाया। मंदिरों में भजन–कीर्तन के साथ अखंड रामायण पाठ भी हुए। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर हनुमान जी की आराधना की। भगत तालाब मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## रामकथा के आठवें दिन हनुमान भक्ति के बारे में सुन कर लीन रहे श्रद्धालु



**राठ (हमीरपुर)।** श्री मेला जलविहार समिति के तत्वाधान में जलविहार मंदिर प्रांगण में चल रही रामकथा के आठवें दिन चित्रकूट धाम से पधारे जगद्गुरु धीरेन्द्राचार्य जी ने हनुमान जी की लीलाओं, लंका दहन, रामसेतु निर्माण और संजीवनी बूटी का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि यह कथा अहंकार के अंत और अटूट विश्वास की कथा है। कथावाचक ने बताया कि माता सीता की खोज के बाद हनुमान जी रावण की सभा में पहुंचे। रावण ने उनकी पूंछ में आग लगाने का आदेश दिया, जिसके बाद हनुमान जी ने लंका दहन कर अधर्म के विनाश का संदेश दिया। विभीषण के घर को छोड़कर पूरी लंका का दहन इस बात का प्रतीक है कि भगवान के भक्त की रक्षा स्वयं प्रभु करते हैं। उन्होंने रामसेतु निर्माण का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि नल-नील के स्पर्श और राम नाम से पत्थर समुद्र में तैरने लगे। संजीवनी प्रसंग में हनुमान जी की स्वामीभक्ति और संकटमोचन स्वरूप का वर्णन किया। कुंभकर्ण व मेघनाद वध के माध्यम से उन्होंने कहा कि अधर्म कितना भी शक्तिशाली हो, अंततः सत्य की विजय होती है। कथा में सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### गांजा बरामदगी मामले में अभियुक्त को दो साल की सजा

**हमीरपुर।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के चलते एनडीपीएस एक्ट के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दो वर्ष के कठोर कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव निवासी राजबहादुर पुत्र सुखदेव के विरुद्ध 4 अप्रैल 2019 को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियोजन के अनुसार अभियुक्त के कब्जे से दो किलो 100 ग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ था। पुलिस और अभियोजन विभाग के समन्वय से समयबद्ध ढंग से साक्षियों के बयान कराकर न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। इसके फलस्वरूप 22 सितंबर 2026 को एनडीपीएस एक्ट कोर्ट, हमीरपुर ने राजबहादुर को दोषसिद्ध करते हुए दो वर्ष के कठोर कारावास तथा दो हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। मामले के विवेचक उपनिरीक्षक विजय बहादुर, अभियोजक एडीजीसी प्रवीण कुमार भदौरिया और पैरोकार कांस्टेबल मुकेश राजपूत रहे।

## फुटपाथ पर कब्जा किया तो जब्त होगा सामान, नगर पंचायत की चेतावनी



**सुमेरपुर।** कस्बे में बांदा मार्ग पर फुटपाथ पर स्थानीय दुकानदारों द्वारा किए गए कब्जे को लेकर नगर पंचायत ने सख्ती शुरू कर दी है। नगर पंचायत ने पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के साथ अभियान चलाकर दुकानदारों को फुटपाथ खाली रखने की चेतावनी दी। सामान मिलने पर उसे जब्त करने की चेतावनी भी दी गई है। नेशनल हाईवे-34 स्थित बस स्टॉप से बांदा मार्ग पर देवगांव चौराहा तक सुंदरीकरण के तहत पैदल चलने के लिए फुटपाथ बनाया गया है। दोनों ओर दुकानदारों द्वारा सामान रखकर फुटपाथ पर कब्जा कर लिया गया है। इससे पैदल राहगीरों को फुटपाथ की जगह सड़क पर चलना पड़ता है। राहगीरों की परेशानी को देखते हुए नगर पंचायत, स्थानीय पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। अधिकारियों ने दुकानदारों को फुटपाथ से सामान हटाने और उसे खाली रखने की सख्त हिदायत दी। साथ ही चेतावनी दी कि दोबारा फुटपाथ पर सामान मिलने पर उसे जब्त कर लिया जाएगा। अभियान के बाद फुटपाथ पर कब्जा करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

### बुढ़वा मंगल पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**श्रद्धालुओं ने हनुमान मंदिरों में पहुंचकर किए दर्शन, सुख-समृद्धि की कामना**



**समथर (झांसी)।** बुढ़वा मंगल के पावन अवसर पर मंगलवार को समथर नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न हनुमान मंदिरों में पहुंचे और विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर भगवान के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी को सिंदूर, फूल–माला एवं प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख–शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिरों में भजन–कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रमुख मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और शरबत की व्यवस्था भी की गई।

# इंजीनियरिंग के नए सफर का शुभारंभ, विद्यार्थियों ने सीखे नवाचार और कौशल विकास के मंत्र

- **आईईटी बुंदेलखंड विवि में स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम-2026 का शुभारंभ**

**समृद्धि न्यूज, झांसी।**



बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) में नवप्रवेशित बीटेक विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम-2026 का शुभारंभ गांधी ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने की, जबकि मुख्य अतिथि बीएचईएल झांसी के महाप्रबंधक एन.एन. रमन रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ नवाचार, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ी जानकारी दी गई।कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने विद्यार्थियों से तकनीक और शोध का अधिकतम लाभ उठाने, समय प्रबंधन और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की नैक ए प्लस प्लस, एनआईआरएफ, पीएम-उषा, यूजीसी कैटेगरी-वन और मेरु जैसी उपलब्धियों की जानकारी देते हुए एआई, एआई-ड्रिवेन और जनरेटिव एआई के व्यावहारिक उपयोग पर जोर दिया।मुख्य अतिथि एन.एन. रमन ने विद्यार्थियों से नई सोच और व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करने तथा निरंतर कौशल विकास पर ध्यान देने की बात कही। निदेशक इंजीनियरिंग प्रो. डीके भट्ट ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। डीन इंजीनियरिंग प्रो. एम.एम. सिंह ने इनोवेशन सेंटर की अत्याधुनिक सुविधाओं की जानकारी दी, जबकि प्रोवोस्ट प्रो. मुन्ना तिवारी ने 'दीक्षारंभ' की अवधारणा और सामाजिक उत्तरदायित्व पर विचार रखे।इंडक्शन प्रोग्राम के समन्वयक इंजी. राजेश वर्मा एवं एकेडमिक कोऑर्डिनेटर इंजी. शशिकांत वर्मा ने आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। छात्रावास संबंधी प्रश्नों का समाधान डॉ. दीप्ति सिंह, डॉ. सुमिरन श्रीवास्तव और डॉ. ब्रजेश लोधी ने किया। बीटेक फूड इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने स्वस्थ खाद्य उत्पादों की फूड बास्केट अतिथियों को भेंट की। दिव्यांशी जायसवाल, सूरज और दीपक मिश्रा ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में इंजी यशवंत द्विवेदी , इंजी. लाखन सिंह, इंजी. महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. इकरूप कौर वर्मा, डॉ. रवि कुमार, डॉ. जितेंद्र वर्मा, डॉ. राघवेंद्र दीक्षित, अतीत विजय, डॉ. अतुल मकरारिया, डॉ. सूरजीत रैकवार, इंजी. दिनेश द्विवेदी, डॉ. सतेंद्र उपाध्याय सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन इंजी. अंजली श्रीवास्तव, डॉ. अंजिता श्रीवास्तव और डॉ. साक्षी दुबे ने किया तथा आभार डॉ. प्रियंका पाण्डेय ने व्यक्त किया।

### हरिशंकरी पौधरोपण को लेकर नपा में बनी रणनीति





**समथर (झांसी)।** पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संतुलन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद परिसर में मंगलवार को हरिशंकरी पौधरोपण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में 28 सितंबर को पीपल, बरगद और पाखर के पौधों के वृहद पौधरोपण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री श्याम बिहारी गुप्ता रहेंगे, जबकि अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंसाना करेंगे। बैठक में पौधरोपण स्थल, पौधों की उपलब्धता, सुरक्षा एवं देखभाल सहित अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पौधरोपण के साथ पौधों की नियमित सिंचाई और संरक्षण भी जरूरी है।कार्यक्रम में संरक्षक आचार्य अभिलाषा, जिला संयोजक सुशील, कैलाश, नितिन चौरसिया सहित अन्य लोगों ने विचार रखे। संचालन मनोज तिवारी ने किया।इस अवसर पर विजय साहनी, पवन बुलकिया, अरविंद श्रीवास, सुशील अग्रवाल, राजेंद्र कुमार पांचाल, अवधेश कुमार झां, जितेंद्र वर्मा, प्रकाश झां, पुष्पेंद्र दोहरे, संतराम दोहरे, राजेश श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, राम प्रकाश व्यास, मोहित शर्मा, हर्ष गुप्ता, अशोक कुचिया, रामेंद्र गुर्जर, शिवम नामदेव, रवि गोयल, राकेश महातैलिया, शिवम् महातैलिया, सुमित गुप्ता, सागर दुबे, मानवेन्द्र सिंह ध्रुवे गुर्जर, दीपक पाल सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# नियमितीकरण के साथ समान कार्य-समान वेतन की मांग

- **एनएचएम संविदा कर्मियों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

**समृद्धि न्यूज, बांदा।**



एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने नियमितीकरण और समान कार्य-समान वेतन की मांग लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। तीन अक्टूबर तक समस्याओं का निराकरण न होने पर पांच अक्टूबर से काली पट्टी बांधकर काम करने और 12 अक्टूबर से लखनऊ में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी। एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष डा.मिलेंद्र सिंह की अगुवाई में कर्मचारियों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसमें कहा है कि वह 18 साल से संविदा पर काम कर रहे हैं। हरियाणा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों में बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं, लेकिन यूपी में नहीं। संघ ने कैशलेस इलाज, डीए, पीएफ और ट्रांसफर नीति बहाल करने समेत आठ मांगें रखी हैं। जिलाध्यक्ष डा.मिलेंद्र सिंह ने कहा कि 3 अक्टूबर तक कार्रवाई नहीं हुई तो 5 अक्टूबर से काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। 12 अक्टूबर से लखनऊ में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ पंकज, गौरव द्विवेदी, राधा, रश्मि अवस्थी, अंजू, सरिता, सचिन, नवल अवस्थी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने को बूथ करें मजबूत

- **सेवा संकल्प अभियान की भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष ने की समीक्षा**
- **अभियान के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर दिया बल**

**समृद्धि न्यूज, बांदा।**



भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बैठक करते हुए जिले भर में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों से जानकारी ली। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अभियान के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर जोर दिया। कहा कि 2027 विधान सभा चुनाव में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के सभी लोग बूथ के मजबूत करें। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य लोगों के केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। भाजपा द्वारा जिले में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने बैठक में सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा की। उन्होंने सभी से कार्यक्रमों को सफल बनाने पर सक्रियता से कार्य करने पर बल दिया। कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। केंद्र व प्रदेश सरकार भारत माता की स्थापना, विश्व कल्याण व विश्व के दार्शनिक दर्शन कराने का कार्य कर रही है। 2027 विधानसभा चुनाव में एक बार फिर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने को सभी कार्यकर्ता बूथ व शक्ति केंद्र को मजबूत करने का कार्य करें। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि जिले के सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। सेवा संकल्प अभियान शत-प्रतिशत सफल होगा। बैठक में महिला मोर्चा जिला महामंत्री के पुत्र के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का शोक रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, पूर्व विधायक राजकरन कबीर, जिला प्रवासी विनोद कुशवाहा, क्षेत्रीय मंत्री परमजीत सिंह, रामपाल प्रजापति, निखिल सक्सेना, ममता मिश्रा, सुधीर सिंह, राजभवन उपाध्याय, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चौरसिया, निर्मला गौतम, वंदना गुप्ता, स्वर्ण सिंह सोनू समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## सूचना

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश उपेन्द्र सिंह (UPENDRA SINGH) दर्ज हो गया है, जबकि मेरे हाईस्कूल के प्रमाण पत्र में मेरा नाम उपेन्द्र सिंह शाक्य (UPANENDRA SINGH SHAKYA) दर्ज है, जो सही है। सही नाम मेरे आधार कार्ड में दर्ज करने की कृपा करें। **उपेन्द्र सिंह शाक्य पुत्र महावीर सिंह निवासी ग्राम-मतापुर पोस्ट पिपरगांव विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद।**

## सूचना

हम अपने पुत्र अंकित एवं उसकी पत्नी रंजना के गलत चाल-चलन के चलते उनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य अथवा लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा व मेरा परिवार नहीं होगा। **रामनाथ पुत्र देवीदयाल, मनोरमा पत्नी रामनाथ निवासीगण मकू नगला, बहोरनपुर टप्पा हवेली, कमालगंज, फर्रुखाबाद।**


# जिले में धूमधाम से मनाया गया बुढ़वा मंगल पर्व, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**समृद्धि न्यूज, उरई (जालौन)।**





बुढ़वा मंगल का पर्व जिले भर में श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही प्रमुख हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्तों ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।जिले के प्राचीन मंदिरों में अखंड रामायण, सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन और विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध श्री ठड़ेश्वरी हनुमान मंदिर समेत अन्य मंदिरों में मेले लगे हैं। मंदिरों के आसपास प्रसाद, खिलौने और खान-पान की दुकानें सजी हैं, जिससे मेले जैसा माहौल बना हुआ है। ठड़ेश्वरी मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं में विशेष आस्था है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई प्रार्थना पूरी होती है, इसलिए दूर-दराज से भी भक्त पहुंच रहे हैं।भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों और प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। बांस-बल्लियों से कतारें बनाकर व्यवस्थित दर्शन कराए जा रहे हैं और पेयजल की व्यवस्था की गई है।सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। एसपी विनय कुमार सिंह और एएसपी डॉ. ईशान सोनी के निर्देश पर प्रमुख मंदिरों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। यातायात को सुचारु रखने के लिए रूट डायवर्जन किया गया है और पुलिसकर्मी लगातार व्यवस्था संभाले हुए हैं।

# घटिया वाले महावीर मंदिर में बुढ़वा मंगल पर विशाल दंगल, जुटे नामी पहलवान

**समृद्धि न्यूज, उरई, जालौन।**



पं. महेश प्रसाद अवस्थी की स्मृति में जय महावीर समिति के तत्वाधान में बुढ़वा मंगल पर्व पर श्री घटिया वाले महावीर पाठकपुर में दो दिवसीय विशाल दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में झांसी, चुर्खी, आगरा, हमीरपुर, दमोह, चरखारी, हरोली, साधारा, पनकी, चिरगांव, महोबा और आसपास के क्षेत्रों से आए पहलवानों ने अखाड़े में दमखम दिखाया। रोमांचक कुश्तियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक जुटे और दांव-पेच पर तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। दंगल का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने फीता काटकर और पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। उन्होंने कहा कि दंगल केवल खेल नहीं है, यह अनुशासन, परंपरा और कुश्ती की कला को आगे बढ़ाने का माध्यम है। उन्होंने पहलवानों से खेल भावना से मुकाबला करने की अपील की। पहले दिन कई रोमांचक मुकाबले हुए। चुर्खी के शिवम और दबोह के राजवीर के बीच कुश्ती बराबरी पर रही। उरकला के अरुण और भादरेखी के चांद बाबू के बीच हुए मुकाबले में चांद बाबू विजयी रहे। दुबई के नीरज पंडित और भादरेखी के कपिल के बीच हुई कुश्ती में कपिल ने जीत हासिल की।व्यवस्थापक समिति के अध्यक्ष सुशील अवस्थी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। रेफरी की भूमिका इस्लाम मंसूरी, संजय व्यास और संदीप पहलवान कुठौंदा ने निभाई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, नगर पालिका प्रतिनिधि विजय चौधरी, हरीकिशोर गुप्ता,सचिव प्रमोद त्रिपाठी सहित समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।


## न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर फर्रुखाबाद।

वाद संख्या-T202503240110637 सन्-2024
शिवम् सिंह राठौर पुत्र नेत्रपाल निवासी ईशेपुर परगना शमसाबाद पूर्व तहसील सदर जनपद फर्रुखाबाद।

बनाम

1-सन्तोष सिंह राठौर पुत्र गबडू निवासी ईशेपुर परगना शमसाबाद पूर्व तहसील सदर जनपद फर्रुखाबाद।
2-सरकार उत्तर प्रदेश बजरिये कलेक्टर साहब फर्रुखाबाद।
3-ग्राम पंचायत ईशेपुर परगना शमसाबाद पूर्व तहसील सदर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा प्रधान/अध्यक्ष

मौजा-ईशेपुर
परगना-शमसाबाद पूर्व
धारा-134 उ0प्र0राजस्व संहिता

चूँकि उपरांकित वादी ने इस न्यायालय में आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध धारा-134 उ0प्र0रा0 संहिता के अन्तर्गत दावा दायर किया है। अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त वाद पत्र के खिलाफ हेतु संदर्शित के लिए दिनांक 30/9/26 को प्रातः 10 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त दावा एकपक्षीय रूप से माना जाएगा और आदेश पारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 22/9/26 को निकाली गयी।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी सदर फर्रुखाबाद।**

# पट्टी कोतवाली में युवक की संदिग्ध मौत पर भड़का आक्रोश

- परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से किया इनकार
- 50 लाख मुआवजा, नौकरी व जमीन की मांग पर अड़े





समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।

पट्टी कोतवाली के बाथरूम में संदिग्ध परिस्थितियों में मोलनापुर निवासी अर्जुन गौतम (22) की मौत के बाद मंगलवार को जिले का माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना के विरोध में जहां एक ओर गांव मोलनापुर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया, वहीं दूसरी ओर तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने काम-काज ठप कर उग्र प्रदर्शन किया। प्रशासन और स्वजनों के बीच लगातार वार्ता के बाद भी देर शाम तक शव के अंतिम संस्कार को लेकर गतिरोध बना रहा।

सोमवार की घटना के बाद मंगलवार सुबह से ही मोलनापुर गांव में चप्पे-चप्पे पर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। एसडीएम और क्षेत्राधिकारी दर्जनों थानों की पुलिस फ़ोर्स के साथ मौके पर डटे रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। परिजनों का स्पष्ट कहना था कि जब तक 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और कृषि योग्य भूमि देने का लिखित आश्वासन नहीं मिलता, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र के कई स्थानीय नेताओं को हाउस अरेस्ट कर दिया। वहीं, बसपा जिलाध्यक्ष और भीम आर्मी के पदाधिकारी भी परिजनों से मिलने पहुंचे।

**रास्ते में रोके गए सपा नेता, जताई नाराजगी**

दूसरी ओर, पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे सपा विधायक राम सिंह, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी और सांसद प्रतिनिधि बीएल पटेल को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। प्रशासन के इस रुख पर विधायक ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि 卐भाजपा सरकार में अब पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना जताना भी अपराध बन गया है। लोकतंत्र में विपक्ष को मिलने से रोकना प्रशासनिक हठधर्मिता को दर्शाता है।

**तहसील में अधिवक्ताओं का फूटा गुस्सा, जड़ा ताला:** घटना की गूंज पट्टी तहसील परिसर तक पहुंची, जहां वकीलों ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। अधिवक्ताओं ने तहसील और रजिस्ट्री कार्यालय में तालाबंदी कर दी, जिससे कामकाज पूरी तरह ठप रहा। अधिवक्ताओं के भारी विरोध और घेराव की आशंका को देखते हुए इतिहास में पहली बार पुलिस को कोतवाली के मुख्य गेट पर खुद ताला जड़ना पड़ा।

**रानीगंज पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल**

# न चोरियों का खुलासा, न निष्पक्ष जांच उल्टे पत्रकार को फंसाने की साजिश!

समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।

रानीगंज थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों और पुलिस की ढुलमुल कार्यशैली पर जनता व स्थानीय पत्रकारों द्वारा सवाल उठाए जाने के बाद अब नया विवाद खड़ा हो गया है। सूत्रों के अनुसार, थाना प्रभारी प्रदीप कुमार की कार्यशैली पर खबर छापने वाले पत्रकारों पर दबाव बनाने और षड्यंत्र के तहत झूठी तहरीर दिलवाकर मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश की जा रही है। क्षेत्र में हाल के दिनों में हुई कई बड़ी चोरियों का अब तक कोई खुलासा नहीं हो सका है। सितंबर माह में दो गांवों के मकानों से लाखों रुपये के जेवर व नकदी पार हो गए। बालीपुर प्रकरण में पीड़ित परिवार का आरोप है कि उनकी मूल तहरीर बदलवाकर चोरी का सामान्य मुकदमा दर्ज कर लिया गया। वहीं, विष्णुपुर कलां में मेवालाल के घर हुई चोरी ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। पीड़ित परिवार आज भी न्याय की आस लगाए बैठे हैं। बड़ा सवाल यह है कि पुलिस चोरियों के खुलासे में जितनी तत्परता दिखाए, उतनी ही निष्पक्षता से काम करे। पत्रकार का काम जनता की समस्याओं को सामने लाना और निष्पक्ष रिपोर्टिंग करना है। यदि किसी खबर पर आपत्ति है तो पुलिस को तथ्यात्मक पक्ष रखना चाहिए, न कि मुकदमे की धमकी देकर आवाज दबानी चाहिए।

## ब्राह्मण महासभा ने एसडीएम पट्टी को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के आह्वान पर प्रदेशव्यापी अभियान के तहत संगठन की प्रतापगढ़ इकाई ने जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम पट्टी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने प्रशासन का ध्यान सरकारी योजनाओं से वंचित गरीब, निर्धन, निराश्रित और असहाय पात्र व्यक्तियों की ओर आकृष्ट कराया। जिलाध्यक्ष विनोद चतुर्वेदी के निर्देशानुसार पूरे जिले को विभिन्न ज़ोन में विभाजित कर पदाधिकारियों को क्षेत्रवार जिम्मेदारी दी गई थी। गुण-दोष के आधार पर वास्तविक पात्रों के चयन के लिए जिला प्रभारी कमलेश पांडे के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। इस टीम में पूर्व प्रधान अतरौरा उमाकांत दुबे, मीरपुर अरुण कुमार मिश्र, छोटेलाल गौतम तथा नंबरदार सिंह नगर शामिल रहे। टीम ने आसपुर देवसरा ब्लॉक के दर्जनों गांवों में घर-घर जाकर स्थिति का जायजा लिया और एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट में पाया गया कि धरातल पर अनेक पात्र व्यक्ति आज भी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं।

# लंबित मांगों को लेकर लेखपाल संघ ने उठाई आवाज

- स्थानांतरण, पदोन्नति, भत्तों में वृद्धि और वेतन विसंगति दूर करने की मांग
- संगठन को आगे आंदोलनात्मक कदम उठाने पर विचार करना पड़ेगा

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की जिला इकाई ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह के माध्यम से मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा है। संघ ने शासन स्तर पर लंबित मांगों पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष राधेश्याम शुक्ल और जिला मंत्री रिंकू पाल ने कहा कि लगातार बढ़ते कार्यभार के बावजूद लेखपालों की कई वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। ज्ञापन में अंतर्मंडलीय स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल दोबारा खोलने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। संघ के अनुसार वर्ष 2025 में स्थानांतरण के लिए 2669 आवेदन किए गए थे, लेकिन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। चयन वर्ष 2025-26 की पदोन्नति सूची जारी करने तथा वर्ष 2024 के नव नियुक्त लेखपालों की प्रशिक्षण परीक्षा का परिणाम और प्रमाणपत्र शीघ्र घोषित करने की भी मांग की गई।

संघ ने स्टेशनरी भत्ता 100 से बढ़ाकर 500 रुपये, वाहन भत्ता 1500 रुपये तथा विशेष भत्ता 100 से बढ़ाकर 1000 रुपये करने की मांग रखी है। इसके अलावा भूलेख व अन्य पटलों से संबद्ध लेखपालों को अवमुक्त करने तथा ग्राम सचिवालयों में पर्याप्त सुविधाओं के बिना लगाए जा रहे रोस्टर का विरोध किया गया है।लेखपाल संघ ने प्रारंभिक वेतनमान लेवल-5 (ग्रेड पे 2800) किए जाने और वेतन विसंगति दूर करने की मांग भी दोहराई है। संघ ने कहा कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने पर संगठन को आगे आंदोलनात्मक कदम उठाने पर विचार करना पड़ेगा।

## कलयुगी मां इश्क में पागल, 5 बच्चों को छोड़ प्रेमी संग रहने को तैयार

**डीह-रायबरेली।** एक कलयुगी मां इश्क में पागल होकर अपने पांच बच्चों को छोड़ कर गांव के ही एक कम उम्र के लड़के के साथ भाग गई थी। पति की तहरीर पर पुलिस एक सप्ताह बाद उन्हें खोजकर बरामद किया। पीड़ित पति ने बताया कि वह अनुसूचित जाति का है। उसकी पत्नी पांच बच्चों की मां है उसकी उम्र लगभग 38 वर्ष है गांव के ही यादव बिरादरी के एक 19 साल के लड़के से उसका प्रेम संबंध हो गया दोनों घर से पांच दिन पहले भाग गए थे पत्नी घर से जेवर व कुछ पैसे भी साथ ले गई थी जिसकी शिकायत थाने में किया जिसपर पुलिस उन्हें खोज कर बरामद कर लिया। थाने पर पत्नी को काफी समझाया बच्चे भी उसके सामने रोते रहे गांव के कई संभ्रांत व्यक्तियों व महिलाओं ने काफी प्रयास किया कि बच्चों को उनके न का प्यार मिले वह वापस बच्चों के साथ अपने पति के घर जाते लेकिन वह अपने जिद्द पर अड़ी रही पति व बच्चों के साथ रहने को तैयार ही नहीं हुई वह उसी लड़के के साथ रहना चाहती है।

# डीजे की तेज आवाज पर होगी कार्रवाई, अनुमति लेना अनिवार्य

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।

- अश्लील व भड़काऊ गानों पर रोक, डीजे प्रतियोगिताओं पर भी प्रतिबंध

आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुलतानपुर पुलिस ने डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संचालन को लेकर सार्वजनिक एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करने और सार्वजनिक कार्यक्रमों में डीजे बजाने से पहले सक्षम अधिकारी से लिखित अनुमति लेने के निर्देश दिए हैं। पुलिस के अनुसार आवासीय क्षेत्रों में दिन के समय 55 और रात में 45 डेसिबल से अधिक ध्वनि नहीं होनी चाहिए। अत्यधिक तेज आवाज व बेस का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। अस्पताल, शिक्षण संस्थान, न्यायालय एवं धार्मिक स्थलों के आसपास निर्धारित 100 मीटर क्षेत्र में डीजे व हॉर्न के प्रयोग पर रोक रहेगी। पुलिस ने अश्लील, जातिगत, आपत्तिजनक, भड़काऊ अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले गाने बजाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। डीजे प्रतियोगिताओं पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वाहनों पर निर्धारित सीमा से बाहर उपकरण लगाने या यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले सेटअप के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।नियमों का उल्लंघन करने पर ध्वनि उपकरण व वाहन जब्त किए जा सकते हैं। पुलिस ने आयोजकों और संचालकों से नियमों का पालन करने तथा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित त्योहार मनाने में सहयोग की अपील की है।

## सैयद अरशद को बेसिक क्रिकेट टीम की कमान

**सुलतानपुर।** आगामी क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए बेसिक क्रिकेट टीम सुलतानपुर की 16 सदस्यीय टीम घोषित कर दी गई है। टीम की कमान सैयद अरशद को सौंपी गई है, जबकि धर्मेंद्र यादव उपकप्तान बनाए गए हैं। टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। घोषित टीम में सैयद अरशद (कप्तान), धर्मेंद्र यादव (उपकप्तान), विजेंद्र कुमार 'वीरू', राहुल यादव, मनीष सिंह, आयुष सिंह, राहुल गौतम, सत्येंद्र सिंह, विजेंद्र यादव, बृजेश राणा, विकास राव, राजकुमार सरोज, प्रमोद सरोज, सौरभ कुमार, विक्रम सिंह और हरिकेश सिंह शामिल हैं।कप्तान सैयद अरशद ने कहा कि टीम में अनुभव और प्रतिभा का बेहतर तालमेल है। सभी खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं।प्राथमिक शिक्षक संघ के लंभुआ ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कप्तान, उपकप्तान समेत सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने टीम से खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। टीम चयन के बाद बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों और खेल प्रेमियों में उत्साह है।

# पानी की टंकी परिसर में चोरी चौकीदार को बनाया बंधक

समृद्धि न्यूज, चांदा, सुलतानपुर।

**तीन बैटरी और दो इन्वर्टर समेत सामान ले गए बदमाश, पुलिस जांच में जुटी**

थाना क्षेत्र के सराय जुझार गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी के परिसर में चोरी का मामला सामने आया है। आरोप है कि सोमवार रात करीब छह लोग परिसर में घुस आए और वहां तैनात चौकीदार को बंधक बनाकर मारपीट की। इसके बाद बदमाश तीन बैटरियां, दो इन्वर्टर समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। गांव निवासी त्रिभुवन गौतम करीब तीन वर्षों से पानी की टंकी परिसर में लगे सोलर पैनल और पंप हाउस की चौकीदारी कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात करीब सात बजे वह परिसर में मौजूद थे। इसी दौरान छह लोग जबरन अंदर घुस आए। आरोप है कि बदमाशों ने गला दबाकर उनके साथ मारपीट की और शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद हाथ-पांव बांधकर उन्हें पंप हाउस में बंद कर दिया और सामान लेकर फरार हो गए। मंगलवार सुबह उनका पुत्र मौके पर पहुंचा और दरवाजा खोलकर उन्हें बाहर निकाला। इसके बाद डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। चौकी प्रभारी रूपी का पूरा लंभुआ रविंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पीड़ित ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई और चोरी गया सामान बरामद कराने की मांग की है।

# खबरें एक नजर में

## रीलबाज दरोगा पर चला चाबुक

**समृद्धि न्यूज़,प्रयागराज।** बताया जा रहा है कि चार्ज मिलते ही साहब सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हो गए थे। दिन भर रील, फोटोशूट और फेसबुक लाइव। कमेंट बॉक्स में परिचितों की कतार लग गई थी - सबसे ईमानदार, न्यायप्रिय, सिंघम जैसे तमगों की भरमार। लेकिन थाने में फरियादियों की सुनवाई और कानून व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल उठ रहे थे। गौरतलब है कि 18 सितंबर को ही प्रकाश सिंह को पासपोर्ट सेल से हटाकर झूंसी का थानाध्यक्ष बनाया गया था। प्रकाश सिंह को तत्काल प्रभाव से झूंसी थाने से हटा दिया गया है। यहां की जिम्मेदारी नरेश कुमार को सौंपी गयी है। प्रकाश सिंह को थाना प्रभारी पर्यटन संगम बनाया गया है।

## कोइरीपुर की सभासद कुसुमावती का निधन



फाइल फोटो
सभासद कुसुमावती

**चांदा, सुलतानपुर।** नगर पंचायत कोइरीपुर के वार्ड नंबर दो हनुमान नगर की सभासद कुसुमावती पत्नी हरीराम गौतम का बीमारी के चलते सोमवार रात निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार सुबह उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। चेयरमैन प्रतिनिधि कासिम राइन, पूर्व चेयरमैन सुधीर साहू, सभासद राम शिरोमणि मौर्य, विकास मिश्रा, वाहिद अंसारी, कुलदीप अग्रहरि, लालमणि अग्रहरि, शशि बरनवाल व हीरालाल-अनंतलाल समेत बड़ी संख्या में नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## अवैध हिरासत पर हाईकोर्ट ने यूपी पुलिस को लगाई फटकार

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़।** अवैध हिरासत पर हाईकोर्ट ने यूपी पुलिस को फिर फटकार लगाई है। प्रयागराज में एक युवक को गैर-कानूनी तरीके से 5 दिन हवालात में रखा। उसके बाद उसकी गिरफ्तारी के रीकॉर्ड में भी झोल किया। कोर्ट ने प्रयागराज पुलिस पर 50 हजार का मुआवजा भी लगाया है। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अचल सचदेव की बेंच ने मेजा क्षेत्र के कमलेश कुमार को 15 अगस्त से 19 अगस्त 2026 तक पुलिस हिरासत में रखे जाने को अवैध करार दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को कमलेश कुमार को 50 हजार रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। साथ ही यह राशि जांच के बाद जिम्मेदार पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों से वसूलने के निर्देश दिए गए हैं। मामला मेजा थाना क्षेत्र का है। कमलेश कुमार को पुलिस ने 15 अगस्त को हिरासत में लिया था, जबकि रिकॉर्ड में उनकी गिरफ्तारी 19 अगस्त को दिखाई गई। इसके बाद उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। कमलेश ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल कर हिरासत को चुनौती दी थी।

## हनुमान मंदिर में चोरी की कोशिश नाकाम, आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पूर्वी सहोदरपुर क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में चोरी की नीयत से घूम रहे एक संदिग्ध को जेल चौकी प्रभारी प्रशांत दुबे की पुलिस टीम ने रंगे हाथों धर दबोचा। पकड़ा गया आरोपी मोहम्मद सुकुर (पुत्र रज्जाक), पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद का निवासी बताया जा रहा है। समय रहते पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई से मंदिर परिसर से तांबे का कलश चोरी होने से बच गया। घटनाक्रम के अनुसार, कुछ दिनों पूर्व इसी मंदिर से दान पेटी गायब हो गई थी, जिसके बाद से पुलिस इलाके में लगातार सतर्कता बरत रही थी। मंगलवार को संदिग्ध आरोपी मंदिर के पास तांबे का कलश चुराने की फिराक में मंडरा रहा था। भनक लगते ही चौकी प्रभारी प्रशांत दुबे ने त्वरित कदम उठाते हुए मौके पर दबिश दी और आरोपी को काबू में कर लिया। मंदिर परिसर में लगातार घट रही घटनाओं से स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता व्याप्त थी, लेकिन पुलिस की इस मुस्तैदी की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। जांच की जा रही है कि पूर्व में हुई दान पेटी चोरी में उसका क्या हाथ था और क्या इस वारदात में कोई अंतरराज्यीय गिरोह शामिल है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कार दुर्घटनाग्रस्त, एक घायल

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।

**आजमगढ़ से लखनऊ जा रही थी कार**

बल्दीराय थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में वाहन सवार तीन लोगों में से एक युवक घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे अयोध्या ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह आजमगढ़ से लखनऊ जा रही कार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन 90.4 के पास पहुंची थी। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में वाहन सवार धर्मवीर निषाद घायल हो गए।दुर्घटना की सूचना मिलने पर यूपीडा के सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल, पिठला-कुमारगंज पहुंचाया।

वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर बेहतर उपचार के लिए अयोध्या ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी रामचंद्र वर्मा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को एक्सप्रेसवे से किनारे करा दिया गया है और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## बागवानी प्रशिक्षण में किसानों को दी तकनीकी जानकारी

**सुलतानपुर।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनांतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, सुलतानपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 80 लाभार्थी किसानों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को टिशू कल्चर केला, आम, अमरूद, पपीता, शाकभाजी, पुष्प एवं मसाला फसलों के उत्पादन की तकनीकी जानकारी दी गई। जिला उद्यान अधिकारी राम अकबाल यादव, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक पवन कुमार सिंह तथा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. जेबी सिंह, डॉ. एसपी मिश्रा व डॉ. एके सिंह ने सुरक्षित खेती के तहत पॉलीहाउस, शेडनेट हाउस और मशरूम उत्पादन की जानकारी देते हुए इनके लाभ बताए। एपीडा वाराणसी के बीडीएम सत्येंद्र सिंह लोधी ने किसानों को कृषि निर्यात की संभावनाओं, निर्यातोन्मुखी उत्पादन, हार्टीनेट पंजीकरण, गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों, पैकेजिंग, ट्रेसबिलिटी और प्रमाणन की जानकारी दी। साथ ही कृषि उत्पादों को निर्यात के लिए तैयार करने की प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराया गया।

## नुक्कड़ नाटकों से गिनाई सरकार की उपलब्धियां




नुक्कड़ नाटक करते भाजपाई

**सुलतानपुर।** भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को चौक, पंचमुखी हनुमान मंदिर और पयागीपुर में 'नमो सेवा अनसुनी कहानियां' कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया। कलाकारों ने केंद्र व प्रदेश सरकार की विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों की कहानियां प्रस्तुत कर योजनाओं की जानकारी दी।चौक में हिमांशु गुप्ता व रेनू सिंह, पंचमुखी में सौरभ पांडे तथा पयागीपुर में गिरीश मिश्रा ने कार्यक्रम का संयोजन किया। इस दौरान अयोध्या वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, रचना अग्रवाल, मंजू तिवारी व वीरेन्द्र गुप्ता सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्राथमिक विद्यालय अहिमाने में 'मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम हुआ। बच्चों से संवाद के साथ चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। अतिथियों ने बच्चों की कलाकृतियों का अवलोकन कर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र व पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य निर्मला सिंह सहित शिक्षक व अन्य लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव

**बछरावां-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत रैन गांव के निकट राजामऊ रजबहा की छोटी नहर में अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव की स्थिति को देखकर ग्रामीणों ने हत्या कर शव फेकें जाने की आशंका जताई है। पुलिस के मुताबिक शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार मृतका महिला की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

महिला की पहचान कराने के लिए पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को सूचना दी है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि हत्या कर शव फेंका गया है। फिलहाल उक्त स्थान पर शव मिलने के बाद क्षेत्र व आसपास के गांवों में हड़कंप मचा हुआ है।

# समय से कार्यों की स्वीकृति न मिलने से कार्य बाधित

समृद्धि न्यूज,रायबरेली।



राही ब्लॉक प्रधान संघ अध्यक्ष बाबू दिलीप कुमार पाल के नेतृत्व में सोमवार को दर्जनों ग्राम प्रधानों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रधानों ने ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की स्वीकृति समय से नहीं मिलने पर नाराजगी जताते हुए समस्या के समाधान की मांग की। ज्ञापन में ग्राम प्रधानों ने बताया कि समय से स्वीकृति नहीं मिलने के कारण ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, हैंडपंप मरम्मत, स्कूल व आंगनबाड़ी से संबंधित कार्य तथा बारिश के बाद जलभराव और जल निकासी जैसी जरूरी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। इससे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में दिक्कतें आ रही हैं। प्रधानों का आरोप है कि सचिवों द्वारा बार-बार नए नियम बताए जाने और स्वीकृतियां दोबारा भेजे जाने के बावजूद कार्यों की मंजूरी समय से नहीं मिल रही है।

इसके चलते उन्हें ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानों ने कहा कि इस महीने रैंकिंग के कारण राज्य वित्त और केंद्रीय वित्त से संबंधित भुगतान का दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन बिना स्वीकृति के भुगतान करना संभव नहीं है। अन्य जनपदों में जरूरी कार्यों और भुगतान को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जबकि रायबरेली में ऐसी व्यवस्था स्पष्ट नहीं है। ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी से समयबद्ध स्वीकृति, आवश्यक विकास कार्यों को सुचारु रूप से कराने और भुगतान प्रक्रिया को स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को गति मिलेगी और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

## उपचुनाव में नामांकन प्रक्रिया का हुआ आगाज

**सलोन-रायबरेली।** नगर पंचायत सलोन अध्यक्ष पद के उपचुनाव में मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया का आगाज हो गया। उपचुनाव में राघवेंद्र कुमार ने पहला नामांकन दाखिल कर चुनावी मैदान में औपचारिक रूप से कदम रख दिया। नामांकन शुरू होते ही चुनावी सरगर्मी भी तेज हो गई। वही मंगलवार को सात उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद के लिए आठ सेट नामांकन पत्र खरीदे। इसके साथ ही अब तक कुल 19 उम्मीदवारों द्वारा 28 नामांकन पत्र खरीदे जा चुके हैं। नामांकन प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ ही चुनाव मैदान में उतरने वाले दावेदारों की संख्या लगातार बढ़ती नजर आ रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के इस उपचुनाव में जिस तरह से संभावित उम्मीदवार लगातार सामने आ रहे हैं, उससे चुनावी मुकाबला दिलचस्प होने के आसार बढ़ गए हैं। आरओ सुजीत राय ने बताया कि मंगलवार को सात लोगो ने 8 नामांकन पत्र खरीदे वही एक लोगों ने नामांकन दाखिल किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार घायल

समृद्धि न्यूज,बछरावां रायबरेली।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ - प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बे के निकट ओवर ब्रिज पर मंगलवार की दोपहर लगभग 12 बजे के करीब अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में उसे गंभीर चोटें आ गई। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल बाइक सवार लखनऊ के अंबरगंज इलाके के रहने वाले जफर सईद उम्र 70 वर्ष पुत्र शजीवूद्दीन अपनी मोटरसाइकिल से लखनऊ से रायबरेली जा रहे थे। वह जैसे ही कस्बे के निकट ओवर ब्रिज पर पहुंचे, तभी उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में वह ओवब्रिज पर ही गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद राहगीरो की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने उन्हें रायबरेली जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। इस बाबत थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया कि मामले की सूचना मिली है, घायल को अस्पताल भेजा गया है।

# पुलिसकर्मी की मौत फाफामऊ में घर के अंदर मिला शव

समृद्धि न्यूज, प्रयागराज

- बलराम पाल जैतवारडीह में मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहे थे



फाफामऊ में पुलिस विभाग में तैनात हेड कांस्टेबल बलराम पाल (51) की मंगलवार सुबह उनके घर में मौत हो गई। बलराम पाल फाफामऊ के जैतवारडीह में मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहे थे। वर्तमान में उनकी तैनाती फतेहपुर के खागा में थी और करीब एक महीने से छुट्टी पर होने के कारण घर पर थे। परिजनों के मुताबिक सोमवार शाम करीब 6 बजे बलराम पाल ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले थे।

रात करीब 11 बजे वापस लौटने के बाद वह सीधे अपने कमरे में चले गए और परिवार से बातचीत नहीं की। मंगलवार सुबह परिजनों ने उन्हें कमरे में मृत पाया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही फाफामऊ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी बुलाया, जिसने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। बलराम पाल के परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। बेटी की शादी हो चुकी है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है। परिजनों ने मौत को आत्महत्या बताया है, हालांकि इसके पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है और सोमवार शाम घर से निकलने से लेकर रात में वापस लौटने तक के घटनाक्रम की भी जांच की जा रही है।

थाना प्रभारी चंद्रप्रकाश सिंह के अनुसार, फोरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत की स्थिति और कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## बुढ़वा मंगल को लेकर पुलिस अलर्ट, पुलिस आयुक्त ने पनकी मंदिर का किया निरीक्षण



**कानपुर।** बुढ़वा मंगल के आयोजन को लेकर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था तेज कर दी है। 22 सितंबर को पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने पनकी स्थित प्रसिद्ध पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस आयुक्त ने गर्भगृह में श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुरक्षित दर्शन, प्रवेश-निकास व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन का निरीक्षण किया। साथ ही श्रद्धालुओं के आवागमन, रूट, पार्किंग और सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था भी परखी। अधिक भीड़ की स्थिति में किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए बैरिकेडिंग, बैरियर और आवश्यक डायवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसीपी सीसामऊ आनंद कुमार ओझा, एसीपी यातायात संजय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक पनकी समेत पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बुढ़वा मंगल पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और व्यवस्थित दर्शन में किसी तरह की कमी न रहे।

# अराजक तत्वों की पहचान करें प्रशासन

समृद्धि न्यूज, प्रयागराज

शहर के कई प्रमुख स्थानों पर रविवार रात में विवादित पोस्टर लगाए जाने की घटना पर आक्रोशित सपा नेताओं ने कहा है कि प्रयागराज की जनता को गुमराह करने के लिए इस तरह के पोस्टर लगाना लोकतांत्रिक राजनीति नहीं, बल्कि मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है। अगर किसी व्यक्ति पर कोई आरोप है तो उसके लिए कानून और न्यायालय की प्रक्रिया है, पोस्टरबाजी नहीं। समाजवादी पार्टी स्पष्ट कहना चाहती है कि झूठे, भ्रामक और आपत्तिजनक प्रचार से जनता की आवाज दबाई नहीं जा सकती। प्रशासन को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि सार्वजनिक स्थान पर यह पोस्टर किसने लगवाया, अनुमति किसने दी और इसके पीछे कौन लोग हैं। सपा एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, प्रवक्ता दान बहादुर सिंह मधुर आदि सपा नेताओं ने कहा है कि राजनीति करनी है तो देश एवं प्रदेश के ढांचागत विकास, किसानों की आय,? छुट्टा जानवरों के आतंक, रोजगार, पेपर लीक, लगातार चल रहे प्रतियोगी छात्रों के आंदोलन, सिस्टम में फैले भ्र्ष्टाचार , न्यायिक व्यवस्था को धता बताती बुलडोजर नीति, फेक इंकाउंटर, पीडीए के साथ आये दिन बढ़ते अत्याचार, लोकतंत्र और संविधान पर बढ़ते खतरे, प्रदेश में मादक पदार्थों की आती खेप, कानून-व्यवस्था, आस्था के केंद्रों को कलंकित करने वाले कारनामो और जनता के सवालों पर कीजिए। व्यक्तिगत आरोपों और बदनाम करने वाले पोस्टरों के पीछे छिपकर नहीं। सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार उक्त विवादित पोस्टर रविवार की रात में शहर के सुभाष चौराहे, सिविल लाइन्स बस अड्डा के सामने, मेडिकल चौराहे, नाज रेथ अस्पताल के सामने, केपीयूसी विश्वविद्यालय पर लगाए गए थे। छात्र नेता ज्ञानेंद्र यादव पार्थ, गोविन्द मिश्रा, अखिलेश प्रजापति आदि को जानकारी मिलने पर सपा कार्यकर्ताओं ने इसे उखाड़ दिया है।

निरीक्षण के दौरान एसीपी सीसामऊ आनंद कुमार ओझा, एसीपी यातायात संजय कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक पनकी समेत पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बुढ़वा मंगल पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और व्यवस्थित दर्शन में किसी तरह की कमी न रहे।

# नगर को साफ-सुथरा बनाना हमारी प्राथमिकता: आसमा बेगम

▸ स्वच्छता सेवा अभियान के तहत पार्क में चला सफाई अभियान, पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज, समधन।

शासन के स्वच्छता सेवा अभियान के तहत मंगलवार को नगर पंचायत समधन की चेयरमैन आसमा बेगम एवं अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ मोहल्ला अशफाकउल्ला नगर स्थित ओपन जिम सेंटर पार्क में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान पार्क में पौधरोपण भी किया गया।

वन विभाग के रेंजर राकेश कुमार की मौजूदगी में पौधे लगाए गए। इसके बाद नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों की टीम ने पार्क में विशेष सफाई अभियान चलाकर परिसर को स्वच्छ किया। रेंजर राकेश कुमार ने कहा कि पौधे देश की धरोहर हैं। पौधरोपण के बाद प्रत्येक पौधे में टी-गार्ड लगाना चाहिए और समय-समय पर सिंचाई भी करते रहना चाहिए। पेड़-पौधे बड़े होकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इसके बाद चेयरमैन एवं ईओ ने गर्दाबाद स्थित रिउरी तालाब के सुंदरीकरण कार्य का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित लोगों को कार्य में तेजी लाते हुए सुंदरीकरण का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। चेयरमैन आसमा बेगम ने कहा कि नगर को साफ-सुथरा और स्वच्छ बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले सफाई कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नगर के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से भी शासन के स्वच्छता सेवा अभियान को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर लिपिक राजेश वर्मा, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, रियाज़, मतलूब हुसैन, वन दरोगा राजकुमार, वन रक्षक राज कुमार पाण्डेय, विक्रम वर्मा एवं सफाई नायक नरेश कुमार, सुनील कुमार, नरेश चंद्र सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।


पौधरोपण के बाद पौधे में पानी डालतीं चेयरमैन आसमा बेगम, साथ में ईओ दिव्या गुप्ता।


रिउरी तालाब के सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण करतीं चेयरमैन आसमा बेगम एवं ईओ दिव्या गुप्ता।

# विदाई आते ही भक्तों से खचाखच भरने लगा पंडाल

▸ इंदिरा आवास कॉलोनी में गणेश महोत्सव

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी में चल रहे श्री गणेश महोत्सव में गजानन की विदाई का समय करीब आते ही पंडाल भक्तों से खचाखच भरने लगा। भाजपा स्नातक चुनाव के जिला संयोजक विपिन द्विवेदी ने गणेश जी की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि अवधेश त्रिपाठी एवं धर्मेंद्र वर्मा ने गणेश जी का पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात जरा गोदी में उठा लो मेरी मां गजानन छोटे हैं भजन पर यशिका रानी तिवारी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। %सब छोड़-छाड़ के शिव तेरा कैलाश में चली पार्वती मायके चली भजन पर शंकर के स्वरूप में सजे यश तिवारी व पार्वती के रूप में सजी किट्टू ने सभी दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो कि दर पर सुदामा गरीब आ गया है नाटक का मंचन कृष्णा, प्रियांशु, हिमांशु आदि ने किया। महिषासुर वध नाटक के मंचन में शिवा व हिमांशु ने अहम भूमिका निभाई। समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी के संचालन में हुए कार्यक्रम में प्रशांत त्रिपाठी एडवोकेट, शिवम तिवारी, मुरारी लाल शर्मा, मुकेश दीक्षित, सुखदेव शाक्य, मुकुट बिहारी चतुर्वेदी, अनामिका तिवारी, रजनी सक्सेना मीना मिश्रा पंकज मिश्रा, आशू, कृष्णा, सूरज, शिवा, प्रीती, दिव्या, किट्टू, सुनीता, रंजना, आशिक, राजिक आदि का विशेष सहयोग रहा।

# रजत त्रिपाठी बने छिबरामऊ नगर मंडल के संयोजक

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। आगरा-खंड स्नातक क्षेत्र के चुनाव को ध्यान में रखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने विभिन्न मंडलों में संयोजकों का मनोनयन किया है। जिला संयोजक स्नातक चुनाव विपिन द्विवेदी की संस्तुति पर कई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष की ओर से जारी मनोनयन के अनुसार छिबरामऊ नगर मंडल के लिए रजत त्रिपाठी, प्रेमपुर मंडल में नंदकिशोर राजपूत, छिबरामऊ देहात में सूर्य प्रकाश वर्मा, गुरसहायगंज में अनुराग गुप्ता, तेराजाकेट मंडल में संजय दुबे तथा तालग्राम मंडल में अंशुल मिश्रा को संयोजक बनाया गया है। नवनियुक्त मंडल संयोजकों को बधाई देते हुए जिलाध्यक्ष ने स्नातक मतदाताओं से लगातार संपर्क बनाए रखने और पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय कर चुनावी तैयारी को गति देने पर जोर दिया। मंडल संयोजक की जिम्मेदारी मिलने पर रजत त्रिपाठी ने कहा कि वे इस दायित्व को पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि स्नातक मतदाताओं तक पहुंचकर पार्टी के विकास कार्यों और नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। वे संगठन को और मजबूत बनाने तथा बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

# गणेश महोत्सव में संस्कृति और भक्ति का संगम

▸ गणेश प्रतिमा का विसर्जन आज

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



नगर के मोहल्ला त्रिपाठी नगर चौधरियान में बाबा कामेश्वरनाथ सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे गणेश महोत्सव में वीरेंद्र पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विमलेश दुबे ने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे उत्सव युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। आज के भागदौड़ भरे जीवन में ये आयोजन हमें नैतिक मूल्यों और सद्भाव की याद दिलाते हैं। भाकियू (किसान) के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ने कहा कि गणेश जी विघ्नहर्ता हैं। किसान समाज भी इन उत्सवों के माध्यम से एकजुट होकर खेती और संस्कृति दोनों को आगे बढ़ाता है। बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव दुबे ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम समाज में शांति और सद्भाव का संदेश देते हैं। सभी को मिलकर अपनी परंपराओं को जीवित रखना चाहिए। आरती के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शिव-पार्वती विवाह का मंचन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देखकर सभी दर्शक भावविभोर हो गए। दोपहर बाद विशाल भंडारा आयोजित हुआ। गणेश प्रतिमा का विसर्जन 23 सितंबर मंगलवार को होगा। कार्यक्रम में सौरभ यादव, राजन यादव, शिब्बू यादव, गणेश दुबे, टिंकू शर्मा, संजय सैनी, जितेंद्र सैनी, विवेक शाक्य, गौरव सैनी आदि ने सहयोग किया।

## शोक सभा में अर्चना पांडेय सहित सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं सनातन धर्म के प्रति अनन्य श्रद्धा रखने वाले लाला अशोक कुमार गुप्ता के निधन पर रामकृष्ण पैलेस, तिर्वा रोड गुरसहायगंज में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में ब्राह्मण समाज सहित नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि स्व. गुप्ता जी का समाज के प्रति योगदान अमूल्य रहा है और उनकी यादें सदैव हृदय में अमिट रहेंगी। इस दौरान सभा में पूर्व खनन मंत्री अर्चना पांडे सुशील दुबे नीरज मिश्र रामकुमार पाठक संतोष चतुर्वेदी मुन्ना दुबे भी शामिल हुईं। पूर्व खनन मंत्री अर्चना पांडे ने कहा कि लाला अशोक कुमार गुप्ता का जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वे केवल एक व्यापारी नहीं, बल्कि धार्मिक और सामाजिक कार्यों के प्रेरणास्रोत थे। सनातन धर्म और विप्र समाज के लिए उनका समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्य आत्मा को।

## आवास विकास (अटल नगर) में अटल द्वार बनवाने की मांग



छिबरामऊ, कन्नौज। आवास विकास कॉलोनी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित करने और मुख्य मार्ग पर अटल द्वार के निर्माण की मांग को लेकर एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा गया। आवास विकास कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृति और बजट आवंटन कराने की मांग की है। समिति के अध्यक्ष अजय कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर अटल द्वार और अटल पार्क में प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव समिति द्वारा रखा गया है। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती है। समिति की मंशा है कि जयंती से पूर्व सभी प्रशासनिक औपचारिकताएं, स्वीकृति और निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाए। जयंती पर प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया जा सके। इस अवसर पर अजय कुमार चतुर्वेदी, संतोष पाण्डेय, बृजेश शुक्ला, राजीव दुबे, मेहराम पाल, राजेश शाक्य एडवोकेट व देवी दीन शाक्य मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बुढ़वा मंगल पर्व पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



समृद्धि न्यूज़, समधन। बीते वर्षों की भांति इस बार भी बुढ़वा मंगल पर्व के अवसर पर क्षेत्र के रामाश्रम स्थित काली नदी तट पर बसे सिद्ध गुफा आश्रम मनुआ भगवान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर में पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। बुढ़वा मंगल पर्व को लेकर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। मंदिर व्यवस्थापकों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कतारों में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते गुरसहायगंज और फर्रूखाबाद मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रभावित रहा और कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

### पत्रकार एवं पूर्व सभासद के पिता के निधन पर शोक

गुरसहायगंज, कन्नौज। रामगंज गुरसहायगंज निवासी तिर्वा रोड स्थित दुर्गा बुक डिपो पत्रकार पूर्व सभासद ज्ञानेन्द्र गुप्ता के पिता दिवारी लाल गुप्ता के निधन पर गहरा शोक का माहौल बना हुआ है। तेरहवीं संस्कार का आयोजन आज किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए पूर्व सभासद ज्ञानेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिवारी लाल गुप्ता एक सरल, सहज और नेकदिल व्यक्ति थे। उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ज्ञात हो कि दिवारी लाल गुप्ता का स्वर्गवास 12 सितंबर 2026 दिन शनिवार को हो गया था। उनकी आत्मा की शांति हेतु तेहरवीं संस्कार 23 सितंबर 2026 दिन बुधवार को दोपहर 2 बजे प्राइमरी पाठशाला के पास, रामगंज गुरसहायगंज में आयोजित होगा। पूर्व सभासद एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रभारी ने सभी शुभचिंतकों से तेहरवीं संस्कार में पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करने की अपील की है।

### मेरे सपनों का भारत प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत



तिर्वा/कन्नौज। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा में 'मेरे सपनों का भारत' प्रतियोगिता और हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। वंदना सत्र के बाद हुए समारोह में मुख्य अतिथि नगर कोतवाल तिर्वा संजय कुमार शुक्ला, प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी और प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को शील्ड व उपहार प्रदान किए। विद्यालय में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर हिंदी भाषण और चित्रकला तथा हिंदी दिवस पर सुलेख प्रतियोगिता हुई थी। भाषण प्रतियोगिता में पीयूष दुबे प्रथम, अनुराग दुबे द्वितीय, शिवांग चतुर्वेदी तृतीय, ओम मिश्रा चतुर्थ और छवि पंचम रहीं। चित्रकला के कक्षा छह-सात वर्ग में विघ्नेश नारायण चौधरी प्रथम, वरुण श्रीवास्तव द्वितीय, हिमांशी तृतीय, वैष्णवी यादव चतुर्थ और अवनी पंचम रहीं। कक्षा आठ वर्ग में प्रज्ञा प्रथम, आरजू द्वितीय, उजाला तृतीय, साक्षी चतुर्थ और वैष्णवी कुशवाहा पंचम रहीं। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं प्रतिभा निखारने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने में सहायक हैं। प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

## न.प. कार्यालय में सभासदों ने स्व. अशोक कुमार गुप्ता को दी श्रद्धांजलि, बोले- समाजसेवा में उनका अमूल्य योगदान




गुरसहायगंज, कन्नौज। धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सदैव अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्रमुख समाजसेवी स्व. अशोक कुमार गुप्ता की पावन स्मृति में नगर पालिका परिषद कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में सभासदों ने दिवंगत पुण्यात्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाजसेवा के प्रति उनका समर्पण, सरल एवं सहज व्यक्तित्व तथा धार्मिक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी। उनके द्वारा समाजहित में किए गए कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। सभासदों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें। इस मौके पर सभासद दीपक गुप्ता, शिवा गुप्ता, मनोज तिवारी, आकाश सक्सेना के अलावा सभी सभासद और कार्यालय के पटल सहायक मौजूद रहे।

## मौरम उतारकर ग्वालियर जा रहा डंफर खंदक में पलटा

तिर्वा/कन्नौज। मौरम उतारकर वापस जा रहा एक डंफर चालक के अनियंत्रण के कारण खंदक में जा गिरा। जानकारी के मुताबिक मौरम लादकर एक डंफर नंबर एमपी 07 ए.के 7727 बीते सोमवार की रात मौरम लादकर मध्यप्रदेश के ग्वालियर से तिर्वा मौरम मंडी मंगलवार की सुबह पहुंचा था। डंफर को चालक अनिल बघेल लेकर पहुंचा था। तिर्वा मंडी में मौरम उतारने के बाद चालक डंफर को लेकर वापस लेकर रवाना हुआ। जैसे ही डंफर तिर्वा इंदरगढ़ मार्ग पर त्रिलोकपुर गांव के निकट पहुंचा, इसी दौरान अनियंत्रण के कारण सड़क किनारे खंदक में पलट गया। दुर्घटना का कारण चालक को झपकी आना बताया गया है। आसपास के लोगों ने जब दुर्घटना वाले देखी तो मौके की ओर दौड़ पड़े। राहगीरों और आसपास के लोगों की मदद से डंफर चालक को खंदक से निकाला जा सका। इस दौरान लोगों की भीड़ लगी रही। फिलहाल चालक सुरक्षित है।

# समधन में टूटे क्रॉसर जाल हटाकर बन रहीं पुलिया

▸ अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता के निर्देश पर काम शुरू, लोगों को मिली राहत

समृद्धि न्यूज़, समधन।



नगर पंचायत समधन में नालों और नालियों पर टूटे पड़े क्रॉसर जालों को हटाकर अब सीमेंटेड पुलिया बनाई जा रही हैं। इससे नगरवासियों को आने-जाने में हो रही दिक्कत से राहत मिली है। नगर पंचायत समधन की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने इस समस्या को गंभीरता से लिया था। उनके निर्देश पर यह काम शुरू किया गया है। कुछ समय पहले अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने नगर के कई मोहल्लों, सब्जी मंडी और अन्य जगहों का अचानक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने देखा था कि नालों और नालियों पर लगे क्रॉसर जाल टूटे पड़े हैं, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही थी। उन्होंने नगरवासियों को आश्वासन दिया था कि इन टूटे जालों को हटवाकर उनकी जगह मजबूत सीमेंटेड पुलिया बनवाई जाएंगी। अधिकारी के निर्देश के बाद नगर के अलग-अलग स्थानों पर सीमेंटेड पुलिया बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इस काम से स्थानीय लोगों में संतोष दिखाई दे रहा है। लोगों ने नगर की समस्या को ध्यान में रखकर समाधान कराने के लिए अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता की तारीफ की है।

# भाकियू लोक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज।



भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र प्रताप सिंह का कन्नौज आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर एवं पूर्व जिला पंचायत फर्रूखाबाद अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी ने साल और पगड़ी पहनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का सम्मान किया। इस दौरान जिले की किसान समस्याओं को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया और उन्हें सरकार तक पहुंचाने की मांग रखी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन मंत्री अशोक सिंह, दिनेश सिंह शर्मा, मुशीर अहमद, अभय ठाकुर, नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रदेश प्रमुख महासचिव अवधेश गुप्ता, कन्नौज जिला अध्यक्ष मोहम्मद वकील, दीपू शर्मा, जिला महासचिव अनिरुद्ध यादव आदि लोग मौजूद रहे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रूखाबाद हाजी तहसीन सिद्दीकी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का कन्नौज की धरती पर स्वागत करना हमारे लिए गर्व की बात है। आज किसान कई समस्याओं से जूझ रहा है, खाद, बिजली, गन्ना भुगतान और आवारा पशुओं की समस्या विकराल है। हमें उम्मीद है कि राष्ट्रीय नेतृत्व इन मुद्दों को मजबूती से सरकार के समक्ष रखेगा और किसानों को न्याय दिलाएगा। प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति हमेशा किसानों के हक की लड़ाई लड़ती आई है। आज हमने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के सामने कन्नौज जिले की सभी प्रमुख समस्याएं रखी हैं। बहुत जल्द जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो। हमारा संगठन हर गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करेगा।

## लेखपालों ने अतिरिक्त क्षेत्र का चार्ज और बस्ता किया जमा

कन्नौज। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर मंगलवार को जिले की तीनों तहसीलों के लेखपालों ने अतिरिक्त क्षेत्र का चार्ज और बस्ता जमा कर दिया। साथ ही इन क्षेत्रों से जुड़े ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यों का बहिष्कार शुरू कर दिया। संघ के अनुसार, अब जिले के सभी लेखपाल अपने मूल क्षेत्र में ही राजस्व संबंधी कार्यों का निस्तारण करेंगे। अतिरिक्त क्षेत्रों की जिम्मेदारी मिलने से बढ़े कार्यभार के विरोध में यह कदम उठाया गया है। लेखपालों ने संबंधित अधिकारियों के समक्ष अतिरिक्त क्षेत्र का चार्ज सौंपते हुए स्पष्ट किया कि मूल क्षेत्र के कार्यों का निर्वहन पूर्व की तरह पूरी जिम्मेदारी से किया जाएगा।

## ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने समधन में किया हार्डवेयर प्रतिष्ठान का उद्घाटन, स्वागत से गदगद दिखे सपा नेता



समधन, कन्नौज। विधानसभा 196 छिबरामऊ क्षेत्र के नगर समधन में शमशाद फौजी के नवीन प्रतिष्ठान हार्डवेयर का उद्घाटन पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने फीता काटकर किया। इस दौरान नगर समधन एवं आसपास क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक शमशाद फौजी द्वारा पूर्व विधायक का भव्य स्वागत किया गया। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि शमशाद खान फौजी मेरे पुराने और करीबी साथी हैं, उनके नए प्रतिष्ठान के उद्घाटन पर मैं उन्हें दिल से मुबारकबाद देता हूं। यह प्रतिष्ठान समधन क्षेत्र के लोगों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। आज का युवा अगर ईमानदारी और मेहनत से व्यापार करेगा तो निश्चित ही तरक्की करेगा। समाजवादी पार्टी हमेशा व्यापारियों, युवाओं और आम जनता के हितों के लिए खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी। मैं शमशाद भाई के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और समधन की जनता का जो प्यार मुझे मिला है, उसके लिए मैं सभी का आभारी हूं।

# पटाखा बनाते समय हुए विस्फोट से कारीगर की मौत



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

नगर से लगे बहवलपुर में तेज धमाके की आवाज सुनते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया, क्योंकि मकान के पास टीन शेड के नीचे पटाखा बनाने के दौरान अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गया और पटाखा बनाने वाले की मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। जानकारी के अनुसार विस्फोट में पटाखा बनाने का काम कर रहे बहवलपुर निवासी शिव कुमार चिक पुत्र द्वारिका प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया। वहां उनकी मौत हो गई। इस हादसे के दौरान घटनास्थल पर खड़ी एक बाइक पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं विस्फोट की सूचना मिलते ही सीओ मयंक मिश्रा, एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी, तहसीलदार अभिनव, प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे पुलिस बल और फायर ब्रिगेड टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना की जानकारी जुटाई। बाद में एसपी विनोद कुमार, डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला और विधायक अर्चना पांडे भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मकान मालिक संतोष भुर्जी के पिता शिव कुमार भुर्जी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस पटाखा बनाने की अनुमति, सुरक्षा मानकों और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही जिम्मेदारी और आगे की कार्रवाई स्पष्ट होगी। स्थानीय लोगों ने यहां पहले भी पटाखा बनाने के दौरान हादसे होने का दावा किया है।

### सुलभ शौचालय में मिला आतिशबाजी बनाने का बारूद

छिबरामऊ। बहबलपुर में पटाखा विस्फोट के बाद जांच में कई तथ्य सामने आए। विस्फोट स्थल के बगल में बने राजेश पाल के मकान की दीवारें चटक गईं। पुलिस के अनुसार, 18 अक्तूबर को महेश कुमार पुत्र शिव कुमार भुर्जी के नाम मुकदमा दर्ज हुआ था। वहीं, 12 सितंबर 2025 को संतोष पुत्र शिव कुमार भुर्जी के नाम भी मुकदमा दर्ज किया गया था। बहवलपुर स्थित सुलभ शौचालय में आतिशबाजी बनाने का बारूद भरा मिला। नगर पालिका ईओ अजय कुमार पटेल ने बताया कि शौचालय की जिम्मेदारी सफाई नायक सुजीत कुमार की है। उससे दो दिन में जवाब मांगा गया है। दोषी मिलने पर कार्रवाई होगी।

## 29 राजस्व गांवों में फार्मर रजिस्ट्री के लिए लग रहे शिविर

कन्नौज। किसानों की भूमि संबंधी सूचनाओं को डिजिटल रूप से दर्ज करने के लिए जिले के 29 राजस्व गांवों में फार्मर रजिस्ट्री शिविर लगाए जा रहे हैं। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने किसानों से शिविरों में पहुंचकर फार्मर आईडी बनवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में किसान की भूमि और उसके अधिकारों से जुड़ी जानकारी एक जगह उपलब्ध रहेगी। इससे पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि ऋण समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। फसल क्षति के आकलन, बीमा मुआवजे और भूमि संबंधी अभिलेखों के इस्तेमाल में भी आसानी होगी। कृषि विभाग राजस्व और पंचायती राज विभाग के सहयोग से शिविर आयोजित कर रहा है। कन्नौज, गुरसहायगंज, जलालाबाद, उमर्दा, हसेरन, सौरिख, तालग्राम और छिबरामऊ विकासखंड के 29 राजस्व गांवों में शिविर लगाए जा रहे हैं।

# सड़क हादसों में भाजपा बूथ अध्यक्ष समेत तीन की मौत

▸ सौरिख में बाइक भिड़ंत, तिर्वा में पिकअप की टक्कर, ऑटो पलटा

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



जिले में मंगलवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में भाजपा बूथ अध्यक्ष समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसों की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। सौरिख थाना क्षेत्र के नादेमऊ निवासी सुरेंद्र सक्सेना (45) भाजपा बूथ अध्यक्ष थे। वह बाइक से सब्जी लेकर घर लौट रहे थे। नादेमऊ पुलिस चौकी के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। गंभीर घायल सुरेंद्र को तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के बेला उमर्दा-औरैया मार्ग पर गसीमपुर पुलिया के पास बिल्हौर क्षेत्र के भवन निवादा निवासी उमा (40) पिकअप की चपेट में आ गईं। वह मायके धरमंगदपुर से परिजनों के साथ रोहिली माता मंदिर जा रही थीं। सड़क पार करते समय हादसा हुआ। उपचार के लिए ले जाते समय उनकी मौत हो गई। चालक वाहन लेकर भाग निकला। तीसरा हादसा तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर पाल चौराहे के पास हुआ। तिर्वा निवासी रमाकांत (62) समेत कई लोग ऑटो से कन्नौज जा रहे थे। अनियंत्रित ऑटो पलटने से रमाकांत गंभीर घायल हो गए। तिर्वा मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों मामलों में जांच शुरू कर दी है।

# जापान के निवेशकों के साथ मेडिकल टूरिज्म की पहल

- जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ विभिन्न सहयोगी योजनाओं पर हुई चर्चा

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं एजे ग्रुप ने जापान के से आये हुए निवेशकों के साथ आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवा और मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में संभावित रणनीतिक सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में कॉलेज की प्रबंध निदेशक डॉ. अनीता रंजन एवं प्राचार्य डॉ. नीतू श्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ विभिन्न सहयोगी योजनाओं पर चर्चा की। जापान की ओर से निवेशकों डॉ0 जेन नाकामुरा, तेरामोटो, ओइकावा तथा जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के वरिष्ठ अधिकारी हिसाकी ओसामु शामिल रहे।



जापानी प्रतिनिधि मण्डल के साथ मेडिकल कालेज स्टाफ

बैठक में जापान में आयुर्वेद एवं हर्बल चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने, भारत-जापान डॉक्टर एक्सचेंज कार्यक्रम, संयुक्त अनुसंधान एवं विकास, मेडिकल टूरिज्म तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश जैसे विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही जापानी मरीजों के लिए भारत में आयुर्वेदिक एवं इंटीग्रेटिव चिकित्सा सेवाओं की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान निवेशकों की ओर से जापानी चिकित्सकों को मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज का दौरा कर आयुर्वेदिक क्लिनिकल एवं शैक्षणिक कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ ही भारत से प्रतिनिधिमंडल को जापान आमंत्रित करने तथा भारतीय नर्सिंग एवं केयर प्रोफेशनल्स के लिए जापान में कार्य के अवसरों पर भी चर्चा हुई। एजे ग्रुप और मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की ओर से बताया गया कि दोनों पक्ष आगे की वार्ताओं के माध्यम से शैक्षणिक आदान-प्रदान, क्लिनिकल ऑब्जर्वेशन, अनुसंधान तथा संभावित निवेश से संबंधित सहयोग को औपचारिक स्वरूप देने की दिशा में कार्य करेंगे। यह पहल भारत और जापान के बीच पारंपरिक चिकित्सा, वेलनेस टूरिज्म और स्वास्थ्य क्षेत्र में मानव संसाधन सहयोग की संभावनाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संवाद के रूप में सामने आई है।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत हुई भाषण प्रतियोगिता

- छात्राओं को किया गया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**



कार्यक्रम में सम्मानित होती छात्रा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एनएकेपी डिग्री कॉलेज में मंगलवार को भाषण प्रतियोगिता विषय-विकसित भारत की संकल्पना2047 का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें रिनी चौहान, दिव्यंका तिवारी, आशी मिश्रा, चेतना, स्वास्तिका ने भाग लिया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा रहे।

विशिष्ट अतिथि कवि डॉ. शिव ओम अंबर रहे। महाविद्यालय के सचिव डॉ. हरिदत्त द्विवेदी ने विचार व्यक्त किये। प्रभारी प्राचार्य श्रुति गुप्ता तथा कार्यक्रम प्रभारी डॉ. श्वेता सिंह की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संचालन अंग्रेजी विभाग की डॉ. शिल्पी मिश्रा एवं समाजशास्त्र विभाग की डॉ. शालिनी धूसिया द्वारा किया गया। सभी शिक्षक शिक्षिकाएं में रूपा देवी, डॉ. शाहीन खान, डॉ. रंजना सिंह, डॉ. अंजू पांडेय, डॉ. रंजना चतुर्वेदी, डॉ. सुक्ष्मा पांडेय, डॉ. प्रज्ञा दीक्षित, दीपांशी सक्सेना, पूनम शुक्ला, अर्चना शाक्य, सुवर्णा, आरती अवस्थी तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारीयों में कार्यालय से संबंधित अमित चतुर्वेदी, राजीव सक्सेना, संदीप दीक्षित, नैन्सी, कमलेश मिश्रा, सुखदेव शुक्ला, राजेंद्र दिवाकर मौजूद रहे।

# दर्शन करने आए पूर्व सैनिक की गश खाकर मौत, एक महिला श्रद्धालु अचेत

**समृद्धि न्यूज,मोहम्मदाबाद।**

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** नीवकरोरी धाम में बुढ़वा मंगल पर बाबा लक्ष्मण दास के दर्शन करने उमड़ी भीड़ के बीच एक दुखद घटना सामने आई। मंदिर के पश्चिमी गेट पर दर्शन का इंतजार कर रहे कन्नौज निवासी एक पूर्व सैनिक की गश खाकर गिरने से मौत हो गई। वहीं, मैनपुरी से आई एक अन्य महिला श्रद्धालु भी भीड़ के बीच लाइन में अचेत होकर गिर पड़ीं, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी मोहम्मदाबाद में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा।



जानकारी के अनुसार कन्नौज जिले के कस्बा छिबरामऊ निवासी 55 वर्षीय पूर्व सैनिक महेंद्र प्रताप सिंह यादव मंगलवार सुबह अपनी पत्नी बीना, साली गुड्डी देवी और साढ़ू दीवान सिंह के साथ नीबकरोरी धाम पहुंचे थे। महेंद्र प्रताप पैरालिसिस से भी पीड़ित थे। जब वे मंदिर के पश्चिमी गेट के पास खड़े थे, तभी अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। यह देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के तुरंत बाद मौके पर एंबुलेंस के साथ तैनात स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उनका प्राथमिक उपचार किया और उन्हें तुरंत सीएचसी मोहम्मदाबाद भेज दिया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पूर्व सैनिक के निधन की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरी ओर, मैनपुरी के गोला बाजार निवासी मीरा देवी पत्नी रामसहाय भी नीबकरोरी धाम में दर्शन के लिए कतार में लगी थीं। वह लाइन में लगकर मंदिर के अंदर पहुंच चुकी थीं, तभी अचानक तबीयत बिगड़ने से वह गश खाकर गिर पड़ीं। मौके पर मौजूद मेडिकल टीम ने तुरंत उनका प्राथमिक उपचार किया और एंबुलेंस के जरिए उन्हें सीएचसी मोहम्मदाबाद में भर्ती कराया गया है।

## महिला होमगार्ड ने साइकिल सवार को मारी टक्कर

**फर्रुखाबाद।** छोटी जेल चौराहे के पास मंगलवार को महिला होमगार्ड की स्कूटी की टक्कर से साइकिल सवार घायल हो गया। पुलिस ने खाकी का बचाव करते हुए न सिर्फ आरोपी महिला को मौके से भगा दिया, बल्कि घायल साइकिल सवार को ही हड़का कर वहां से चलता कर दिया। जानकारी के अनुसार मानिकपुर निवासी बृजेश कुमार पुत्र मकसूदन अपनी साइकिल से किसी मामले की तारीख पर जा रहे थे। जैसे ही वह छोटी जेल चौराहे के पास पहुंचे, तभी स्कूटी संख्या यूपी ७६-एएम-5895 पर सवार एक महिला होमगार्ड ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। बृजेश कुमार सड़क पर गिरकर घायल हो गए और उनकी साइकिल भी बुरी तरह टूट गई। ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के जवान भी वहां आ पहुंचे। ट्रैफिक पुलिस ने एक्सीडेंट करने वाली महिला होमगार्ड से पूछताछ या कार्रवाई करने के बजाय उल्टा घायल बृजेश को ही धमकाना शुरू कर दिया।

# वर्धन दीक्षित ने सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स में किया गौरवान्वित

- तीन स्वर्ण पदक सहित सर्वश्रेष्ठ एथलीट का जीता खिताब

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**




सम्मानित होते विजेता छात्र वर्धन दीक्षित

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ के एथलेटिक्स दल ने सीबीएसई क्लस्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया। प्रतिभाशाली एथलीट वर्धन दीक्षित ने अंडर-19 बालक वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

वर्धन दीक्षित ने अंडर-19 बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 200 मीटर दौड़ में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों व्यक्तिगत स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। अंडर-19 बालक वर्ग की 4वाई100 मीटर रिले दौड़ में एपीएस फतेहगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। वर्धन दीक्षित के उत्कृष्ट एवं निरंतर प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें अंडर-19 बालक वर्ग का सर्वश्रेष्ठ एथलीट भी घोषित किया गया। खिलाड़ियों के समर्पित प्रशिक्षकों सुरेंद्र सिंह परिहार एवं अनुपा अग्निहोत्री का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना पूरे विद्यालय परिवार के साथ-साथ शहर के लिए भी अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है। प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा एवं उप-प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने भी खिलाड़ियों को निरंतर सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान किया तथा इस शानदार उपलब्धि पर खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी।

## खबरें एक नजर में

### बुढ़वा मंगल पर हुआ सुंदरकाण्ड पाठ



आरती में भाग लेते सीडीओ व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुढ़वा मंगला पर सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन बेवर रोड स्थित नलकूप कालोनी में हुआ। नलकूपेश्वर महादेव मंदिर धन्सुआ विजाधरपुर में आयोजित सुंदरकाण्ड पाठ में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर भाग लिया। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रत्येक चौपाई पर हनुमान जी को याद किया। महाआरती के साथ सुंदरकाण्ड पाठ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी ने भाग लिया और हनुमान जी की आरती उतारी। देर शाम तक भण्डारा चला। भक्तों ने प्रसाद छका। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



रोते बिलखते परिजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत हो जाने के मामले में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के क्षेत्र बिजली घर निवासी 35 वर्षीय दिनेश पुत्र जगदीश की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की मां मुन्नी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुत्र की मौत के मामले में संदेह जाहिर करते हुए कार्यवाही की मांग की है। जिसके आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी। वहीं कई लोगों को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। मृतक की पत्नी पुष्पा व एक पुत्र व पांच पुत्री सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### गणेश महोत्सव में गूंजे माता के जयकारे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** हनुमान मंदिर में चल रहे गणेश महोत्सव के अंतर्गत सोमवार रात एक विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया। भक्ति भाव से सराबोर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने किया। उन्होंने मां भगवती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जागरण की शुरुआत कराई। क्रार्यक्रम का आगाज गायक शिवम अवस्थी ने मां सरस्वती की वंदना के साथ किया। इसके पश्चात विभिन्न कलाकारों ने अपने सुमधुर भजनों से ऐसा समां बांधा कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। महिला कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए चलो बुलावा आया है, खाटू श्याम, राधे-राधे और अन्य देवी भजनों पर श्रद्धालु खुद को रोक नहीं पाए और जमकर झूमते नजर आए। माता रानी के इस जागरण में भजनों के साथ-साथ कई मनमोहक सजीव झांकियां भी निकाली गईं। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई भगवान गणेश, राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती और मां काली की भव्य झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन झांकियों के दर्शन कर भक्त भाव-विभोर हो गए और तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। देर रात तक चले इस भक्तिमय आयोजन में आयोजन कमेटी के समस्त पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय भक्तगण मौजूद रहे और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# फतेहगढ़ जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न, विजेताओं को मिले मेडल

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

माध्यमिक विद्यालयी फतेहगढ़ जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार रहे। कार्यक्रम के संयोजक शिव ओम कुमार द्विवेदी और सहसंयोजक कैप्टन बलविन्दर सिंह ने मुख्य अतिथियों व वरिष्ठ कोषाधिकारी अमरीश वाजपेयी और लेखाधिकारी सुनील कुमार का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अतिथियों तथा जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया एवं उनका उत्साहवर्धन किया।



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

समापन के मौके पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग अंडर-19 आदर्श जनता इण्टर कॉलेज रानूखेड़ा के अनिरुद्ध ने 800 मीटर, 1500 मीटर और लम्बी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, आरपीआईसी के आदेश शर्मा ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-17 एमआईसी फतेहगढ़ के कृष्णा ने 3000 मीटर, 1500 मीटर और 800 मीटर में पहला स्थान प्राप्त कर चैम्पियनशिप अपने नाम की। अंडर-14 में अक्षय यादव ने 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग अंडर-19 में एसडी इन्टर कॉलेज की सोनम ने गोला फेंक, 800 मीटर और भाला फेंक में प्रथम स्थान हासिल कर चैंपियनशिप अपने नाम की। अंडर-17 में जीजीआईसी फतेहगढ़ की नैन्सी ने 800 मीटर, ऊंची कूद और 1500 मीटर में प्रथम और शिवांगी 100 मीटर, लंबी कूद और 200 मीटर में प्रथम चैंपियन बनीं। अंडर-14 वर्ग में कोई चैंपियन नहीं रहा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. विनीत कुमार चौहान, प्रधानाचार्य बृज भूषण सिंह, प्रधानाचार्य गिरजा शंकर, और माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लाला राम दुबे, प्रदीप जायसवाल, प्रवेश शाक्य, सहित कई लोग उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका रजनीश शिवा, सत्येन्द्र सिंह, एंजाज अहमद सिद्दीकी, राहुल यादव, सुब्रत शाक्य, राजेश पाण्डेय, आरती यादव, देव नारायण सिंह, सुनील कुमार, अवनीश गंगवार, राधा कटियार, अर्जुन प्रताप सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, सचिन शाक्य, गुरुचरन, अमिताभ सिंह, संजीव कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने निभाई।

# बाढ़ के कारण बंद मकान का ताला तोड़कर की लाखों की चोरी

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम हैवतपुर गढ़िया स्थित काशीराम कॉलोनी में बाढ़ के पानी के चलते बंद पड़े एक मकान को चोरों ने निशाना बना लिया। बेखौफचोरों ने ई-रिक्शा चालक के मकान का ताला तोड़कर अलमारी व बक्से में रखे लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी साफकर दी। पीड़ित ने मऊदरवाजा थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 11, मकान नंबर 165 निवासी अरुन बाथम पुत्र गिरीश ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। अरुन का आवास भूतल सबसे नीचे पर होने के कारण कॉलोनी में जलभराव व बाढ़ का पानी घुस आया था। मजबूरी में अरुन मकान में ताला लगाकर परिवार सहित साहबगंज चौराहे पर किराए का कमरा लेकर रहने चले गए थे। मकान बंद होने का फायदा उठाकर चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और अंदर दाखिल हो गए। घटना की जानकारी तब हुई जब ऊपर की मंजिल पर रहने वाले एक वकील ने अरुन के मौसेरे भाई अंकित को ताला टूटने की सूचना दी। अंकित की खबर पर जब अरुन परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे, तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी व बक्से के ताले टूटे हुए थे। पीड़ित के अनुसार चोरों ने बक्से व अलमारी में रखी 10 हजार रुपये की नकदी के अलावा परिवार के सभी जेवर चुरा लिए। जिनमें पत्नी सलोनी के झाप्ति, मंगलसूत्र और दो जोड़ी पायले, मां मंजू के कुंडल, मंगलसूत्र और पायले, बहन पिंकी के पायले और अंगूठी गायब थी। सूचना पर पहुंची पुलिस पीड़ित को थाने ले गई। मऊदरवाजा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पीड़ित ने तहरीर दी है।

## पत्नी की मौत के मामले में पति व देवर पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव अकालगंज निवासी राजेश कुमार पुत्र हरीराम ने मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बेहटा निवासी अपने बहनोई भूपाल सिंह पुत्र सूबेदार सिंह व भूपाल सिंह के भाई वेदपाल के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर बहन की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 27 जुलाई की रात उपरोक्त आरोपितों ने मेरी बहन ईश्वरी देवी की मारपीट कर व जहर देकर हत्या कर दी। मेरे बहनोई ने घटना की सही जानकारी नहीं कहा था कि वह बीमार थी, पड़ोसी गांव रुखैया खालिकदादपुर के सरामू व गांव के आस पास से जानकारी मिली कि तुम्हारी बहन की हत्या भूपाल सिंह व वेदपाल ने मिलकर की है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया था। इस घटना से पहले 24 अक्टूबर 2016 में उपरोक्त आरोपितों ने मारपीट की थी। चन्द लोगों के बीच समझौता हो गया था, लेकिन इनके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं हुआ। यह लोग मेरी बहन के साथ मारपीट करते रहे। जैसे ही मुझे घटना की सही जानकारी मिली तुरंत मेरापुर पुलिस को तहरीर दी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# प्राइवेट अस्पतालों के मेडिकल स्टोरों पर औषधि विभाग का औचक छापा

**आठ संदिग्ध दवाओं के सैंपल सील, नोटिस जारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं और दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को औषधि विभाग की टीम ने विभिन्न प्राइवेट अस्पतालों व नर्सिंग होम में संचालित मेडिकल स्टोरों पर ताबड़तोड़ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बड़े पैमाने पर लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर 3 प्रमुख मेडिकल स्टोरों से कुल 8 संदिग्ध औषधियों के नमूने सील किए गए। माया हॉस्पिटल आवास विकास तिराहा, अस्पताल में संचालित मेसर्स निदानिका मेडिकल स्टोर के निरीक्षण के दौरान क्रय-विक्रय अभिलेखों की जांच की गई। गड़बड़ी मिलने पर टीम ने यहां से 4 संदिग्ध औषधियों के नमूने संग्रहीत किए। सिटी हॉस्पिटल बढ़पुर परिसर में संचालित सियोवोल इण्टरप्राईजेज पर छापा मारकर 2 संदिग्ध दवाओं के सैंपल लिए गए। आरके हॉस्पिटल डॉ0 जेएम वर्मा, आवास विकास कॉलोनी यहां संचालित मेडिकल स्टोर की जांच के दौरान 2 संदिग्ध औषधियों के नमूने एकत्र किए गए। निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित मेडिकल स्टोरों पर औषधि विक्रय लाइसेंस की शर्तों का खुला उल्लंघन पाया गया। इस संबंध में स्टोर स्वामियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए विस्तृत निरीक्षण आख्या संस्तुति सहित सहायक आयुक्त औषधि कानपुर मंडल कानपुर को प्रेषित कर दी गई है। एकत्रित किए गए सभी 8 औषधि नमूनों को जांच के लिए राजकीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

# चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप

- मरे हुए लोगों व तामीला के नाम पर ली जा रही है रिश्वत
- कर्मचारी का रुपये लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

फतेहगढ़ स्थित चकबंदी विभाग में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों पर गंभीर भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग का आरोप लगा है। ग्राम गुगौरा थाना कमालगंज निवासी विवेक कुमार पुत्र वेदराम ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित विवेक कुमार के अनुसार चकबंदी विभाग में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजेश बाबू और सुधीर समन/नोटिस तामीलकर्ता ने उनके पिता के चल रहे मुकदमे में



फर्जी तामीला करवाया था। जब पीड़ित ने इस संबंध में बात की और बताया कि जिन लोगों का नोटिस तामील कराना है वे मर चुके हैं, तो कर्मचारियों ने कहा कि रुपये देने पर मरे हुए व्यक्तियों के नाम पर भी तामीला करवा दिया जाएगा और फाइल उनके पक्ष में निस्तारित करा दी जाएगी। आरोप है कि कर्मचारियों ने इस काम के बदले 500 रुपये की मांग की। पीड़ित द्वारा 200 रुपये नकद देते समय का वीडियो भी बना लिया गया है, जो साक्ष्य के रूप में उनके पास मौजूद है। पीड़ित का आरोप है कि ये कर्मचारी आम जनता से नोटिस तामीली के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारी से रिपोर्ट मांगी है।

**सात दिवस के भीतर मांगी गई जांच रिपोर्ट**

पीड़ित ने बताया कि इससे पहले भी उसने 07 जनवरी, 12 अगस्त और 18 अगस्त को प्रार्थना पत्र दिए थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी ने 07 दिनों के भीतर जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा की स्थिति, दुर्घटनाओं के कारणों, प्रवर्तन कार्यवाहियों तथा दुर्घटना नियंत्रण हेतु किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि माह अगस्त 2026 में जनपद में 36 सड़क दुर्घटनाओं में 21 व्यक्तियों की की मृत्यु हुई है, जबकि माह अगस्त 2025 में जनपद में 43 सड़क दुर्घटनाओं में 23 व्यक्तियों की की मृत्यु हुई थी। इस प्रकार माह अगस्त 2026 में जनपद में दुर्घटनाओं की संख्या में 16.27 प्रतिशत की कमी हुई है, जबकि मृतकों की संख्या में 8.69 प्रतिशत की कमी आई है। एआरटीओ प्रवर्तन ने समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया कि वर्ष 2026 में माह अगस्त तक जनपद में 323 सड़क दुर्घटनाओं में से 211 सड़क दुर्घटनाओं में शामिल कम से कम एक वाहन दो पहिया है, जिसमें दो पहिया सवार 134 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 158 व्यक्ति घायल हुये हैं। वर्ष 2026 में कुल सड़क दुर्घटनाओं में दो पहिया वाहनों का 65.51 प्रतिशत तथा मृतकों में दो पहिया वाहन सवारों का 65.33 प्रतिशत होना अत्यन्त ही चिन्तनीय हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट के अतिरिक्त अन्य दुर्घटना संभावित स्थलों की भी पहचान कर




बैठक लेती डीएम व एसपी

आवश्यक सुधारात्मक एवं सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सके। उन्होंने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों को विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक रूप से संचालित करने पर भी बल दिया। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि टोल प्लाजा एवं राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने रामगंगा पुल की मरम्मत में तेजी लाने हेतु निर्देश दिये तथा मरम्मत की कार्ययोजना तीन दिवस में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोहम्मदाबाद से काली नदी पुल तक गढ्ढा मुक्ति का कार्य सन्तोषजनक न होने के कारण पूरे मार्ग पर कोटिंग करने के निर्देश दिये। जनपद के एक मात्र ट्रामा सेन्टर के पूर्ण से क्रियाशील न होने पर डीएम ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये सीएमओ को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करनें के निर्देश दिये। पीडब्लूडी प्रान्तीय खण्ड व निर्माण खण्ड के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये के अब बारिश का समय खत्म होने को है, सड़क किनारे लगी झाड़ियों को साफकराये जिससे सड़क सुरक्षा की दृष्टि से सड़क के किनारे की दृष्यता स्पष्ट रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश सिंह, सीओ सिटी अभय वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक कटारिया, बेसिक शिक्षा अधिकारी वीपी सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता मुरलीधर एवं अशोक कुमार, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत, एआरएम राजेश कुमार उपस्थित रहे।

# बाढ़ से फसलें बर्बाद, किसानों ने डीएम से लगाई मुआवजे की मांग

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

शमसाबाद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत अजीजाबाद में गंगा नदी में आई भीषण बाढ़ के कारण किसानों की खड़ी फसलें बड़े पैमाने पर जलमग्न होकर नष्ट हो गई हैं। फसलों के तबाह होने से गांव के किसानों के सामने गहरा आर्थिक संकट और जीवन-यापन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। ग्राम पंचायत अजीजाबाद के निवासी व युवा समाजसेवी धर्मेन्द्र राजपूत पुत्र लेखराज राजपूत ने ग्रामीणों एवं किसानों की ओर से जिलाधिकारी को एक पत्र देकर तत्काल स्थलीय सर्वे और शासकीय मुआवजे की मांग की है। बाढ़ का पानी खेतों में भर जाने से किसानों की महीनों की मेहनत और कमाई का मुख्य जरिया पूरी तरह चौपट हो गया है। मुख्य रूप से खेती पर निर्भर इन किसानों के सामने परिवार के भरण-पोषण और आगामी फसल की तैयारी का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की एक टीम गांव में भेजकर प्रभावित खेतों का निष्पक्ष, पारदर्शी व स्थलीय सर्वे भौतिक सत्यापन, कराया जाए। फसल क्षति का सही आंकलन कर पात्र किसानों की सूची तैयार की जाए और शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार उन्हें जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि प्रदान की जाए।

## दहेज के लिए प्रताड़ित करने में पति सहित सात पर केस दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** दहेज के लिए प्रताड़ित कर आग लगाने का प्रयास करने में पति सहित सात लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जनपद कासगंज के पटियाली थाना क्षेत्र के मझोला गांव निवासी आकाश मिश्रा उर्फप्रशांत ने दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन रंजना की शादी 8 जुलाई 2022 को बिल्सडी गांव निवासी धर्मेंद्र चतुर्वेदी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर रंजना को प्रताड़ित करने लगे। उस पर मायके से कार लाने का दबाव बनाया जाता था और विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। 21 अगस्त 2026 की सुबह करीब सात बजे रंजना के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि इसके बाद उस पर पेट्रोल डालकर माचिस से आग लगाने का प्रयास किया गया। रंजना ने शोर मचाकर खुद को कमरे में बंद कर लिया और फोन से भाई को सूचना दी। भाई ने डायल-112 पर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने पति अर्पित, धर्मेंद्र कुमार, मनोज कुमार, शिवानी, नंदनी उर्फ कोमल, सीमा और श्वेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा उनमें रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में अत्यंत उत्साह एवं उमंग के साथ प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपनी अभिव्यक्ति के माध्यम से बताया कि वे अपने सपनों के भारत को किस रूप में देखना चाहते हैं तथा देश के विकास में अपना योगदान किस प्रकार दे सकते हैं। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने सपनों के भारत की कल्पना को रंगों के माध्यम से सुंदर एवं आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकला की अभिभावकों एवं उपस्थित सभी लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। क्विज प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया तथा सामान्य ज्ञान एवं भारत से संबंधित प्रश्नों का उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। प्रधानाचार्या ऐस्टर रोज दयाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारत का भविष्य आज के बच्चों के हाथों में है। विद्यार्थी अपने अथक परिश्रम, अनुशासन, ईमानदारी और सकारात्मक सोच के माध्यम से अपने सपनों के भारत को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने तथा राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति, रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति की भावना को प्रोत्साहन मिला।



प्रतियोगिता में पोस्टर के साथ छात्रायें

## सेवा संकल्प अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता आयोजित



प्रतियोगिता में मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में सेवा संकल्प अभियान के तत्वाधान में विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं विकसित भारत की संकल्पना के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से विकसित भारत /2047 विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत के उज्ज्वल भविष्य की परिकल्पना, राष्ट्र के समग्र विकास तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका पर विचार व्यक्त करने के लिए मंच प्रदान करना रहा। प्रतिभागियों ने अपने भाषणों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रोजगार, महिला सशक्तीकरण, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल प्रगति, ग्रामीण विकास तथा सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक समृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ, सामाजिक न्याय, समान अवसर, स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण तथा नागरिकों में कर्तव्यबोध का विकास भी आवश्यक है। वक्ताओं ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान युवाओं को समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्राचार्य डॉ0 कल्पना सिंह, नोडल अधिकारी डॉ0 प्रियांशु गुप्ता, निर्णायक मंडल में डॉ0 अमित कुमार, डॉ0 वीरेंद्र कुमार रहे। छात्र-छात्राओं में अमित कुमार, अंकिता चौधरी, प्रज्ञा चौधरी, रिया मौर्य, आदित्य कुमार, शिवानी, मोहम्मद अदील, मयंक, आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. रजनी सरीन की स्मृति में दिव्यांग शिविर का शुभारंभ, 190 हुए रजिस्ट्रेशन



बच्चों को ट्राई साइकिल देते राकेश साध व अन्य

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसएन साध ट्रस्ट के सौजन्य से डॉ0 रजनी सरीन की स्मृति में आयोजित निःशुल्क दिव्यांग शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन मातृ शक्ति के रूप में प्रमुख ट्रस्टी राकेश साध की पत्नी मधु साध ने किया। शिविर को लेकर दिव्यांगजनों में भारी उत्साह देखने को मिला और सुबह 9 बजे से पहले ही लाभार्थियों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। विगत शिविरों की तरह इस बार भी कान की समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ0 अनु ने मरीजों का परीक्षण कर उनके लिए कान की मशीन व दवाइयां लिखीं, जो कि ट्रस्ट द्वारा पूरी तरह से निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर की संपूर्ण व्यवस्था को राकेश साध, चमकेश साध, प्रिया साध, रितेश साध, राहुल साध, गुंजा जैन और रोहित गर्ग ने तरीके से संभाला। वहीं, उदय पाल, सुजीत वर्मा, विजय, नितिन, राहुल, प्रभात, नरेश, जगदीश, रॉबिन साध, शेखर साध, अमर साध और जयपुर की पूरी टीम का सहयोग रहा। शिविर में कुल 190 दिव्यांगजनों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इस दौरान उपकरण कान की मशीन 65, छड़ी 35, वैशाखी 30, जूते 30, कृत्रिम पैर 25, कैलिपर 22, ट्राई साइकिल 16, वॉकर 15, व्हीलचेयर 12, कृत्रिम हाथ 08 निशुल्क वितरित किए गए।

# लेखपालों ने किया अतिरिक्त हल्कों का पूर्ण बहिष्कार

▸ पुरानी लंबित मांगों की अनदेखी से है आक्रोशित

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा तहसील-सदर के बैनर तले लेखपालों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ पुरजोर प्रदर्शन किया। अपनी पुरानी और न्यायोचित लंबित मांगों को न माने जाने से नाराज लेखपालों ने प्रांतीय आह्वान पर अतिरिक्त हल्कों क्षेत्रों का पूर्ण बहिष्कार कर दिया है। विरोध स्वरूप सभी लेखपालों ने तहसील परिसर में एकत्र होकर अपने अतिरिक्त प्रभार वाले बस्ते राजस्व निरीक्षक कार्यालय/आरके कार्यालय में जमा करा दिए हैं। जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा, तहसील अध्यक्ष अभय त्रिवेदी और तहसील मंत्री ऋषभ सिंह ने कहा कि संघ लंबे समय से अपनी मांगों की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर रहा है, लेकिन बार-बार केवल आश्वासन ही मिले हैं।



प्रदर्शन के दौरान मौजूद लेखपाल

पदाधिकारियों ने बताया कि सकारात्मक कार्रवाई न होने के विपरीत लेखपालों पर लगातार अतिरिक्त कार्यभार थोपा जा रहा है, जिससे उन पर अत्यधिक मानसिक दबाव बन रहा है। यह चेतावनी दी गई है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक कोई भी लेखपाल साथी अतिरिक्त कार्य नहीं करेगा और सभी केवल अपने मूल हल्के में ही पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करेंगे। तहसील परिसर में बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे और उन्होंने अनुशासन के साथ एकजुटता का परिचय दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा, तहसील अध्यक्ष अभय त्रिवेदी, तहसील मंत्री ऋषभ सिंह के साथ हिमांशु गुप्ता, तरुण दीक्षित, अमित प्रताप, उपस्थित रहे।

## भाषण प्रतियोगिता में राहुल सिंह ने मारी बाजी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को भारतीय महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकसित भारत संकल्पना 2047 विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता भास्कर दत्त द्विवेदी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 15 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और 2047 के विकसित भारत को लेकर अपनी रूपरेखा व विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों की वक्तृत्व कला और विचारों का मूल्यांकन डॉ0 निधीश कुमार सिंह, डॉ0 नीरज कुमार द्विवेदी और डॉ0 मधुप कुमार की निर्णायक समिति द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल के फैसले के अनुसार प्रथम स्थान राहुल सिंह, द्वितीय स्थान उज्जवल दीक्षित, तृतीय स्थान राजन मिश्रा ने प्राप्त किया। प्राचार्य विवेक सिंह और नोडल अधिकारी डॉ0 प्रेम शंकर पाण्डेय ने सभी विजेताओं को बधाई दी। संचालन डॉ0 रमाशंकर एवं डॉ0 धनंजय कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर शिक्षक प्राची गोस्वामी व विजय कुमार के साथ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में अशोक कुमार मिश्र, विवेक शुक्ला, बलराम सिंह, सर्जेश और प्रतिभा उपस्थित रहे।

# छात्राओं को दिया स्वास्थ्य देखभाल के साथ स्वच्छता का संदेश

**पौष्टिक एवं संतुलित आहार के साथ-साथ स्वच्छ एवं शुद्ध वायु की आवश्यकता: डॉ. नवनीत**

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा।

चिकित्सक डॉ. नवनीत गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए पौष्टिक एवं संतुलित आहार के साथ-साथ स्वच्छ एवं शुद्ध वायु की आवश्यकता तथा वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य पर होने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में वताया तथा इससे अस्थमा, त्वचा संबंधी रोग एवं हृदय संबंधी समस्याओं का जोखिम बढ़ने की संभावित खतरे के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं एवं शिक्षिकाओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक हरे पेड़-पौधे लगाने, लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण करने तथा कूड़ा-कचरा और प्लास्टिक आदि न जलाने की अपील की। डॉ0 शोभा सक्सेना ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, किशोरावस्था एवं उम्र बढ़ने के साथ होने वाले शारीरिक परिवर्तनों तथा हार्मोनल बदलावों के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान की। संचालन प्राचार्या रीता दुबे ने किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं भारत विकास परिषद का भी सहयोग रहा।



कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व अन्य

## जेएस इंटर कॉलेज में प्रतियोगिता आयोजित, मेधावी हुए सम्मानित

**नवाबगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के 25 वर्ष पूरे होने तथा उनके 76वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर नवाबगंज के जेएस इंटर कॉलेज में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 800 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट स्तर के 20 बच्चों ने टॉप किया। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, जेएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रदीप यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज तथा सभासद शिवमंगल सिंह व भुवनेश मिश्रा के द्वारा किया गया। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और प्रधानमंत्री के जीवन व सुशासन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और भारी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन बच्चों की तालियों की गड़गड़ाहट और हर्षोल्लास के साथ हुआ।

## खबरें एक नजर में

### बाढ़ पीड़ितों ने शिकायती पत्र देकर लेखपाल पर लगाये आरोप



**बांगरमऊ, उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम चौगवां के मजरा कटरी अकबरपुर सेंग के कुछ बाढ़ पीड़ितों ने बांगरमऊ उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला को शिकायती पत्र देकर क्षेत्रीय लेखपाल पर राहत किट वितरण में लापरवाही बरतने और शेष किट गायब होने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम सभा में बाढ़ पीड़ितों को वितरण के लिए 7 सौ राहत राशन किट भेजी गई थीं। जिनका अधिकांश वितरण कर दिया गया। इसके बावजूद लगभग दो दर्जन बाढ़ पीड़ित किट पाने से वंचित रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि 11 किट शेष बची थी। किट मांगने पर लेखपाल ने बाद में देने की बात कही और शेष किट उच्च प्राथमिक विद्यालय लोकई पुरवा में रखवा दी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में ताला लगाकर लेखपाल चाबी अपने साथ ले गए। जबकि मुख्य गेट की चाबी रसोइया के पास थी। बाद में विद्यालय से राहत सामग्री गायब हो गई। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर वंचित पीड़ितों को राहत किट दिलाने की मांग की है। शिकायती पत्र पर छोटू उर्फसत्य प्रकाश, राजरानी, नन्हे और सुनीता समेत अन्य कई पीड़ितों के हस्ताक्षर हैं।

### घर की छत से नीचे गिरने से महिला घायल

**बांगरमऊ,उन्नाव।** थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के ग्राम कांटागुलजार पुर निवासी रिहान की पत्नी गुलसबी 26 वर्ष आज सुबह लगभग 10 बजे घर की छत से नीचे गिर गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई । महिला के गर्भवती होने के कारण नाजुक हालत देख परिजन उसे इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये । जहां डॉक्टर ने महिला की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जिला सैनिक बन्धु की बैठक 28 को

**उन्नाव।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जनपद-उन्नाव के समस्त सेवारत सैनिकों पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सूचित किया है कि जिलाधिकारी उन्नाव की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धुं की बैठक 28 सितंबर 2026 को अपरान्ह 1 बजे कलेक्ट्रेट उन्नाव के पन्नालाल सभागार में आयोजित की जायेगी। जनपद के समस्त सेवारत पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित अपनी भूमि विवाद पुलिस सुरक्षा व अन्य प्रकार की समस्याओं से सम्बन्धित प्रार्थना-पत्र बैठक में प्राप्त करा दें।

### बन्दर के आतंक से ग्रामीणों में भय

**असोहा, उन्नाव।** कटखने बन्दर के आतंक से घर से निकलने डरने लगे ग्रामीण , खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों से बन्दर पकड़वाने की लगाई गुहार क्षेत्र के कांथा ,पाठकपुर , कन्दरपुर , सरैया , बाबुरहा , चन्दन खेड़ा चौराहा,असोहा , निमैचा , अजयपुर सहित अन्य गांवों में पिछले एक सप्ताह से बन्दरो का आतंक मचा हुआ है , काटने वाले बन्दर लोगो को दौड़ा दौड़ा सहित घरो में घुस कर काट रहे है। आज फिर पाठकपुर गांव में घर मे काम कर रह लाक्ष्मी देवी को तथा दुकान सामान लेने जा रहे बबली को कटखने बन्दर ने काट लिया ,उक्त दोनों को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहाँ इलाज के बाद दोनों घायलों को छुट्टी दे दी गई । बीते पन्द्रह दिनों में छेत्र के दर्जनों गांवों में सुधीर कुमार , गौरव त्रिपाठी ,शंकरी ,छविनाथ ,संतोस तिवारी ,महादीन ,छेदद्द ,प्रकाश रामकुमार , सरोज , कन्हइया सहित दर्जनों लोग कटखने बन्दरो के आतंक का शिकार हुए ग्रामीणों ने बताया कि ये बन्दर जैसे ही किसी को देखते है दौड़ा कर काट लेते है। अब तो हालात ये है कि बन्दरो के डर से लोग घरो से निकलने से डरने लगे है। ग्रामीण राजेश अग्निहोत्री , नीरज त्रिपाठी , आलोक दुबे ,भोलू योगेश आदि ने बीते शनिवार को थाना दिवस में उपजिलाधिकारी को बन्दरो से निजात दिलाये जाने का प्रार्थना पत्र दिया था , आज फिर सतीस अग्निहोत्री ,अनुज कुमार , अंशु अवस्थी , सूरज सहित अन्य ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी को बन्दरो ।से निजात दिलाये जाने का प्रार्थना पत्र दिया है।

# जिलाधिकारी ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज,उन्नाव।**

जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में हो रही अघोषित विद्युत कटौती एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के संबंध में विद्युत विभाग व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, बार-बार हो रही ट्रिपिंग, लोकल फॉल्ट, खराब ट्रांसफार्मरों तथा उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की। विद्युत सम्बन्धी समस्याओं में लापरवाही के चलते जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त कर कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि अघोषित विद्युत कटौती पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जाए तथा उपभोक्ताओं को निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत आपूर्ति में व्यवधान होने पर संबंधित अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। खराब ट्रांसफार्मरों एवं जर्जर विद्युत लाइनों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराया जाए। बार-बार फॉल्ट वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी क्षेत्र में आवश्यक अनुरक्षण कार्य के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित की जानी है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक घायल

**बांगरमऊ, उन्नाव।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ट्रक की बाइक में टक्कर से बाइक सवार 50 वर्षीय शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए । उन्हें यूपीडा की एम्बुलेंस द्वारा लाकर इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत देख हायर सेंटर रेफर कर दिया वहीं अन्य दुर्घटनाओं में एक वृद्ध महिला सहित चार घायलों को भी इलाज के लिए भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम केशरी पुरवा निवासी सुधीर कुमार 50 वर्ष पुत्र रामकृष्ण बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम रबड़ी में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधान शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वह इन दिनों राजाजी पुरम थाना पारा में रहते हैं स वह आज सुबह घर से बाइक से स्कूल के लिए निकले थे स तभी थाना बेहटा मुजावर अन्तर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे स्थित किलोमीटर 246 के निकट तेज रफ्तार ट्रक की बाइक में टक्कर लगने से वह बाइक सहित सड़क पर गिर गए।

# प्रा.शि संघ के अध्यक्ष बने कुलदीप, मंत्री नवीन सिंह

**समृद्धि न्यूज, खागा फतेहपुर।**

ऐरायां ब्लॉक परिसर पर संपन्न हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई ऐरांया के चुनाव में अध्यक्ष कुलदीप कुमार कुलभूषण तथा नवीन सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। 386 शिक्षकों के बीच निर्विरोध चुने गए। सभी शिक्षकों ने निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष व मंत्री को माला पहनाकर स्वागत किया। चुनाव पर्यवेक्षक के अनुराग मिश्रा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि ऐरांया ब्लॉक परिसर मे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई ऐरायां का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष कुलदीप कुमार कुलभूषण तथा नवीन सिंह चौहान को निर्विरोध चुना गया। चुनाव के पहले संरक्षक फूल सिंह कछवाह, पर्यवेक्षक अनुराग मिश्रा अध्यक्ष असोथर एवं विजय सिंह अध्यक्ष भिटौरा ने नामांकन की प्रक्रिया शुरू की। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए कुलदीप कुमार कुलभूषण एवं मंत्री पद के लिए नवीन सिंह चौहान ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर जूनियर संघ मंडल कोषाध्यक्ष कृष्ण वीर सिंह, ब्लॉक मंत्री अजय सिंह, एआरपी संघ जिला मंत्री आशीष कुमार, उमेश मौर्य, विनोद, सूर्यभान, जमशेद, धीरेंद्र कुमार, अरविंद सिंह, विनोद पासवान, रमेश सिंह, विजय रत्ना, शिवानी तिवारी, शिवम मिश्रा, अंशुल श्रीवास्तव, धनंजय सिंह, राजकुमार मौर्य, सुशील कुमार मौर्य, रूपाली गुप्ता, रफी अहमद, अंसार मोहम्मद, अंकित सिंह, अवधेश यादव, राजेंद्र सिंह, जावेद अली, सौरभ सचान, आशीष श्रीवास्तव, गौरव सिंह भदौरिया, सत्येंद्र सिंह, यादव, अमन यादव, सुबोध कुमार, लालचंद्र पाल, ओम प्रकाश पाल, आशीष अग्रहरी, सुंदरलाल, राहुल सिंह, राजेश कुमार मौर्य सहित तीन सैकड़ा से ज्यादा शिक्षक उपस्थित रहे।



# भाकियू महात्मा टिकैत का प्रथम स्थापना दिवस 29 को

▸ गाजे-बाजे के साथ नहर कालोनी के लिए रवाना होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**

भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) का प्रथम स्थापना दिवस 29 सितंबर को जिला मुख्यालय स्थित नहर कालोनी परिसर में आयोजित किया जाएगा।

इस विशेष अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तालान मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। यह आयोजन जिलाध्यक्ष मधुसूदन तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह मंडासरांया तथा महिला जिलाध्यक्ष रिंकी जायसवाल के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न होगा,जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव व प्रदेश प्रभारी रामदत्त मिश्रा करेंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश महासचिव व प्रदेश प्रभारी रामदत्त मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तालान का आगमन 29 सितंबर को लखनऊ से होकर फतेहपुर होगा। उनके आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए संगठन के कार्यकर्ताओं ने व्यापक तैयारियां की हैं।



जिले की सीमा पर स्थित असनी पुल पर युवा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता उनका भव्य स्वागत करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला गाजे-बाजे के साथ नहर कालोनी के लिए रवाना होगा। असनी पुल से लेकर नहर कालोनी तक के मार्ग में जगह-जगह संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया जाएगा।

स्थापना दिवस समारोह में जिले भर से हजारों किसानों और कार्यकर्ताओं के जुटने की संभावना है। नहर कालोनी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की एक वर्ष की उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी और किसानों के हितों एवं उनकी समस्याओं को लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। किसान नेताओं ने जिले के अधिक से अधिक किसानों से इस कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी एकजुटता दिखाने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।


## जमीन पर कब्जे का आरोप, खागा एसडीएम से की शिकायत

**प्रेमनगर, फतेहपुर।** ग्राम पंचायत बहेरा सादात निवासी जैनब पुत्री मुजीब ने ग्राम प्रधान और हल्का लेखपाल पर मिलीभगत कर उनकी वर्षों पुरानी सहन की जमीन पर दूसरे व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़िता ने उप जिलाधिकारी खागा को शिकायती पत्र देकर जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, जैनब का कहना है कि संबंधित जमीन पर उनके परिवार का 50 वर्षों से अधिक समय से कब्जा चला आ रहा है और उक्त भूमि का इस्तेमाल सहन के रूप में किया जाता रहा है। आरोप है कि हाल के दिनों में ग्राम प्रधान और हल्का लेखपाल की कथित मिलीभगत से एक अन्य व्यक्ति द्वारा उक्त जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया। पीड़िता ने इस संबंध में अधिकारियों से हस्तक्षेप कर भूमि की जांच कराने तथा कथित अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि संबंधित हल्का लेखपाल के खिलाफपूर्व में भी कई बार शिकायतें अधिकारियों को दी जा चुकी हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद अभी तक मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी है। इससे पीड़िता और उसके परिवार में नाराजगी है। जैनब ने जिलाधिकारी फतेहपुर और उप जिलाधिकारी खागा से पूरे मामले का संज्ञान लेकर राजस्व अभिलेखों, मौके की स्थिति और लंबे समय से चले आ रहे कब्जे की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने संबंधित लेखपाल की भूमिका की भी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है। अब देखना यह है कि राजस्व विभाग द्वारा शिकायत की जांच किस स्तर पर की जाती है और जांच के बाद क्या तथ्य सामने आते हैं। पीड़िता को उम्मीद है कि प्रशासन मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उसे न्याय दिलाएगा।

# दिनदहाड़े व्यापारी की गला काटकर हुई हत्या


**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

धड़ बीच सड़क पर पड़ा था, लेकिन सिर गायब था। काफी देर तलाशने के बाद धड़ से 12 फीट की दूरी पर पानी के गड्ढे में सिर पड़ा मिला। धड़ के बगल में उनकी साइकिल और अंगौछा पड़ा था। मंगलवार सुबह 8 बजे व्यापारी घर से निकले थे। 1 घंटे बाद उनकी लाश मिली। राहगीर ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने शव की पहचान राज किशोर पटवा (45) के रूप में की। इसके बाद उनके घरवालों को सूचना दी गई। वारदात की सूचना पर पति-3 बेटियां रोते-बिलखते पहुंचीं। लाश देखकर बदहवास होकर सड़क पर बैठ गईं और फूट-फूटकर रोईं। पुलिसवालों ने किसी तरह उन्हें संभाला। वारदात की सूचना पर डीसीपी एसएम कासिम अबीदी और एसीपी अंकित कुमार भी मौके पर पहुंचे।



फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। घटना जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर खुर्द खोजनापुर मोड़ के पास हुई। राज किशोर पटवा मूलरूप से देहवा गांव के रहने वाले थे। अभी बिल्हौर कस्बे के बैष्णव नगर मोहल्ले में परिवार के साथ रहते थे। परिवार में पत्नी मधु और तीन बेटियां शुभी, अंशी और नैन्सी हैं। पत्नी मधु ने बताया- राज किशोर महिलाओं के श्रृंगार से जुड़ी चीजों का कारोबार करते थे। मंगलवार सुबह 8 बजे वह साइकिल से देहवा गांव जाने की बात कहकर घर से निकले थे। सुबह 9 बजे हमें सूचना मिली कि बिल्हौर-मकनपुर रोड पर खुर्द खोजानापुर मोड़ के पास सिर कटा शव पड़ा है। इसका पता चलते ही हम लोग दौड़ते हुए पहुंचे। देखा तो पति की लाश सड़क पर पड़ी थी। मर्डर की सूचना पर बिल्हौर थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन चलाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद शव से 10-12 फीट दूर गड्ढे में भरे पानी में कटा हुआ सिर पड़ा मिला। मृतक के शरीर और चेहरे पर कोई और चोट का निशान नहीं मिला। ऐसे में पुलिस को शक है कि धारदार हथियार से सिर काटने के बाद हत्यारे मौके से भाग निकले।

## स्वस्थ कल के लिए आयुर्वेद थीम पर 23 सितंबर को मनेगा आयुर्वेद दिवस



**कानपुर नगर, समृद्धि न्यूज।** आगामी 23 सितंबर को आयोजित होने वाले आयुर्वेद दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस का विषय 'स्वस्थ कल के लिए आयुर्वेद' रखा गया है।जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद दिवस का आयोजन शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर ढंग से किया जाए। कार्यक्रम ऐसा हो, जिससे आमजन आयुर्वेद की विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के साथ ही हमारी पारंपरिक ज्ञान परंपरा से भी परिचित हो सकें। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में पंचकर्म, ध्यान-साधना, स्वर्णप्राशन, डायबिटीज प्रबंधन, कर्णवेधन सहित आयुर्वेद की विभिन्न पद्धतियों का प्रदर्शन एवं उनके संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन ज्ञान परंपरा का अभिन्न अंग है। इसे आधुनिक जीवनशैली और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं से जोड़ते हुए आमजन तक पहुंचाया जाए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे. जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरिदत्त नेमी, क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. कप्तान सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने छात्राओं को सिखाये साइबर सुरक्षा के गुर

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने मंगलवार को थाना कर्नलगंज क्षेत्र के चुन्नीगंज स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) में कक्षा नौवीं से 12वीं तक की छात्राओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को कानून का सम्मान करने और किसी भी समस्या में पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। पुलिस आयुक्त ने छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, अपराध रजिस्टर और पुलिस के शस्त्रों के संबंध में जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली और महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता के बारे में भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम में छात्राओं को साइबर सुरक्षा और नई पीढ़ी से जुड़ी चुनौतियों के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव, ऑनलाइन प्राइवेसी, रील बनाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के उपाय बताए गए। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से कहा कि किसी भी समस्या अथवा आपात स्थिति में वे बिना संकोच पुलिस की सहायता लें और उपलब्ध हेल्पलाइन व सहायता तंत्र का प्रभावी उपयोग करें। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज सुश्री अंजना दहिया और प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज भी मौजूद रहे।



# सीडीओ की अध्यक्षता में जिला व्यापार बन्धु की बैठक संपन्न

▸ व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझावों के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया

**समृद्धि न्यूज़, अयोध्या।**



मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। व्यापार संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को रखा गया, जिस पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया गया। इस दौरान विजय गुप्ता द्वारा सदर तहसील के सामने स्थित तिकोनिया पार्क के सौंदर्यीकरण का प्रकरण उठाया गया। इस पर सचिव विकास प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। साथ ही मूर्ति अनावरण से पूर्व उसके ऊपर छतरी का निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया गया। व्यापार संगठन के प्रतिनिधियों ने प्राधिकरण द्वारा दिए गए आश्वासन की सराहना किया। प्रेमनाथ राय द्वारा सामान्य जलापूर्ति से संबंधित प्रकरण उठाया गया। जलापूर्ति तत्परता से बहाल किए जाने पर श्री राय ने संबंधित अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। नाका से चौक तक निर्माणाधीन सीसी रोड के कार्य में शिथिलता के प्रकरण पर मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं फतेहगंज से कसाबबाड़ा रोड पर नाले के ऊपर लगा पत्थर टूटने से दुर्घटना की आशंका के संबंध में नगर निगम को तत्काल स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राप्त प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही गतिमान परियोजनाओं के क्रियान्वयन में सुरक्षा मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराया जाए।

इस अवसर पर विकास अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, उपायुक्त (प्रशासन)/संयोजक जिला व्यापार बन्धु, राज्य कर विभाग सहित विभिन्न राजकीय विभागों के अधिकारी तथा व्यापार संगठन के प्रतिनिधि विजय गुप्ता, मो. उमर, पंकज गुप्ता, अश्विनी कुमार तिवारी, मनोज जायसवाल, नीरज जायसवाल, रमेश चौरसिया, पुनीत केसारवानी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अयोध्या के 14 कोसी परिक्रमा पर अतिक्रमण हटाने को लेकर विवाद बढ़ा

**समृद्धि न्यूज़, अयोध्या।**

▸ विधायक ने डीएम से की शिकायत तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित

अयोध्या के 14 कोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण को लेकर विवाद बढ़ गया है। जनौरा के नाका स्थित 11 घरों को जिला प्रशासन ने बुलडोजर से गिरा दिया। कार्रवाई के बाद अब भाजपा महिला मोर्चा भी पीड़ित परिवारों के समर्थन में उतर आई है। मौके पर पहुंचीं महिला मोर्चाअशोका द्विवेदी, बूथ अध्यक्ष अनीता शर्मा और मंडल उपाध्यक्ष पूजा रावत ने कार्रवाई पर नाराजगी जताई। महिला मोर्चा नेताओं ने सवाल उठाया कि जब सड़क का मध्य बिंदु तय कर दोनों तरफ से चौड़ीकरण की बात थी, तो एक तरफ ही मकानों पर कार्रवाई क्यों की गई। पीड़ित परिवार सेसदर विधायक ने मिलकर न्याय का भरोसा दिलाया। ध्वस्तीकरण को लेकर विधायक ने डीएम से शिकायत किया। प्रभावित परिवारों ने कार्रवाई को लेकर अपनी आपत्तियां जिलाधिकारी के सामने रखीं और निष्पक्ष जांच की मांग किया। जिस पर तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच का भरोसा दिया। परिवारों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए सड़क के मध्य बिंदु से दोनों ओर समान रूप से भूमि लिए जाने की व्यवस्था होनी चाहिए। आरोप है कि कार्रवाई में एक ओर स्थित मकानों को अधिक निशाना बनाया गया। परिवारों ने कहा कि चौड़ीकरण की प्रक्रिया में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने भी जिलाधिकारी के समक्ष मामले को उठाते हुए कहा कि जिन मानकों के आधार पर चौड़ीकरण की कार्रवाई होनी थी, उनके विपरीत कुछ मकानों को गिराया गया है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। विधायक ने कहा कि यदि जांच में अधिकारियों की ओर से नियमों की अनदेखी सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। विधायक ने प्रभावित परिवारों की स्थिति को देखते हुए प्रशासन से मामले में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने की बात भी कही। बेघर हुए परिवारों के अस्थाई आवास की व्यवस्था करने को कहा।

## खबरें एक नजर में

### एयरपोर्ट में जमीन जाने वाले किसानों ने की पीएम शहरी आवास की मांग

**अयोध्या।** महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट के लिए जमीन जाने से बेघर हुए किसानों ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए जिलाधिकारी अयोध्या को प्रार्थना पत्र सौंपा है। धरमपुर के किसानों का कहना है कि एयरपोर्ट निर्माण के लिए उनकी जमीन ली गई थी। तत्कालीन जिलाधिकारी के निर्देश पर कुछ किसानों को पीएम शहरी आवास का लाभ दिया गया, लेकिन कई पात्र किसान आज भी वंचित हैं। किसानों ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा पात्रों की सूची तहसील सदर से एसडीएम कार्यालय को भेज दी गई है, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों का आरोप है कि तहसील प्रशासन द्वारा सूची को दबाकर रखा गया है और सही जवाब नहीं दिया जा रहा है। जमीन लेते समय किए गए वादों से अब प्रशासन मुकर रहा है। इस मामले को जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए जांच का आदेश दिया हैं और पात्र वंचित किसानों को जल्द पीएम आवास का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया है।

### छावनी क्षेत्र में तेंदुए की लगातार मौजूदगी से दहशत

**अयोध्या।** कोबरा आर्मी प्री स्कूल के पीछे जंगल में कई बार तेंदुवा दिखाई दिया। तेंदुए की गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग ने ट्रैप कैमरे की लोकेशन बदलकर निगरानी करते हुए पदचिह्नों के सहारे तेंदुए के मूवमेंट पर टीमें नजर रख रहें हैं। तेंदुए को पकड़ने के लिए जंगल में पिंजड़ा लगाया गया।गुप्तारघाट निर्मली कुंड से सरयू निवास तक तेंदुए की आवाजाही मानी जा रही है। वन विभाग का कहना है कि तीन से चार छोटे जंगलों को पार कर उत्तर दिशा में बढ़ रहा तेंदुआ। शाम 6 से रात 8ः30 बजे के बीच करीब 2 किलोमीटर के दायरे में तेंदुआ दिखायी दिया है छावनी क्षेत्र में वन विभाग की दो टीमें लगातार निगरानी में जुटीं, लोगों को शाम के समय अकेले बाहर न निकलने की सलाह दिया है।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर 506 वाहनों का चालान, 78 सीज

**महाराजगंज।** जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने पर 506 वाहनों का चालान किया गया तथा 78 वाहनों को सीज किया गया। वही शांति भंग की आशंका के मद्देनजर भविष्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं उपद्रव की रोकथाम हेतु जनपद के विभिन्न थानों से 65 व्यक्तियों को धारा 170 बी एन एस एस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया गया।और अबकारी अधिनियम के तहत जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत कुल 3 अभियोगों में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से कुल 15 लीटर कच्ची शराब एवं 45 शीशी देशी शराब बरामद की गई।

### राष्ट्रीय पोषण अभियान अंतर्गत अब तक 65652 एक्टिविटी अपलोड

**महाराजगंज।** 9 वे राष्ट्रीय पोषण माह अभियान अंतर्गत दिवस वार आयोजित होने वाले गतिविधियों के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों पर अन्नप्राशन, गोद भराई आदि निर्धारित कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं।इस क्रम में प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ती को प्रतिदिन पांच एक्टिविटी का फोटो पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। 9 सितंबर 2026 से चल रहे राष्ट्रीय पोषण माह अभियान अंतर्गत अब तक जनपद में 65652 गतिविधियां अपलोड होने के स्थिति के चलते जनपद प्रदेश में 13 वे स्थान पर है। जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा के अनुसार 8 अक्टूबर 2026 तक राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत गतिविधियां आयोजित की जानी है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री भारत सरकार के विजन, सुपोषित भारत, कुपोषण मुक्त भारत पर आधारित है।केंद्र सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में इस वर्ष के राष्ट्रीय पोषण माह की अवधारणा हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। जिसका उद्देश्य पोषण, देखभाल एवं बाल विकास हेतु सामुदायिक नेतृत्व वाली कार्रवाई के केंद्र में आंगनबाड़ी केंद्रों का भागीदारी तथा जिम्मेदारियो का उचित निर्वहन है। इसके तहत पोषण माह की मुख्य थीम आहार विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन, आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताजा पका भोजन, सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाब देही,बाल विकास हेतु पोषण एवं प्रारंभिक उद्दीपन तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का सफल क्रियान्वयन है। डीपीओ श्रीमती वर्मा के अनुसार नवे राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए लगातार मॉनिटरिंग एवं समीक्षा की जा रही है। अभियान आगामी 8 अक्टूबर 2026 तक चलेगा।

### पं. भवन व गांधी चबूतरा की जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**कुशीनगर।** तहसील पडरौना के ग्राम सभा सिरसेरिया कला, टोला सुखारी छपरा में सार्वजनिक संपत्ति पर अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। ग्रामीण ने तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थी सुशील कुशवाहा पुत्र काशीनाथ कुशवाहा निवासी टोला सुखारी छपरा, टप्पा वेलसरा, तहसील पडरौना ने दिनांक 22/09/2026 को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मौजा सुखारी छपरा टप्पा वेलसरा, तहसील पडरौना में स्थित गांधी चबूतरा खाता संख्या 00172, गाटा संख्या 94 रकबा 0.0080 हे. तथा पंचायत भवन खाता संख्या 00175, गाटा संख्या 95 रकबा 0.0280 हे. भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है। प्रार्थी का कहना है कि उक्त दोनों भूमि ग्राम सभा की सार्वजनिक संपत्ति हैं, जिनका उपयोग ग्रामवासियों के सार्वजनिक एवं सामुदायिक कार्यों के लिए होना चाहिए। अतिक्रमण के कारण पंचायत भवन एवं गांधी चबूतरे के सार्वजनिक उपयोग में बाधा उत्पन्न हो रही है तथा ग्राम सभा की संपत्ति प्रभावित हो रही है। प्रार्थी ने राजस्व अधिकारियों से मौके पर स्थलीय जांच कराकर पंचायत भवन और गांधी चबूतरा की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार ने लेखपाल को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं।

# सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचानाः जय मंगल

▸ सदर विधायक ने किया विभागों के स्टालों का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को घुघली विकास खंड सभागार में सेवा सेतु कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराकर पात्र लाभार्थियों को उनका सीधा लाभ दिलाना रहा।कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले सदर विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी लेने के साथ पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। विकास, कृषि, पंचायत, मनरेगा, सहकारिता समेत विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सेवा सेतु जैसे कार्यक्रम सरकार और जनता के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी मिलने से ग्रामीणों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। विधायक के साथ प्रमुख प्रतिनिधि ओम प्रकाश जायसवाल, चेयरमैन संतोष जायसवाल, मंडल अध्यक्ष हेमंत गुप्ता, प्रधान संघ घुघली के संरक्षक प्रधान सिद्धू सिंह, खंड विकास अधिकारी राहुल सागर तथा मंडल उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने भी विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में प्रधान रवि पांडेय, संजय जायसवाल, आदित्य अग्रहरी, प्रधान श्रीकांत कन्नौजिया, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता, सभासद गुड्डू सिंह, राधेश्याम गुप्ता, मान सिंह, एडीओ पंचायत विनय पांडेय, सहकारी निरीक्षक कमलेश कुमार शाही, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा अजीत पांडेय, वरिष्ठ सहायक बल्केश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# वाहन चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तार, 2 बाइक बरामद




**अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में उनि राममूर्ति कनौजिया प्रभारी चौकी देवकाली मय हमराह के साथ उनि रोहित कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी फतेहगंज, आदर्श विक्रम सिंह चौकी प्रभारी साहबगंज, संजय कुमार यादव चौकी प्रभारी नवीनमण्डी, हेका राजेश कुमार सिंह, कृष्ण कुमार, कां. अवनीश कुमार, संजय कुमार यादव, प्रसून सिंह मेहता के साथ गस्त के दौरान देवकाली बाईपास के निकट सर्विस रोड पर मनोज कुमार निषाद, रवि दुबे पुत्र शिव पूजन दुबे, आशुतोष उर्फ बब्बू निवासी गण थाना महराजगंज को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही किया जा रहा है ।

# जिलाधिकारी ने 8 कॉन्ट्रेक्टरों को ब्लैकलिस्ट करने के दिए निर्देश

▸ नगर सृजन योजना के कार्यों का जिलास्तरीय अधिकारी करेंगे सत्यापित

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने जनपद के नगर निकायों में संचालित विकास कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की निकायवार समीक्षा की। जनपद में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, कार्यों की वास्तविक प्रगति की जानकारी तथा मौके पर आ रही समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा निकायों पर जाकर समीक्षा करने की पहल शुरू की गई है। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और निर्धारित समयसीमा के अनुपालन को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्यों में विलंब के मामलों पर जिलाधिकारी ने संबंधित कॉन्ट्रेक्टरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। सोनौली में सीवरेज जल निकासी योजना में विलंब को लेकर मेसर्स अहद एवं मेसर्स हरिनंदन, पं. दीनदयाल नगर विकास योजना में मेसर्स आशुतोष दूबे, नगर पंचायत आनंदनगर में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के विलंबित कार्यों के संबंध में मेसर्स जगदंबा एवं मेसर्स मां शारदा तथा चौक में वंदन योजना में विलंब को लेकर मेसर्स रामनिवास सिंह एवं मेसर्स धर्मेंद्र सिंह को ब्लैकलिस्ट करने हेतु निर्देशित किया गया। इस प्रकार कुल 8 कॉन्ट्रेक्टरों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। डी एम ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयसीमा के अनुपालन में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। संबंधित अधिकारी कार्यों की नियमित निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि स्वीकृत मानकों के अनुरूप कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण हों। उन्होंने महराजगंज, सिसवा एवं चौक में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों का जिलास्तरीय अधिकारियों की टीम गठित कर स्थलीय सत्यापन कराने के निर्देश दिए। साथ ही योजना के स्वीकृत कार्यों की डीपीआर अभी तक प्रेषित न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी संबंधित निकायों को शुक्रवार तक डीपीआर प्रेषित करने का कड़ा निर्देश दिया। विद्यालयों में कराए जा रहे कार्यों का भी जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से स्थलीय सत्यापन कराने को कहा, ताकि कार्यों की गुणवत्ता एवं वास्तविक प्रगति सुनिश्चित हो सके।प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में कम जियो टैगिंग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अभियान चलाकर एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत जियो टैगिंग पूर्ण कराने के निर्देश दिए।साथ ही पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा में उन्होंने ऋण आवेदन एवं ऋण वितरण की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेहड़ी-पटरी एवं छोटे व्यवसायियों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए यह महत्वपूर्ण योजना है। पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ते हुए लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराया जाए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निकायों में संचालित सभी विकास कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए उन्हें समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा डॉ प्रशांत कुमार, सभी ईओ, पीओ डूडा सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

## बाल श्रम के विरुद्ध अभियान में दो बाल श्रमिकों को कराया गया अवमुक्त

कुशीनगर। बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन अभियान के अंतर्गत श्रम विभाग, पुलिस विभाग एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुबेरस्थान स्थित एक दुकान का निरीक्षण किया गया, जहां कार्यरत पाए गए दो बाल श्रमिकों को अवमुक्त कराया गया।

अवमुक्त कराए गए दोनों बाल श्रमिकों को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत बाल कल्याण समिति, कुशीनगर को सुपुर्द किया गया। अवमुक्त बाल श्रमिकों के शैक्षिक एवं आर्थिक पुनर्वासन की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही संबंधित

▸ बाल कल्याण समिति को किया गया सुपुर्द

सेवायोजक को अधिनियम के अंतर्गत नोटिस जारी करते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है। श्रम विभाग ने जनसामान्य से अपील की है कि बच्चों से किसी भी प्रकार का कार्य न कराया जाए। बाल श्रम कराना अपराध है तथा शिक्षा एवं सुरक्षित बचपन प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। बाल श्रम कराते हुए पकड़े जाने पर संबंधित सेवायोजक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार 06 माह से 02 वर्ष तक के कारावास तथा 20,000 से 50,000 तक के जुर्माने का प्रावधान है। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय, थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस टीम से मुकेश यादव एवं निकिता मिश्रा तथा चाइल्ड हेल्पलाइन से मानस एवं पंकज सहित संबंधित कार्मिक शामिल रहे।

## चिकित्सा शिविर में वितरित की गईं दवाएं



**करीमुद्दीनपुर/गाजीपुर।** क्षेत्र के पहाड़ीपुर गांव में श्री रामजी सेवा ट्रस्ट की ओर से एकदिवसीय चिकित्सा शिविर एवं वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री यज्ञ एवं हवन से हुई। शिविर में पहुंचे लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही बीपी और शुगर की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार दवाएं वितरित की गईं। शिविर में एनीमिया, गैस, एसिडिटी, मौसमी बुखार, आंखों में मोतियाबिंद तथा दांतों से संबंधित रोगों से पीड़ित लोग पहुंचे। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें दवाएं उपलब्ध कराने के साथ ही उचित स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया।

# एनएचएम संविदा कर्मियों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन सीएमओ को सौंपा

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



उ.प्र. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ (रजि.) जनपद शाखा कुशीनगर के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में संविदा कर्मियों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में एनएचएम के लगभग एक लाख संविदा कर्मचारी पिछले 15 से 18 वर्षों से स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ बनकर सेवा दे रहे हैं। कोविड काल में भी हमने जान की परवाह किये बिना सेवा की है। हमारी मुख्य मांग नियमितीकरण की है। जब तक नियमितीकरण नहीं होता है तब तक समान कार्य का समान वेतन दिया जाए। छत्तीसगढ़, हरियाणा व महाराष्ट्र में 10 वर्ष सेवा वाले एनएचएम कर्मचारियों का नियमितीकरण प्रक्रिया में है, तो उत्तर प्रदेश में क्यों नहीं? सरकार को हमारी वर्षों की सेवा का सम्मान करना चाहिए। विनियमितिकरण और समान वेतन होने तक सरकार हमारी 6 सूत्रीय तात्कालिक मांगें पूरी करे। हम संक्रमित मरीजों के बीच काम करते हैं, हमें व हमारे परिवार को कम से कम 10 लाख का कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस, महंगाई भत्ता डीए, ईपीएफ और एचआरए का लाभ दिया जाय। रिक्त पदों पर गैर जनपद ट्रांसफर नीति बहाल की जाय। अनुकम्पा नियुक्ति की नीति बनाई जाय। आउटसोर्स व कोविड कर्मचारियों को जिला स्वास्थ्य समिति में समायोजित किया जाय और नियमित भर्तियों में एनएचएम कर्मचारियों को 25प्रतिशत आरक्षण दिया जाय। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष गोरखपुर चंद्रशेखर यादव लड्डू एवं वेद प्रकाश तिवारी, जिला महामंत्री राजू यादव ने संयुक्त रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि यह अंतिम चेतावनी है। संगठन ज्ञापन के बाद 24 सितम्बर से 15 दिन तक सरकार की सकारात्मक कार्यवाही का इंतजार करेगा। यदि आगामी 3 अक्टूबर तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं आता है तो 5, 6, 7 अक्टूबर को काला फीता बांधकर विरोध और 8, 9, 10 अक्टूबर को जिला मुख्यालयों पर कार्य बहिष्कार किया जायेगा। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हुई तो आगामी 12 अक्टूबर से एन एच एम कर्मचारी संघ एवं 18 अन्य संवर्गों के समर्थन में प्रदेश के हजारों कर्मचारी लखनऊ में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर डॉ. मधुसूदन मिश्रा, डॉ. वेदप्रकाश मुस्ताक अहमद, वीरेन्द्र शर्मा, रामाशीष यादव, निशांत मिश्रा, कमल पाण्डेय, खुर्शीद आलम, प्रियंका, सीमा मौर्या, कात्यायनी चतुर्वेदी तथा जनपद के जिला अस्पताल एवं सभी ब्लॉकों के सैकड़ों संविदा व आउटसोर्स कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एप के माध्यम से सपा बनायेगी प्रत्येक विस में 27 हजार सदस्य



**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष अशोक यादव जी के अध्यक्षता में चुनार, सदर, मझवां, मड़िहान छानबे के विधानसभा पदाधिकारियों व जिला पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पीडीए स्वाभिमान एप के माध्यम से सदस्यता अभियान, पीडीए जनपंचायत जनसंवाद के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, जोन, सेक्टर एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, एसआईआर 6, 7, 8 का फार्म की रिपोर्ट, स्नातक एवं शिक्षक एमएलसी के चुनाव की घोषणा हो गई है लोगो के बीच जाकर अपने प्रत्याशी के लिए सम्पर्क करने पर जोर दिया जाय, सेक्टर स्तर पर दिये गये स्नातक एमएलसी के मतदाता सूची मे मोबाइल नम्बर एकत्र करने, विधानसभावार पीडीए कार्यक्रम कराये जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर पर धार देने की आवश्यकता है। कहा कि एप के माध्यम से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 27 हजार लोगो को जोड़ने का लक्ष्य समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दिया है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 वर्षो से विकास का कोई कार्य नही किया है। भाजपा के झूठ व फरेब से सावधान रहना है। भाजपा नफरत की राजनीति करती है। नौकरी व रोजगार के झूठे वादे करती है। कहा कि 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। जनता समाजवादी पार्टी के पक्ष में है। सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रहकर लोगो के साथ सम्मानजनक भाषा और व्यवहार का परिचय देना है। अन्याय व अत्याचार से जनता त्रस्त है। जनता को समाजवादी पार्टी से उम्मीद है कार्यकर्ता जनता के बीच रहे लोगो को न्याय दिलाने का काम करें। उन्होने लगे हाथ स्नातक एम0एल0सी0 चुनाव की घोषणा हो गई है हमें लोगो के बीच जाकर मतदाताओं से सम्पर्क करना पड़ेगा तभी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित होगी और कहा कि पीडीए कार्यक्रम प्रत्येक विधानसभा में चलेगा जिसकी आपलोगो की तैयारी करनी पड़ेगी। मिर्जापुर में पांचो विधानसभा सीटे समाजवादी पार्टी जीतने जा रही है।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत निकली स्वच्छता रैली

**हलिया (मिर्जापुर)।** विकासखंड के भटवारी गांव में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसमें गांव के पंचायत भवन से प्राथमिक विद्यालय, भटवारी पुल, हलिया में बीडीओ विमल प्रकाश पाण्डेय व ग्राम प्रधान राजेश मौर्य के साथ बैनर पोस्टर लेकर जागरूक ग्रामीणों के नेतृत्व में रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया।रैली के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। लोगों से अपने घरों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई रखने, कचरा इधर-उधर न फेंकने और गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की अपील की गई।बीडीओ ने कहा कि स्वच्छ गांव से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। सभी लोग इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करें।

# सेवा संकल्प अभियान प्रदर्शनी में दिखी विकास व जनकल्याण की तस्वीर

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**



मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद संगीता बलवंत, मा. जिला पंचायत (प्रशासक) सपना सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा ओम प्रकाश राय, द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों की निरंतर सेवा काल के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान-जन सेवा से देश सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत रायफल परिसर में सूचना विभाग द्वारा लगाई गई योजनाओं, परियोजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। मुख्य अतिथि जी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान-जन सेवा से देश सेवा के तहत आयोजित इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के निरंतर सेवा काल में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में रोजगार, आवास, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, कृषि, कौशल विकास, स्वरोजगार, एमएसएमई, पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों और संचालित योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। इसका उद्देश्य सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना और पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जनसेवा की भावना को और मजबूत करते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन करें और सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त करें। प्रदर्शनी में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शौचालयों का निर्माण, निःशुल्क इलाज, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, डीबीटी के माध्यम से अनुदान भुगतान तथा कौशल, रोजगार एवं स्वरोजगार से संबंधित उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद, उन जिला विकास अधिकारी राजन राय, सूचना अधिकारी शशि सिंह, जनपदस्तरीय अधिकारीगण, सूचना विभाग के कर्मचारीगण व अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।